दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :288
प्रतापगढ़ | गुरूवार, 22 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

यूपी में भारत बंद का रहा असर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले को लेकर यूपी के अलग-अलग जिलों में सपा, बसपा, कांग्रेस और भीम आर्मी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। अंबेडकरनगर में युवाओं ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। बलरामपुर में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और नारेबाजी की। वहीं, झांसी में प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कानून व्यवस्था को लेकर यूपी डीजीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम से खुद तैयारियों को परखा और बंद की आड़ में हिंसा करने की साजिश करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। डीजीपी ने बताया कि बंद को शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस मुस्तैद हैं। फिलहाल पूरे प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है और संगठनों के ज्ञापन अधिकारियों द्वारा लिए जा रहे हैं।

डीजीपी मुख्यालय द्वारा जिलों को आठ कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बल मुहैया कराया गया है। जिलों में भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। जो भी उपद्रवी तत्व गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सपा-बसपा और भीम आर्मी के कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर, हाईवे जाम, निकाला जुलूस

बांदा नेशनल हाईवे जाम कर दिया

अंबेडकरनगर में युवाओं ने बुधवार सुबह नेशनल हाईवे जाम कर दिया। आरक्षण में क्रीमी लेयर तय करने के फैसले पर प्रतिक्रिया के स्वरूप बड़ी तादाद में पहितीपुर बाजार के निकट युवक एकत्र हुए और टांडा से बांदा नेशनल हाईवे जाम कर दिया। इससे बड़ी तादाद में वाहन वहां फंस गए। इसमें एंबुलेंस के साथ ही स्कूली वाहन शामिल रहे। जाम की खबर पर अकबरपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया। इससे पहले करीब एक घंटे तक वहां मार्ग जाम रहा।

कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल में आए फैसले को लेकर भारत बंद के आह्वान पर बसपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के कार्यकर्ता बुधवार को भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। नवाबाद, कोतवाली, प्रेमनगर, सदर बाजार समेत कई थानों का फोर्स भी मौजूद रहा। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के अंदर पहुंचने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उनको बाहर ही रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। उधर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दोपहर तक बंद बेअसर दिखाई पड़ा। महानगर के प्रमुख बाजार पूरी तरह खुले रहे। मानिक चौक, बड़ा बाजार, इलाइट, सीपरी बाजार समेत सदर बाजार में दुकानें खुली रहीं। यहां लोगों की भीड़ भी दिखाई पड़ी।

के पदाधिकरियों ने निकाला जुलूस

आरक्षण मामले को लेकर भारत बंद के आह्वान पर बुधवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने शहर में जुलूस निकाला। मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। बहादुरपुर के पास भीम आर्मी के कार्यकर्ता एकजुट हुए। वहां से मांगों के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। भगवतीगंज से होते हुए जुलूस संतोषी माता मंदिर तिराहे के रास्ते से वीर विनय चौराहे से मेजर चौराहा तक निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने शहर का भ्रमण किया। बाद में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। भारत बंद को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।

सपा, आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

अयोध्या में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कई संगठनों ने प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी, आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के प्रदर्शन को संभालने के लिए सिविल पुलिस के साथ सीआरपीएफ सड़क पर उतरी। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा ने की रोकने की कोशिश की। समाजवादी पार्टी गुलाबबाड़ी से जुलूस लेकर शहर में निकली तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने कचहरी गेट पर प्रदर्शन किया। पुलिस व सीआरपीएफ ने बीच में ही रोका जुलूस। तीनों संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा को सौपा ज्ञापन। संगठनों का दलित आरक्षण में छेड़छाड़ ना करने की मांग। आजाद समाज पार्टी ने कहा कि फैसला ना हुआ वापस तो दिल्ली में होगा आंदोलन।

दुकानदारों से उलझे भीम आर्मी के कार्यकर्ता

सुल्तानपुर में भारत बंद के आह्वान का मिला जुला असर रहा। शहर में अधिकांश दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान खोले। आरक्षण का विरोध कर रहे दलित संगठनों व पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने दुकानें बंद कराने को लेकर नोकझोंक भी की। पुलिस वालों ने किसी तरह उन्हें शांत कराया। भीम आर्मी, बसपा सहित कई दलित संगठन व पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुधवार को आवास विकास कॉलोनी में इकट्ठा हुए। आरक्षण के विरोध में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला गया जो बांसमंडी, कलेक्ट्रेट, दीवानी तिराहा, डीएम आवास होते हुए वापस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस बीच भीम आर्मी के कार्यकर्ता ज्यादा गुस्से में दिखे और दुकानें बंद कराने के लिए दुकानदारों को धमकाते नजर आए। जुलूस के साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया, जिसके चलते विवाद बढ़ने नहीं पाया। उनकी इस हरकत से स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल रहे, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उपद्रव करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हाईअलर्ट मोड पर रही पुलिस

आगरा में आरक्षण के उपवर्गीकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इसके विरोध में युवा सड़कों पर उतरे। इस दौरान हजारों की संख्या में दलित युवा हाथों में नीला झंडा लेकर प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान भारत बंद का भी ऐलान किया गया था। भारत बंद को लेकर पुलिस हाई अलर्ट मोड पर रही। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के टेड़ी बगिया, पंचकुइया चौराहे सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं ने प्रदर्शन किया।

डीजीपी ने सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

- सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का दिया निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बुधवार को राजनीतिक दलों एवं दलित संगठनों के आह्वान पर आयोजित भारत बंद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीजीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंट्रोल रूम से खुद तैयारियों को परखा और बंद की आड़ में हिंसा करने की साजिश करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने बताया कि बंद को शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस मुस्तैद हैं। फिलहाल पूरे प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है और संगठनों के ज्ञापन अधिकारियों द्वारा लिए जा रहे हैं।

डीजीपी मुख्यालय द्वारा जिलों को आठ कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बल मुहैया कराया गया है। जिलों में भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। जो भी उपद्रवी तत्व गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी जिलों में बाजार सामान्य रूप से खुले हैं। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने को भी कहा गया है।

मुख्यालय के निर्देश पर प्रमुख बाजारों आदि में भी पुलिस की सतर्कता बढ़ाई गयी है, ताकि आम जनजीवन प्रभावित न हो। इसके अलावा जिलों की खुफिया इकाइयों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है।

मोकामा ट्रेनिंग सेंटर जा रहे आरपीएफ के दो जवानों की हत्या

- रेलवे ट्रैक पर इस हाल में मिले शव

एजेंसी

नई दिल्ली। पीडीडीयू रेलवे में तैनात दो आरपीएफ जवानों की हत्या कर शव गाजीपुर के गहमर थाना क्षेत्र में फेंक दिया गया। दोनों के क्षत-विक्षत शव बकैनिया गांव के समीप रेल पटरी किनारे मिले हैं। वे मोकामा (पटना) ट्रेनिंग सेंटर जाने के लिए सोमवार की रात करीब एक बजे डाउन बाड़मेर गुवाहटी एक्सप्रेस से रवाना हुए थे।

बिहार के आरा जिले के तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव निवासी 37 वर्षीय प्रमोद सिंह और गाजीपुर के जमनिया थाना क्षेत्र के देवैथा गांव निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद जावेद खान पीडीडीयू रेलवे के मानसनगर आरपीएएफ पोस्ट पर तैनात थे। दोनों मोकामा ट्रेनिंग सेंटर के लिए सोमवार की देर रात पीडीडीयू जंक्शन से डाउन बाड़मेर गुवाहटी एक्सप्रेस से रवाना हुए थे। उन्हें सुबह नौ बजे ट्रेनिंग सेंटर में रिपोर्ट करनी थी। सेंटर में जवानों के न पहुंचने पर खोजबीन शुरू हुई। इस दौरान पता चला कि गाजीपुर के गहमर थाना क्षेत्र के बकैनिया गांव के पास रेल पटरी के किनारे दोनों के शव मिले हैं।

[सीएम योगी आदित्यनाथ का अखिलेश यादव पर हमला]

'बाबू जी' को श्रद्धांजलि न देने वाले अपराधी के मरने पर फातिहा पढ़ने चले गए

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर सीएम योगी ने 'बाबू जी' को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। 'बाबू जी' को श्रद्धांजलि न देने वाले अपराधी के मरने पर फातिहा पढ़ने चले गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबू कल्याण सिंह में जन्म से ही संघर्ष का जज्बा था। पहले किसान, फिर शिक्षक, स्वयंसेवक से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक की यात्रा शून्य से शिखर तक की यात्रा है। वे विधायक, सांसद, मंत्री भी रहे। आपातकाल में जेल भी गए।

उन्होंने कहा था कि हम हिंदू समाज को बंटने नहीं देंगे। जातीयता का जहर घोलने वाले लोग भारत को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। भारत के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं। ये लोग हमें आपस में बांट रहे हैं तो दूसरी तरफ तुष्टीकरण की आड़ में उत्तर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का काम कर रहे हैं।

कल्याण सिंह कोई व्यक्ति अचानक बन जाता है क्या। उसके लिए संघर्ष, चुनौती, त्याग और समर्पण का मार्ग चुनना पड़ता है। तब दुनिया की कोई ताकत आपको झुका नहीं सकती। अपार जन आस्था और विश्वास आपके साथ खड़ा होता है। बाबूजी ने विपरीत परिस्थितियों में कार्य किया मगर रामजन्मभूमि आंदोलन के मार्ग से तनिक भी नहीं हटे। अंततः परिणाम हमारे सामने आया।

यूपी के दो और बड़े आईएएस अफसर जाएंगे दिल्ली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दो और आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए हरी झंडी मिल गई है। 2010 बैच के सुजीत कुमार और 2011 बैच के आईएएस अफसर आन्द्रा वामसी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति दी गई है। अब उत्तर प्रदेश के 15 से अधिक आईएएस अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में पहुंच चुके हैं। यह संख्या पिछले सात साल की है जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कार्यभार संभाला है। केंद्रीय प्रति नियुक्ति पर जाने वाले आईएएस अधिकारियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी आन्द्रा वामसी अब तक 15 नियुक्ति पा चुके हैं। उनकी अंतिम पोस्टिंग लखनऊ में एडिशनल आईजी और स्पेशल सेक्रेटरी स्टैंप एंड रजिस्ट्रेशन की पोस्ट पर रही।

45 साल बाद पोलैंड पहुंचा कोई भारतीय प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में आज पोलैंड की राजधानी वारसॉ पहुंच गए हैं। पिछले 45 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पीएम मोदी से पहले 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड का दौरा किया था और ऐसा करने वाले वह आखिरी प्रधानमंत्री थे। इन से पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू ने 1955 और इंदिरा गांधी ने 1967 में पोलैंड की यात्रा की थी। दो दिनों के पोलैंड यात्रा के बाद 23 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन जाएंगे। इससे पहले पीएम मोदी जुलाई के दूसरे हफ्ते में रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गए थे।

वॉरसा एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। उनका यह दौरा तब हो रहा है, जब दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे हो रहे हैं। भारत और पोलैंड के राजनयिक संबंध में 1954 में स्थापित हुए थे। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

कानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में 4 की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

इटावा। यूपी के इटावा जिले में आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर एक कार किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। साथ ही दो बच्चे और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर पिलखर गांव के पास हुआ। कार टैक्सी कोटे की थी और उसमें सवार लोग दिल्ली से हमीरपुर जा रहे थे। कार में दो महिला समेत सात लोग बैठे थे। बुधवार सुबह छह बजे कार पिलखर गांव के पास हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे सात लोंगो में दो बच्चे और एक महिला घायल हो गईं। पति पत्नी सहित टैक्सी चालक समेत चार लोगों की हादसे मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर थाना प्रभारी भीमसेन पोनिया पुलिस फोर्स और दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे।

कार के केबिन में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद खिड़की को हतोड़े से तोड़कर बाहर निकाला गया। घायल बच्चों के साथ महिला को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। साथ ही हादसे में मारे गए चार लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और कंडेक्टर ट्रक छोड़कर मौके से भाग गए। भीषण हादसे में मेरठ थाना सदपुरी के गांव कांकखेड़ा के रहने वाले टैक्सी ड्राइवर आशू गुप्ता (35) पुत्र मोहन लाल, जिला हमीरपुर थाना बीना गांव पारालदार के रहने वाले रामौतार (60) पुत्र गयादीन, जिला महोबा के गांव एचाना के रहने वाले शिव नारायण (52) पुत्र मायादीन उनकी पत्नी शोभारानी प्रजाति (50) साल की मौत हो गई।

महोबा थाना कोतवाली गांव रायपुरा खुर्द की पुनम (32) पत्नी रामबाबू के साथ उनके दो बच्चे बेटी राशि उम्र चार साल और बेटा जितेंद्र आठ साल गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टर ने हालत गंभीर देख मां बेटी को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

नाबालिग का बार-बार पीछा करना और प्यार का इजहार यौन उत्पीड़न जैसा

[हाईकोर्ट का बड़ा फैसला]

एजेंसी

नई दिल्ली। पास्को एक्ट से जुड़े मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत का कहना है कि अगर एक लड़का प्यार का इजहार करने के लिए लगातार किसी नाबालिग लड़की का पीछा करता है, तो इसे यौन उत्पीड़न के समान माना जाएगा। नागपुर बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी और कोर्ट ने अपीलकर्ता को स्टॉकिंग और पास्को के तहत यौन उत्पीड़न का दोष बरकरार रखा है। जस्टिस गोविंद सनप ने 4 फरवरी 2021 को अमरावती की एक कोर्ट के फैसले बरकरार रखा है। लाइव लॉ के अनुसार, 8 अगस्त को सुनाए गए फैसले में जज ने कहा है कि पीड़िता ने अपने सबूत में आरोपी के आचरण और बर्ताव के बारे में बताया है। उन्होंने कहा, पीड़िता का सबूत यह साबित करने के लिए काफी है कि आरोपी बातचीत के इरादे से उसका लगातार पीछा कर रहा था। जबकि, वह साफ संकेत दे चुकी थी कि उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, पीड़िता का सबूत आगे भी यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि आरोपी उसका यौन शोषण कर रहा था। जज ने कहा कि बताया गया आरोपी का व्यवहार और आचरण उसकी मंशा को दिखाने के लिए काफी था। उन्होंने कहा, आरोपी बार-बार पीड़ित लड़की का पीछा कर रहा था।

वह उससे बात करना चाहता था। वह उसके साथ प्रेम संबंध रखना चाहता था। उसने पीड़िता के लिए अपने प्रेम का इजहार किया था और कहा था कि पीड़िता उसके प्यार को मानेगी और हां कह देगी।

जज ने कहा, मेरे विचार में आरोपी की मंशा उसके आचरण से नजर आ रही थी।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास लगातार दूसरी बार बने दुनिया के शीर्ष बैंकर

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024 में लगातार दूसरी बार ए+ रेटिंग मिलने पर बधाई दी।

भारतीय रिजर्व बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि आरबीआई गवर्नर श्री शक्तिकांत दास को लगातार दूसरी बार इस उपलब्धि के लिए बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा, यह आरबीआई में उनकी लीडरशिप और देश की आर्थिक वृद्धि दर और स्थिरता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य को प्रमाणित करता है। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी थी, जिसमें सबसे अच्छी ग्रेड ए+, ए और ए- हैं। इस रिपोर्ट को 1994 के बाद से हर साल जारी किया जाता है। इसमें करीब 100 देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी जाती है। इसमें यूरोपियन यूनियन के अलावा पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स और सेंट्रल बैंक ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स शामिल हैं।

मुख्य डाकघर में सीबीआई छापा

व्हाट्सएप ग्रुप पर सुसाइड नोट लिखकर अधीक्षक ने खुद को गोली से उड़ाया

लोकमित्र ब्यूरो

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के मुख्य डाकघर में सीबीआई के छापे से घबराए पोस्ट ऑफिस के सुपरिटेंडेंट ने बुधवार सुबह गोली मार कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर दफ्तर के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी डाला है। इसमें कई कर्मचारियों का नाम लिखकर अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार शाम लगभग चार बजे बुलंदशहर नगर स्थित मुख्य डाकघर पर पहुंची और डाकघर परिसर में छापा मार कार्यवाही शुरू की थी। आज सुबह चार बजे तक छापेमारी जारी रही। इसी दौरान पोस्ट ऑफिस सुपरिटेंडेंट टीपी सिंह से भी सुबह चार बजे तक पूछताछ की गई। सीबीआई तमाम डाक्टयमेंट्स अपने साथ ले गई थी। सीबीआई टीम के जाने के बाद डाक अधीक्षक अलीगढ़ स्थित अपने आवास पर पहुंचे और लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। सुसाइड से पहले पोस्ट ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप पर अपना सुसाइड नोट डाला और अपनी आत्महत्या के लिए दफ्तर के कई कर्मचारियों को जिम्मेदार भी बताया। उन्होंने लिखा है कि गत 16 फरवरी 2021 को उन्होने बुलन्दशहर के मुख्य डाकघर का कार्यभार संभाला था जिसके बाद बुलंदशहर के सैदापुर निवासी सुरेश कुमार, कस्बा शिकारपुर निवासी मनोज कुमार जो वर्तमान में उप प्रबंधक नारहट ललितपुर में हैं। बुलंदशहर के खुर्जा निवासी मेल ओवरसीयर योगेंद्र सिंह तथा अनूप शहर कस्बे में तैनात मिल ओवरसीज बनवारी लाल एवं कर्मचारी टेकचंद अपने अनियमित कार्य को करने के लिये उन पर लगातार दबाव बनाते थे।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में सीमेंट प्लांट यूनिट का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

➪20 लाख टन है उत्पादन क्षमता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बुधवार को लखनऊ से जनपद प्रयागराज में बारा तहसील के शंकरगढ़ में निर्मित जेके सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में डॉ.निधिपति सिधानियां वायस चेयरमैन, एमडी डॉ. राघवपति सिंघानिया व सीईओ डीएमओ माधव कृष्ण सिंघानिया मौजूद रहे। प्रयागराज में नवनिर्मित इस प्लांट की यूनिट की उत्पादन क्षमता 20 लाख टन बताया गया है।

मुख्यमंत्री के वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन के अवसर पर शंकरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बारा

डॉ0 वाचस्पति, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उपजिलाधिकारी बारा जयजीत कौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उद्घाटन उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में लोग निवेश करने से घबराते थे, परंतु अब उनके निवेश व लाभ सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में लोग निवेश कर रहे हैं, जिसके क्रम में प्रयागराज में जेके सीमेंट प्लांट के यूनिट के शुरू होने से क्षेत्र एवं जिले का विकास होगा।

कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्र का विकास किया है। हम जेके सीमेंट को धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने बारा तहसील के शंकरगढ़ को चुना।

उद्घाटन कार्यक्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने भी कंपनी के लोगों से बात कर क्षेत्र में विकास करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में विधायक बारा डा0 वाचस्पति, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व जेके सीमेंट यूनिट के अधिकारियों ने झंडी दिखाकर सीमेंट लदी गाड़ी को रवाना किया।

इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त बारा संत लाल सरोज, तहसीलदार बारा गणेश सिंह, नायब तहसीलदार राकेश यादव, भाजपा के यमुनानगर जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति एवं जेके सीमेंट कंपनी के अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खंभों पर लगे स्ट्रीट लाइट वर्षो से बंद, शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

झूंसी। नगर निगम के जरिए लगाए गए स्ट्रीट लाइट वर्षो से बंद पड़ी है लोगो की शिकायत के बावजूद भी कोई भी कर्मचारी बंद पड़ी लाइटों पर ध्यान नहीं दे रहा। राहगीर व स्थानीय लोग रात के अधेरे में गुजरना पड़ता है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 अमरसापुर के हबीबपुर नेशनल हाईवे पर नगर निगम द्वारा लगाया गया खंभे में स्ट्रीट लाइट लगभग एक वर्ष से बंद पड़ी है स्थानीय लोग वार्ड के भाजपा पार्षद अनारा देवी से शिकायत किया तो उन्होंने कहा की उसको हम नही ठीक करवा पाएंगे । जिससे लोगो को निराशा हाथ लगी । स्थानीय लोगो ने कहा कि जब हमारे मुखिया ही नही सुन रहे है तो हम कहाँ जायें। फिर इसकी शिकायत नगर निगम के कर्मचारियों से किया तो सिर्फ आश्वासन दे कर रह गए । बता दे की रहीमपुर से लेकर हबीबपुर तक की लाइट वर्ष भर से बंद है। जब की यह पर अंधेरा होने से आए दिन दुर्घटना होती रहती है । यह स्थान दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में आता है।

श्री राम मंदिर अयोध्या पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का समापन

प्रयागराज। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय श्री राम मंदिर, अयोध्या पर आधारित वरिष्ठ छायाकार जितेंद्र प्रकाश के फोटो की प्रदर्शनी के समापन सत्र के मुख्य अतिथि गुलाब चंद्र दुबे, पूर्व निदेशक, सीएनडीएस ने कहा कि श्री राम मंदिर का निर्माण सनातन धर्म के इतिहास की एक सबसे महत्वपूर्ण घटना है और इस घटना के सभी पक्षों को प्रस्तुत करते हुए इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। समापन सत्र के कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव कुमार मिश्र के द्वारा की गयी। श्री मिश्र ने कहा कि श्रीराम मंदिर की कल्पना को साक्षात रूप में साकार होने के विभिन्न पलो का बहुत कुशलता के साथ फोटोग्राफी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर परमेश्वर दयाल ग्राम उद्योग विकास एवं सेवा संस्थान, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शिनी मे आये हुए सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सी ए अनिल गुप्ता ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि फोटोग्राफी प्रदर्शनी में तीन दिनों में बहुत सारे अतिथियों जिनमे बुद्धिजीवी, समाज सेवी तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हैं ,आगमन हुआ तथा उन्होंने अवलोकन करके इसको सफल बनाया।

इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह ,मणिमोहन त्रिपाठी, मोहित पांडे, धीरेन्द्र सिंह यादव सिंह, डा अवधेश कुमार मिश्रा को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अजामिल जी, रंजन मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, आलोक मालवीय, रजत शर्मा ,आशीष शर्मा तथा राजीव शुक्ला आज उपस्थित रहे।

चित्रकला वर्कशॉप में भीम सिंह व लाएबा को मिली स्कॉलरशिप

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। खानम आर्ट गैलरी के चित्रकला वर्कशॉप में बडिंग आर्टिस्ट भीम सिंह (चित्रकला) एवं कैलीग्राफी के लिए लाएबा हसीन दस-दस हजार रुपए स्कॉलरशिप के लिए चुने गए। कलाकार के मान-सम्मान और कला को आगे बढ़ाने के लिए उभरते हुए कलाकारों को दस-दस हजार रुपए की यह स्कॉलरशिप खानम आर्ट गैलरी की निदेशक डॉ.जाहेदा खानम की वालिदा हमीदा ख़ानम एवं उनके पति ज़फ़र इक़बाल की वालिदा ख़दीजा बेगम के नाम से दी गई। मुख्य अतिथि तान्या ढाल पूर्व प्रेजिडेंट एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर इनरव्हील, एवं गेस्ट ऑफ ऑनर प्रिंसिपल हमीदिया डिग्री कॉलेज नासेहा उस्मानी, विशिष्ट अतिथियों में एसो. प्रोफेसर डॉ. सबीहा अज़मी, पूर्व प्रधानाचार्या खैरुन्निसा साबरी, कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, तलत महमूद एवं राकेश गोस्वामी रहे, जिन्हें बैच लगाकर एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा-1 से 12 के तीनों ग्रुप ए, बी, सी में प्रथम पुरस्कार में आयशा फातिमा, खतीजा फातिमा एवं अरबिया वहीद रहे, द्वितीय पुरस्कार में आद्या मिश्रा, शर्मिष्ठा पाल, मुनीजा सईद एवं समरीन हसीन रहे। तृतीय पुरस्कार पाने वालों में अक्सा आलम, माहिरा इफ्तिखार, जकारिया नसीम एवं मोहम्मद ओमान रहे। यूकेजी की खतीजा जेहरा को स्पेशल पुरस्कार दिया गया। दोनों प्रतियोगिताओं का निर्णय (जजिंग) तथा कार्यक्रमों का संयोजन कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा एवं तलत महमूद ने किया।कार्यक्रम संचालन तलत महमूद ने किया इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रतियोगी बच्चे, माता-पिता, कलाकार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में दस शिक्षक बने प्रोफेसर

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज यूजीसी के कैस के अन्तर्गत दस शिक्षकों को एसोशिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नति का पत्र मिला।

प्रो0 दीपशिखा बनर्जी, प्रो0 नीलिमा मिश्र, प्रो0 अर्चना पॉल, प्रो0 नन्दिनी मुखर्जी, प्रो0 नीलम कान्त, प्रो0 शिखा दीक्षित, प्रो0 मीनाश्री यादव, प्रो0 रतन कुमारी वर्मा, प्रो0 काजल देब, प्रो0 अंशुमाला मिश्रा, सभी शिक्षकों ने इस कार्य में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षकों ने कहा कि सर्वप्रथम इला.वि.वि. की कुलपति प्रो0 संगीता श्रीवास्तव के प्रति सभी शिक्षक हार्दिक रूप से आभारी हैं जिनके उदारतापूर्ण, कुशल निर्देशन में यह महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हुआ। डीन, सी.डी.सी. प्रो0 पंकज कुमार के सौजन्य से यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। उनके सक्रिय सहयोग के लिए सभी शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया है। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो0 असीम मुखर्जी एवं प्रबंध तंत्र के सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एवं महाविद्यालय समेकन समिति के अध्यक्ष प्रो0 आनंद शंकर सिंह ने इस कार्य को आद्योपान्त तत्परतापूर्वक सक्रिय रूप से सम्पन्न कराने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या के सतत् प्रयास हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 आशिमा घोष, शिक्षकों एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने प्रोफेसर बनने वाले सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए चलेगी आठ स्पेशल ट्रेन

प्रयागराज। 23 अगस्त से होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे आठ स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों का संचालन जरूरत के अनुसार होगा। इसकी संभावित समय सारिणी रेलवे ने जारी कर दी है। कुछ ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया जाएगा।

पुलिस भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को है। इन तारीखों में प्रयागराज से चोपन के लिए चुनार के रास्ते ट्रेनों का संचालन होगा। इसका संचालन दोपहर तीन बजे किया जाएगा। सूबेदारगंज-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए मेमू स्पेशल का संचालन परीक्षा के दिन शाम 6ः30 बजे किया जाएगा। प्रयागराज से बांदा-ललितपुर वाया मानिकपुर, चित्रकूट धाम के लिए 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को स्पेशल ट्रेन रात 8ः30 बजे रवाना होगी।इसके अलावा कानपुर-फर्रुखाबाद, कानपुर- गाजियाबाद, कानपुर- ललितपुर के बीच भी स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी है। कानपुर से फतेहपुर के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 04130 मेमू ट्रेन का इन्हीं तारीखों में सूबेदारगंज तक भीड़ देखकर विस्तार किया जाएगा। इटावा-कानपुर मेमू को लखनऊ तक, अलीगढ़-कानपुर मेमू को बांदा तक, कानपुर-टूंडला मेमू को खुर्जा तक व फंफूद-शिकोहाबाद मेमू को जरूरत के हिसाब से टूंडला तक 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को चलाने की पूरी तैयारी होगी।

परीक्षा तिथि के दिन ट्रेन नंबर 04154 कानपुर-रायबरेली शाम 4ः30 की जगह शाम 5ः45 बजे, ट्रेन नंबर 19812 इटावा-कोटा शाम 5ः00 की जगह शाम छह बजे, ट्रेन नंबर 04144 कानपुर-खजुराहो शाम 4ः20 की जगह शाम 5ः20 बजे, 04187 कानपुर-टूंडला दोपहर 2ः05 की जगह 3ः15 बजे संचालित होगी।

छात्रा का अश्लील वीडियो हुआ वायरल

इंचार्ज प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षक निलंबित

लोकमित्र व्यूरो

प्रयागराज। कंपोजिट विद्यालय नया का पूरा में पढ़ने वाली आठवीं की छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर प्रसारित करने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार और सहायक अध्यापक सागर सिंह को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच कर रहे खंड शिक्षाधिकारी सोरांव के समक्ष दोनों को 15 दिन में अपना पक्ष रखना होगा।

आरोप लगाया गया कि सरायममरेज थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नया का पूरा की छात्रा से सहायक अध्यापक सागर सिंह ने अश्लील हरकत की।

छात्रा ने परिवार वालों को यह बात बताई तो खंड शिक्षाधिकारी प्रतापपुर समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई। कहा जा रहा है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने छात्रा के घर जाकर उससे बातचीत का वीडियो बनाकर उसे प्रसारित कर दिया। इससे मामला चर्चा में आ गया। उक्त प्रकरण में इंचार्ज प्रधानाध्यापक का कहना है कि उन्होंने जो वीडियो बनाया था वह साथ ही शिक्षक पर दबाव बनाने के लिए था। सागर सिंह ने उनके विरुद्ध छात्रा के घर जाकर उसका वीडियो में बयान लेकर उसे प्रसारित कर दिया। सागर सिंह ने भी पूरे घटनाक्रम के पीछे आपसी विवाद बताया। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी का कहना है कि शिक्षकों में आपसी रार के चलते घटनाक्रम बढ़ा है।

इससे विभाग की छवि धूमिल हुई है। अब प्रकरण की जांच खंड शिक्षाधिकारी सोरांव को सौंपी गई है। जांच में सारी स्थिति स्पष्ट होगी।

भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी से त्रस्त है जनता - बासुदेव यादव

लोकमित्र व्यूरो

फूलपुर । नगर पंचायत फूलपुर मोहल्ला फरीदाबाद में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला यादव ने किया । बैठक में पूर्व विधान परिषद सदस्य वासुदेव यादव ने कहा कि फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में सभी कार्यकर्ता लग जाए यह चुनाव 2027 चुनाव का सेमीफाइनल चुनाव है इस चुनाव से विधानसभा आम चुनाव को संदेश देगा। वासुदेव यादव ने कहा कि भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार ने सिर्फ भोली भाली जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। महंगाई बेरोजगारी इस सरकार में आम बात हो गई है आए दिन बेटियों महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है। यह सरकार निरंकुश हो गई है अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की सरकार में हुए विकास कार्यों को याद कर रही है बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज के छात्रों को लैपटॉप बेरोजगार नौजवानों को रोजगार महिलाओं की सुरक्षा एवं समाजवादी पेंशन योजना किसानों को मुक्त खाद बीज पेंशन जैसे सर्व समाज के लिए अनेकों योजनाओं से लाभान्वित किया था उसी की याद दोहराते हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से अब कोई नहीं रोक सकता। इस दौरान सभासद अरशद उल्लाह,सौरव यादव, कुमार, मंगल मोहिद अंसारी, अतीक अंसारी, फिरोज राइन, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहें।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में बसपा का प्रदर्शन

भारत बंद के समर्थन में निकाला जुलूस, बाजार पर असर नहीं, वकीलों ने की नारेबाजी

प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट के एससी/एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के पक्ष में फैसले के बाद बहुजन समाज पार्टी और दलित संगठनों के भारत बंद पर प्रयागराज में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। बसपाइयों ने पार्टी मुख्यालय से जुलूस निकाला। वहीं सपा नेता भी भारत बंद में समर्थन में उतर आए हैं। सपाइयों ने भी जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। सपा नेता नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन दिया।

बसपा नेताओं का कहना है कि अखिलेश यादव के निर्देश पर वह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही प्रयागराज में कुछ वकीलों ने भी प्रदर्शन कर नारेबाजी की। काफी संख्या में वकील भी डीएम कार्यालय पहुंच गए। बसपा की ओर से शहर और देहात में प्रदर्शन किया जा रहा है।

भारत बंद के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए हैं। डीएम कार्यालय, कचहरी, सिविल लाइंस, इविवि रोड समेत अन्य जगहों पर पुलिस, आरएएफ की तैनाती है। अधिकारी गश्त कर रहे हैं। वॉट्सएप ग्रुप, फेसबुक, एक्स पर बसपा नेताओं के कमेंट्स आ रहे हैं। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) संस्थापक रामबृजि गौतम का कहना है कि झंडे और बैनर के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष और महिलाएं प्रदर्शन करेंगे।

हंडिया में ताला तोड़कर एक ही रात में तीन घरों में चोरी से लोगों में दहशत

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 नगर पंचायत हंडिया कस्बा में चोरों द्वारा ताला तोड़कर कई चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बता दें कि बीती रात चोरों ने नगर पंचायत के चपरासी मकसूद अहमद के घर का ताला तोड़कर घर में रखी आलमारी तोड़कर उसमें रखे नकदी रुपए व जेवर उड़ा ले गए। वही 100 मीटर की दूरी पर सिराज अहमद राइन के घर में घुसकर आलमारी तोड़कर 15000 नगदी कान की बाली वह गले की जंजीर वह एक मोबाइल चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। इसके बाद कुछ दूरी पर महफूज के घर में चोरों ने घुसकर 5000 नगदी व मोबाइल अन्य सामान चोरी कर उठा ले गए। तीन घरों की चोरी देखकर गांव के लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। बता दे कि इन चोरों को कुछ लोगों ने रात्रि एक बजे के करीब चोरी की घटना को अंजाम देकर जाते समय दौड़ाया परंतु वह पकड़ से बाहर रहे। चोरों की भागते हुए सी सी टीवी फुटेज में तस्वीर भी कैद हुई है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की शिनाख्त कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की वजह चोरों की जल्द सलाखों के अंदर आने की सम्भावना दिख रही है।

आरक्षण में क्रीमी लेयर के विरोध में भारत बंद के समर्थन में उतरे सपाई

प्रयागराज। एस सी एस टी आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा भारत बंद के समर्थन में समाजवादी पार्टी भी उतरी। सपा नेताओं ने महामहिम राष्ट्र पति को सम्बोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

ज्ञापन में आरक्षण में वर्गीकरण को रोके जाने, जजों की नियुक्ति में आरक्षण लागू करने, राज्य सभा, विधान परिषद् में आरक्षण लागू करने, प्राइवेट सेक्टरमें आरक्षण लागू करने एवं केंद्र सरकार के विभागों में लेटरल इंट्री को ख़त्म करने की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल पूर्व विधायक राधेश्याम पटेल, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी, जिलाध्यक्ष गंगापार खिन्नी लाल पासी, यमुनापार राहुल भारतीय, अमर नाथ सिंह मौर्य, आदिल हमजा, योगेश पाल, सुशील यादव एडवोकेट, अनुराधा अम्बेडकर, रेहान अहमद, हरिश्चन्द्र यादव, मयंक यादव, राधेश्याम भास्कर, सुशील यादव, नाटे चौधरी, रंग बहादुर पटेल, राजाराम, विनोद, धनीराम, मनीष भारतीय, शैलेन्द्र पाल, अजीत पासी आदि रहे।

दस हजार रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

पैमाइश के लिए महिला से मांगे थे पैसे, विजिलेंस टीम ने पकड़ा

प्रयागराज। विजिलेंस टीम ने बुधवार को एक राजस्व निरीक्षक को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया। टीम ने बुधवार को सदर तहसील के राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र को रंगे हाथ पकड़ लिया। एक महिला की शिकायत पर पहले उसे टीम ने ट्रैप किया। फिर सुभाष चौराहे के पास से खींचकर ले गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज के ग्यासउद्दीनपुर की रहने वाली सुमन देवी शिकायत किया था कि उनकी पुश्तैनी जमीन शाहा उर्फ पीपल गांव तहसील सदर प्रयागराज में है। सुमन देवी ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद नाम दर्ज हो चुका है। जमीन पर दबंग लोग कब्जा करना चाहते हैं, जिसकी धारा-24 के अन्तर्गत पैमाइश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। पैमाइश राजस्व निरीक्षक ने गलत की थी। आपत्ति के बाद एसडीएम ने पुनः पैमाइश करके रिपोर्ट देने के लिए कहा था। जमीन की देखरेख व मुकदमे की पैरवी मनोज कुमार पुत्र शिवबरन सिंह करते हैं। सुमन देवी का आरोप है कि वह मनोज कुमार के साथ मिलकर राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा से मिलने गई तो 10,000 रुपए रिश्वत मांगी गई। रामकृष्ण मिश्रा राजस्व निरीक्षक ने 10,000 रुपए लेकर बुलाया।

रक्षाबंधन के दिन कई फंसे लोगों को थानाध्यक्ष ने उनके गंतव्य तक पहुंचाया

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। सही बात है कि पुलिस मुसीबत में फंसे लोगों के लिए मित्र की भूमिका निभाती है। ऐसा ही वाकया रक्षाबंधन के दिन उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने कई फंसे लोगों के साथ पुलिस मित्र की भूमिका निभाते हुए उनकी मदद कर सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया है। आपको बताते चले की रक्षाबंधन के दिन देर रात बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष के द्वारा हाईवे पर पुलिसिंग व्यवस्था संभाले रखा। इस दौरान थानाध्यक्ष को हाइवे पर सुनसान स्थान पर जहां कई लोगों की बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था तो कई लोगों की बाइक और कार बिगड़ गई थी। रात में इस दौरान किसी के साथ कोई अप्रिय घटना या संगीन वारदात ना हो इसके लिए उतरांव थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी के द्वारा सभी की भरपूर मदद की गई। मित्र पुलिस की मदद से सभी फंसे लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। मित्र पुलिस की मदद से सभी फंसे लोगों ने पुलिस और थानाध्यक्ष की जमकर प्रशंसा करने से नहीं चुके।

रायफल लेकर दौड़ाने वाले सपा नेता पर एफआईआर दर्ज

अमरनाथ मौर्या ने सपा के टिकट पर फूलपुर से लड़ा था चुनाव, वीडियो हुआ था वायरल

प्रयागराज। पार्क की जमीन कब्जा करने के मामले में हुए विवाद के बाद सपा नेता अमरनाथ मौर्या के खिलाफ धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। साथ ही उनके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज हुआ है। सपा नेता व अन्य के खिलाफ एफआईआर धूमनगंज थाने के दरोगा कुलदीप उपाध्याय की ओर से दर्ज कराई गई है। दरोगा ने एफआईआर में लिखा है कि सोशल मीडिया, एक्स आदि प्लेटफार्म पर वीडियो वायरल हुआ जिसमें सपा नेता रायफल लेकर दौड़ा रहे हैं। कर्मचारी और जेसीबी वाले भाग रहे हैं। मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतम नगर का है।

हालांकि सपा नेता पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए भारतीय किसान यूनियन के लोग देर रात तक धूमनगंज थाने में जमा रहे। उन्हें मुकदमे का आश्वासन मिला था तभी वह हटे थे। अब पुलिस का कहना है कि वीडियो आदि की जांच की जा रही है। साथ ही पार्क का विवाद क्या है, कौन सी जमीन कब्जे को लेकर हंगामा हुआ इसकी जांच भी की जा रही है।

अमरनाथ मौर्या लोकसभा चुनाव में फूलपुर सीट से सपा के प्रत्याशी थे। वह भाजपा के प्रवीण पटेल से चुनाव हार गए थे। इसके पहले अखिलेश यादव ने उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट दिया था लेकिन विवाद के बाद टिकट कट गया था। अमरनाथ मौर्या केशव मौर्या के भी करीबी रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन 21 अगस्त, 2024 को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किया गया। किसान दिवस में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सिंचाई, विद्युत, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक आफ बड़ौदा, फसल बीमा आदि विभागों एवं कृषकों ने प्रतिभाग किया।

उप कृषि निदेशक, प्रयागराज द्वारा किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों का स्वागत करते हुए गत किसान दिवस में आयी शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण के संबंध में जानकारी दी। इस किसान दिवस में विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्यायें प्रमुख रूप से उठायी गयी तथा विगत किसान दिवस में दी गयी शिकायतों के निस्तारण नहीं होने से कृषकों द्वारा गहरा रोष व्यक्त किया गया।कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। अंत में जिला कृषि अधिकारी द्वारा किसान दिवस में आये हुए कृषकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष, की अनुमति से किसान दिवस का समापन किया गया।

एसडीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। आगामी विधान सभा निर्वाचन 2027 की तैयारियों के तहत तहसील चायल के सभागार कक्ष में बुधवार को उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ ने बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध करने हेतु जरूरी दिशा निर्देश बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिये।

उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ ने बताया कि विधानसभा मतदाता सूची में सम्मिलित सभी मतदाताओं का घर-घर सत्यापन करके मतदाता सूची को शुद्ध करने का कार्य समयबद्ध करना है। घर-घर सर्वे के दौरान मतदाता सूची में अपंजीकृत मतदाताओं, मृतक व स्थायी रूप से स्थान छोड़ चुके मतदाताओं की पहचान करेंगे। इसके साथ ही बीएलओ ऐप के माध्यम से शत प्रतिशत सत्यापन कराएं, यदि मतदाता के पहचान पत्र में कोई अशुद्धि है तो उसका फार्म संख्या 8 भरवाएं। किसी मतदाता की यदि फोटो सही नही है तो उसका फोटो सही करके रंगीन फोटो लगाकर उसे नया पहचान पत्र उपलब्ध कराएं। सत्यापन के दौरान नए मतदाताओं का फार्म 6 मृतक, शिफ्टेड व डबल मतदाताओं का फार्म संख्या 07 भराऐ जाने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्र व मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जहां पर मतदान होता है यदि कोई स्कूल की बिल्डिंग जर्जर है अथवा मरम्मत योग्य है। उन सभी का भी पूर्ण रूप से सत्यापन किया जाना है ताकि मतदाताओं को मतदान करने में सुलभता हो सके। इस मौके पर तहसीलदार पुष्पेन्द्र गौतम, नायब तहसीदार अंकिता पाठक, हर्षनाथ दुबे, वरिष्ठ लिपिक शैलेन्द्र श्रीवास्तव, निर्वाचन सहायक रमेश चन्द्र, सतीश कुमार और सफाई कर्मी पंकज कुमार समेत सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बसपा ने भारत बन्द का किया पूर्ण समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती पूर्व सांसद लोक सभा एवं राज्यसभा पूर्व मुख्यमंत्री उ0प्र0 के आदेशों के अनुपालन में बसपा जिला यूनिट कौशाम्बी द्वारा 21 अगस्त 2024 को भारत बन्द का पूर्ण समर्थन किया गया। बसपा जिला कार्यालय ओसा से पैदल चलकर जुलूस के साथ हजारों कार्यकर्ताओं सहित जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर संवैधानिक तरीके से जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय मांगों सहित राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेक्टर प्रभारी प्रयागराज मण्डल सतीश यादव जिलाध्यक्ष महेश चैधरी, मोतीलाल अम्बेडकर जी, अशोक सोनकर जी शिवचन्द्र सरोज, सेहंदी लाल निर्मल, पप्पू दिवाकर, रामनरेश गौतम, जगतनाथ दिवाकर, रमेश गौतम, रत्नेश गौतम, दिलीप चैधरी, कमोद चैधरी, बच्चन पाल जी, अखिलेश पाल, दिलीप गौतम, सुधा देवी, पंचम लाल गौतम, सुरेन्द्र गौतम आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर भारत बन्द कार्यक्रम को सफल बनाया।

साक्षात्कार स्थगित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला परियोजना अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु एनआईसी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में 22 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साक्षात्कार लिया जाना निर्धारित किया गया था,

परन्तु भारत बंद एवं आगामी उ0प्र0 पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत उक्त पद हेतु निर्धारित साक्षात्कार अग्रिम आदेश तक स्थागित किया जाता है। यह जानकारी प्रभागीय वनाधिकारी, सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति, कौशांबी ने दी है।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

इनसेट-

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात

नियमों का उल्लघन करने वाले 119 वाहनों का ई-चालान किया गया।

इनसेट-

निरोधात्मक कार्यवाही में नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 04, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की बैठक 21 अगस्त को जिला पंचायत में जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सोनी जिला अध्यक्ष चंदू तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपा किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि नहरो की सफाई समय से कराई जाए जिससे समय रहते पानी छोड़ा जा सके ओला के फसल बर्बाद फसल बीमा का लाभ किसानों को आज तक नहीं मिला मुहैया कराया जाए। ग्रामीण गरीबी से काफी हद तक परेशान है। उन्हें काम नही मिल रहा बेरोजगारी का नतीजा है कि गरीब परिवार के लोग दो जून रोटी के लिए

परेशान है खेती मानसून पर निर्भर है जिससे मानसून के साथ न देने पर किसानों की फसल नष्ट हो जाती है और उनका कोई लागत मूल्य नहीं मिलता ज्यादातर गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी रहती है इसकी वजह से लोग महगे इलाज का खर्च नहीं उठा पाते है और उनका ठीक से इलाज नहीं हो पाता। सरसावा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सेगरहा में ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान द्वारा किए गए। अवैध घोटाला और भ्रष्टाचार की जांच के लिए जिला अधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई जांच टीम मौके पर नहीं गई जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है अधिकारी को ज्ञापन और समाचार पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन उसके बाद भी पंचायत की जांच कर दोषी को दंडित नहीं किया गया है नेताओं ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूत होना पड़ेगा।

दहेज हत्या के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित सन्तोष लोध, क्रान्ती देवी निवासीगण घोसरा मजरा पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया।

तीन वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक राम सजीवन साहू मय हमराह पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी लवलेश उर्फ देवमूरत निवासी छोटी गौहानी थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी राम करन यादव निवासी जठिया थाना सराय अकिल को

गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 सियाकान्त चैरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी बबलू निवासी टेंगाई थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उ0नि0 अमित द्विवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा राम लखन निवासी बरलहा थाना करारी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उ0नि0 गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा खेतई निवासी उसरा का पुरवा मजरा अन्धावा थाना महेवाघाट को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

कुएं के बाजू में बना मकान अचानक भर भराकर कुएं में समाया

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चक गुरैनी गांव में बुधवार की दोपहर कुएं के बाजू में बना एक मकान अचानक देखते ही देखते जर्जर कुएं में भर भरा कर समा गया जिसे मौके में मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गनीमत रही कि घटना के समय मकान के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं रहे किसी तरह की जनहानि नहीं हो पाई प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चक गुरैनी गांव निवासी हीरालाल मौर्य का एक मकान कुएं के बाजू में बना हुआ था कुआं सूख जाने के वजह से इसका प्रयोग नहीं हो रहा था जिससे धीरे-धीरे कुआं जर्जर होकर धस गया था

बुधवार की दोपहर कुएं के बाजू में बना मकान अचानक जर्जर कुएं में भर भर कर समा गया गनीमत रही कि हीरालाल मौर्य अपना

परिवार सहित दूसरे मकान में निवास कर रहे थे जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हो पाई है मौके में मौजूद लोगों ने कुएं में गिरते हुए मकान की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जिसे लोग देख आश्चर्यचकित हो रहे हैं मकान गिरने की सूचना पर राजस्व कर्मियों के साथ घटनास्थल में पहुंचे लेखपाल ने लिखा पढ़ी करने के बाद पीड़ित को विभाग द्वारा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

सैकड़ों सागवन के पेड़ काटकर उठा ले गए माफिया, विभाग शांत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के पन्नोई गांव के समीप मंगलवार की शाम वन माफिया सैकड़ों हरे सागवन के पेड़ों को काटकर उठा ले गए। वन विभाग की मिली भगत के चलते ऐसे कामों को लकड़ी माफिया खुलेआम प्रतिदिन अंजाम देते रहते हैं। शिकायत के बाद भी वन विभाग के जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं करते हैं जिससे पर्यावरण को लगातार नुकसान हो रहा है और सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। चायल सर्किल के मूरतगंज ब्लाक क्षेत्र में सैकड़ों लकड़ी माफिया सक्रिय हैं जो आये दिन प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटाई में लगे रहते हैं। पन्नोई गांव के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय रेंजर से शिकायत करने के बाद भी अभी तक सैकड़ों सागवन के पेड़ों को काटने वाले लकड़ी माफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

जनपद में होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं ऑटों स्टैण्ड से दूरी का विवरण

लाकामंत्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 जो कि दिनांक-23,24,25, एवं 30,31 अगस्त-2024 को प्रस्तावित है जनपद में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं ऑटों स्टैण्ड से दूरी।जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर पहुॅचने में परेशानी न हो केन्द्र कोड-50001 कृषक इण्टर कालेज हिनौता कौशाम्बी, प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-32 कि0मी0सिराथू दूरी-45 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड मझंनपुर दूरी-25 कि0मी0,मूरतगंज दूरी-40 कि0मी0,सैनी दूरी-50 कि0मी0सरांय अकिल दूरी-55 कि0मी0,प्रमुख आटो स्टैण्ड-भरवारी दूरी-32 कि0मी0मंझनपुर दूरी-25 कि0मी0, करारी दूरी-37 कि0मी0, सिराथू दूरी-45 कि0मी0 सरायंअकिल दूरी-55 कि0मी0 मूरतगंज-दूरी-40 कि0मी0,केन्द्र कोड-50002 राजकीय बालिका इण्टर कालेज कड़ा कौशाम्बी प्रमुख रेलवे स्टेशन-भरवारी की दूरी-25 कि0मी0,सिराथू दूरी-7 कि0मी0 प्रमुख बस स्टैण्ड-मंझनपुर दूरी-25 कि0मी0 मूरतगंज दूरी-30कि0मी0 सरायंअकिल-55, सैनी दूरी-5 कि0मी0प्रमुख आटो स्टैण्ड-भरवारी दूरी-25 कि0मी0, मंझनपुर दूरी-25 कि0मी0, करारी दूरी-37 कि0मी0, सिराथू दूरी-7 कि0मी0 सरायं अकिल दूरी-55 कि0मी0, मूरतगंज दुरी-30केन्द्र कोड-50003 श्री हुबलाल इण्टर कालेज गौरा रोड भरवारी कौशाम्बी प्रमुख रेलवे स्टेशन-भरवारी से दूरी-200 मी0, सिराथू दूरी-20 कि0मी0प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-10 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-6 कि0मी0, सैनी दूरी-20 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-35 कि0मी0 ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 200 मी0, मंझनपुर दूरी-10 कि0मी0,करारी दूरी-15 कि0मी0, सिराथू दूरी-20 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-35 कि0मी0 मूरतगंज दूरी-6 कि0मी0 केन्द्रकोड-50004करारी इण्टर कालेज करारी कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन से दूरी-भरवारी,15 सिराथू दूरी-25 कि0मी0 प्रमुख बस स्टैण्ड- मझंनपुर दूरी-12 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-23 कि0मी0, सैनी दूरी-35 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-20 कि0मी0,ऑटों स्टैण्ड से दूरी-भरवारी 15 कि0 मी0, मंझनपुर दूरी-10 कि0मी0 करारी दूरी-0, सिराथू दूरी-35,सरायंअकिल दूरी-25 मूरतगंज दूरी-30,केन्द्र कोड-50005कस्तूरबा गॉधी इण्टर कालेज भरवारी कौशाम्बी, प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी200 मी0 सिराथू दूरी-20 कि0 मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-10 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-6 कि0मी0, सैनी दूरी-20 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-35 कि0मी0,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 200 मी0, मंझनपुर दूरी-10 कि0मी0,करारी दूरी-15 कि0मी0, सिराथू दूरी-20 कि0मी0,सरायंअकिल दूरी-35 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-6 कि0मी0,केन्द्र कोड-50006 महात्मा ज्योतिबा फूले राजकीय पॉलिटेक्निक टेवा मंझनपुर कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-20 कि0मी0, सिराथू दूरी-22 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-10 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-28 कि0मी0, सैनी दूरी-30 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-35,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 20कि0मी0, मंझनपुर दूरी-10 कि0मी0, करारी दूरी-17, सिराथू दूरी-22सरायंअकिल दूरी-35 मूरतगंज दूरी-28, कोड-50007 श्रीमान सिंह इण्टर कालेज अलीपुरजीत कौशाम्बी, प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-30 कि0मी0सराथू दूरी-12 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड- मझंनपुर दूरी-35 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-40 कि0मी0, सैनी दूरी-12 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-65कि0मी0,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 30 कि0मी0, मंझनपुर दूरी-35, करारी दूरी-45, सिराथू दूरी-12,सरायंअकिल दूरी-65 मूरतगंज दूरी-40,केन्द्र कोड-50008, नेशनल इण्टर कालेज भरवारी कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-200 मी0सिराथू दूरी-20 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-10 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-6 कि0मी0, सैनी दूरी-20 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-35,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 200 मी0, मंझनपुर दूरी-10,करारी दूरी-15,सिराथू दूरी-20, सरायंअकिल दूरी-35, मूरतगंज दूरी-6,केन्द्र कोड-50009, एस0ए0वी0 इण्टर कालेज सैनी सिराथू कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-20 कि0मी0, सिराथू दूरी-1 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड- मझंनपुर दूरी-17 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-27 कि0मी0, सैनी दूरी-500 मी0, सरायं अकिल दूरी-50 कि0मी0,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 20 कि0 मी0, मंझनपुर दूरी-17, करारी दूरी-30 कि0मी0,सिराथू दूरी-1 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-50, मूरतगंज दूरी-27 कि0मी0,केन्द्र कोड-50010, श्रीदुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा मंझनपुर कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-12 कि0मी0 सिराथू दूरी-16 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-1 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-20 कि0मी0, सैनी दूरी-25 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-30 कि0मी0,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 12 कि0मी0, मंझनपुर दूरी-1 कि0मी0, करारी दूरी-10 कि0मी0, सिराथू दूरी-17 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-30, मूरतगंज दूरी-28 कि0मी0,केन्द्र कोड-50011, सरदार बल्लभ भाई पटेल इण्टर कालेज सरायं अकिल कौशाम्बी,प्रमुख रेलवे स्टेशन भरवारी दूरी-31 कि0मी0 सिराथू दूरी-47 कि0मी0,प्रमुख बस स्टैण्ड-मझंनपुर दूरी-30 कि0मी0, मूरतगंज दूरी-35 कि0मी0, सैनी दूरी-22 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-100 मी0,ऑटों स्टैण्ड सेदूरी-भरवारी 31 कि0मी0, मंझनपुर दूरी-30, करारी दूरी-20 कि0मी0,सिराथू दूरी-47 कि0मी0, सरायंअकिल दूरी-100 मी0, मूरतगंज दूरी-35 कि0मी0 है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, कौशाम्बी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश के क्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रसून जायसवाल के द्वारा आज दिनांक 21ध्08ध्2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पश्चिम शरीरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैरमपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयंतीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पश्चिम शरीरा में चिकित्साधिकारी मनोज चैरसिया प्रतिकर अवकाश में थे , फार्मासिस्ट हेमंत सिंह स्टाफ नर्स नीलम केसरवानी व अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित मिले, साफ सफाई ठीक ठाक मिली पेयजल की व्यवस्था ठीक मिली, डिलीवरी वार्ड में गर्भवती महिलाओं से बात कर उनका स्वास्थ्य जाना गया और लाभार्थियों को शासन के मंशा अनुरूप स्वास्थ्य लाभ समय से मिले इसके लिए वहां के स्टाफ को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रसून जायसवाल ने दिया दिशा निर्देश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयंतीपुर निरीक्षण के दौरान डॉ दिलीप पटेल, फार्मासिस्ट राज नारायण, एएनएम सुमन देवी व अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित मिले, फर्श टूटी मिली जिसके लिए संबधित चिकित्साधिकारी को प्राप्त जन आरोग्य समिति के बजट से जल्द से जल्द मरम्मत करने के लिए कहा गया

है साथ ही सभी कमरों में रोशनी की समुचित व्यवस्था कर लिए समस्त कार्य करने के लिए कहा गया है, परिसर में जमी हुई घास की कटाई और पानी का जमाव न होने प्यार इसके लिए उचित प्रबंध करने के लिए कहा गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैरमपुर में डॉ दिनेश कुमार, फार्मासिस्ट ओम प्रकाश सिंह, स्ज् सूरजभान सिंह व अन्य स्टाफ उपस्थित मिले, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रसून जायसवाल समस्त कमरों में रोशनी की व्यवस्था साफ सफाई ठीक पाई गई, परिसर में घास की कटाई के लिए और परिसर में साफ सफाई के लिए दिया निर्देश और उन्होंने कहा कि समय पर समस्त स्टाफ अस्पताल पहुंचे कोई भी लापरवाही सख्त कार्रवाई करूंगा। चिकित्सालय के अन्दर मरीज व तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। शासन के मंशा अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ पहुंचना हमारी प्राथमिकता है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के अनुशार सभी अस्पताल में सभी व्यक्तियों को संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है।

संक्षिप्त खबरें

कंछल के शपथ ग्रहण में शामिल होने जायेगें व्यापारी

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय कार्य समिति का चुनाव विगत दिनों लखनऊ में संपन्न हुआ जिसमें रा.ध्रां अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को पुनः रा.ध्रां. अध्यक्ष और वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरी को चुनने के साथ अन्य सभी पदों का चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

उपरोक्त प्रांतीय कार्य समिति का शपथ ग्रहण समारोह वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के सानिध्य में 22 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से अयोध्या नगरी के मानस भवन राम घाट चैराहा परिक्रमा मार्ग अयोध्या में होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें प्रदेश के समस्त प्रांतीय पदाधिकारी व सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न होगा।

उपरोक्त प्रांतीय कार्य समिति के शपथ ग्रहण समारोह में सहभाग लेने प्रतापगढ़ जनपद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी महामंत्री संजय सोनी कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल प्रांतीय सदस्य प्रवीण केसरवानी मंत्री राहुल केसरवानी संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो) श्याम शंकर सिंह आदि अन्य कई लोग कल प्रातः अयोध्या जाएंगे।

हज जाने वाले व्यक्ति 09 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन करें

प्रतापगढ़। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया है कि हज यात्रा-2025 हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर सर्कुलर जारी कर दिया गया है।

हज पर जाने वाले इच्छुक व्यक्ति दिनांक 09 सितम्बर 2024 तक निर्धारित वेबसाइट एवं मोबाइल एप ''हज सुविधा'' के माध्यम से स्वयं अथवा जनपद के निर्धारित हज फेसिलीटेशन सेन्टरों मदरसा दारूल उलूम गुलशने मदीना पल्टन बाजार प्रतापगढ़ तथा मदरसा दारूल उलूम बाज-ए-अशहब बरई कुण्डा प्रतापगढ़ के माध्यम से आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। हज से सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष संख्या 6307619413 पर सम्पर्क कर सकते है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफतार

दिलीपपुर, प्रतापगढ। पुलिस द्वारा दुष्कर्म, धमकी देने व एससी/एसटी एक्ट से संबंधि अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी आनन्द कुमार राय के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र के नेतृत्व में उ0नि0 सुरेश यादव मय हमराह उ0नि0 जगदीश प्रसाद वर्मा, का0 अनूप कुमार, का0 शिवमगंल, द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर, दिनांक 21.07.2024 को धारा 64(1),75,351(2),352 बीएनएस व 3(1)द,3(1)ध,3(2)5,3(2) 5ए एससीध्एसटी एक्ट थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 अभियुक्त फैसल खां पुत्र मो0 रकीब निवासी ग्राम मुनि का पुरवा थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ को थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत शिवसत पुल के पास से गिरफ्तार किया गया

देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफतार

हथिगवां,प्रतापगढ। पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के तहत थाना हथिगवां पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत दलापुर अंडरपास वृहद ग्राम धीमी के पास से अभियुक्त को 4 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी हथिगवां नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 बनवारी लाल पाल मय हमराह उ0नि0 रघुवीर दास रस्तोगी, का0 विपिन सारस्वत द्वारा संदिग्ध व्यक्तियोंध् वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 20.08.2024 को 04 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त संदीप सिंह पटेल पुत्र धारा सिंह निवासी गुलकईपुर रसुलाबाद उर्फ कोइलहा थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी को थानाक्षेत्र के दलापुर अंडरपास वृहद ग्राम धीमी के पास से गिरफ्तार किया गया ।बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180ध्2024 धारा 4ध्5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

आरक्षण में क्रीमी लेयर के विरोध में प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। एक अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के फैसले एससी,एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू होने के संबंध में आज बुधवार अगस्त को एससी,एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू होने के फैसले पर संपूर्ण भारत बंद आंदोलन के आव्हान में शांतिपूर्ण तरीके से तहसील कुंडा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अनेक सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर बहुजन युवा एकता मंच जिला अध्यक्ष आजाद देवा, अमित गौतम, पंकज, संजय, रोबिन, अनुपम, रवि बौद्ध, प्रमोद गौतम (अंबेडकर समाज सुधार समिति), शिव शंकर भुर्जी, विशाल,तूफान, प्रमोद राज पासी एवं अन्य सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रहें।

बारौ का राजा तक्षक मेला 25 से

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। बारौं गांव में लगने वाला प्राचीनतम मेला 25अगस्त से लगेगा। राजा तक्षक मेले को सफल बनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए प्रधान संघ अध्यक्ष बिहार वीरेंद्र तिवारी उर्फ सुग्गा तिवारी ने बताया कि इस मेले में लगभग एक लाख राजा तक्षक भक्तों के शामिल होने की संभावना है। पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से मौजूद रहेगा।

नगर क्षेत्र से बाहर होंगे सौ से अधिक सरप्लस शिक्षक

नगर पालिका के विस्तार में शामिल हुए 22 नए स्कूल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत सौ से अधिक सरप्लस शिक्षक गांव के स्कूलों में भेजे जाएंगे। ऐसे शिक्षकों का बेसिक शिक्षा विभाग ने डाटा तैयार कर लिया है। वहीं शहर से गांव में तैनाती दिए जाने को लेकर शिक्षकों में रोष है।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नगर क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए 25 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं। विगत दिनों नगर पालिका परिषद बेल्हा का शहरी विस्तार किया गया। इस दौरान सदर ब्लाक प्राथमिक विद्यालय जोगापुर, चिलबिला रंजीतपुर, पूरे केशवराव, पूरे ईश्वर नाथ सहित 22 नए स्कूल नगर क्षेत्र में शामिल हो गए। ऐसे स्कूलों के बेहतर संचालन को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने अधिकारियों से सुझाव मांगा था। इस दौरान उक्त स्कूलों में छात्र संख्या के सापेक्ष 100 से अधिक शिक्षक सरप्लस पाए गए। सरप्लस शिक्षकों को विभाग ने अब शहर से पुनः ग्रामीण इलाके में तैनाती की तैयारी कर ली है। वहीं इसकी जानकारी होते ही शिक्षक हैरान हैं। कई शिक्षक विभागीय अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं।

नगर क्षेत्र में समायोजन की मांग

नगर क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों का कहना है कि नगर क्षेत्र में लंबे समय से शासन की ओर से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई। इससे ज्यादातर स्कूल एकल हैं। इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इसलिए सरप्लस शिक्षकों को नगर क्षेत्र में ही तैनाती दी जाय।

हाईकोर्ट जाने की तैयारी में शिक्षक

नगर क्षेत्र में कार्यरत सरप्लस शिक्षक अब हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले में बीएसए से वार्ता की गई है। यदि विभाग सरप्लस शिक्षकों को राहत नहीं देता है तो वे अपनी मांगों को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

नगरीय क्षेत्र में कार्यरत शिक्षक नगर में ही रहेंगे। जो ग्रामीण क्षेत्र के हैं वे ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण कार्य सम्पन्न कराएंगे। सरप्लस शिक्षकों को हटाए जाने जैसी कोई बात नहीं है।

भूपेंद्र सिंह
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
प्रतापगढ़

वरिष्ठ नागरिक देश की धरोहर एवं प्रेरणास्रोत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। रोडवेज डिपो परिसर में बुधवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा के तत्वावधान में विश्व नागरिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कर्मचारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष डॉ राजेश मोहन मिश्र ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक देश की धरोहर एवं प्रेरणास्रोत हैं। इनसे हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। साथ ही साथ हर व्यक्ति एवं परिवार के सदस्यों को वरिष्ठ नागरिक की सेवा एवं सम्मान करना चाहिए। इस दौरान अति वरिष्ठ नागरिक डॉ जमील अहमद सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री रमाशंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर चंद्र कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्र, केडी दूबे, केएल शर्मा, मनोज मिश्र, अशोक तिवारी, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेज्ट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता श्रीपाल निवासी कसेरूआ ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमि गाटा संख्या 515 पर काबिज दाखिल चला आ रहा है परन्तु मकान जर्जर होने की वजह से गिर गया है, प्रार्थी अपने मकान का निर्माण करना चाहता है परन्तु प्रार्थी के पड़ोसी नान्हू वर्मा व मंगल वर्मा आदि लोगो ने प्रार्थी की पुरानी आबादी की भूमि को जबरन कब्जा करना चाहते है और प्रार्थी को अपनी भूमि में निर्माण कार्य नही करने दे रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को पैमाईश कराकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जिससे शिकायतकर्ता का समाधान हो सके। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की जाये-जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएफओ ने बताया कि जनपद में निर्धारित वृक्षारोपण के लक्ष्य 52 लाख 91 हजार 029 पौधों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वृक्षारोपण के जियो टैग के सम्बन्ध में बताया गया कि बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के जियो टैग का प्रतिशत कम है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जियो टैग शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग का जियो टैग का प्रतिशत सबसे कम पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर जियो टैग का पूर्ण किया जाये। डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि जो पौधे लगाये गये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल करते रहे। उन्होने डीसी मनरेगा व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के

किनारे मेड़बन्दी कराकर फलदार वृक्ष लगाया जाये। वन विभाग को निर्देशित किया हर गांव में वाटिका का प्लान बनाकर पौधे के बीजों की बुवाई कर पौधे तैयार कराये जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों पर पीपल, पाकड़ व बरगद के पौधे लगाये जाये। उद्यान विभाग अधिकारी द्वारा बताया गया कि 28 हेक्टेयर में आंवला व 10 हेक्टेयर में आम के पौधे लगाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थलों का चिन्हांकन कर आंवला व आम के पौधे लगाये जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विभागों द्वारा पौधारोपण किया गया है वह पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल करते रहे जिससे पौधे जीवित रहे।

जिला गंगा समिति की बैठक में डीएफओ ने समस्त विभागों से यह अपेक्षा करते हुये कहा कि नदी और तालाब में ठोस अपशिष्ट तथा मृत जानवरों को प्रवाहित न किया जाये इसका अपने अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि आर्गेनिक खेती और हर खेत के मेड़ पर पेड़ लगाने के सम्बन्ध में लोगों को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक कराना सुनिश्चित करें। एडीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि जितने भी गांवों में साफ-सफाई एवं अन्य कार्य कराये गये है उसकी सूचना अभी तक अप्राप्त है यथाशीघ्र सूचना उपलब्ध करायें। जिला कृषि अधिकारी एवं एडीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि नमामि गंगे अन्तर्गत नदियों के आस-पास की भूमि का मृदा परीक्षण कराकर मिट्टी की गुणवत्ता की सूचना उपलब्ध करायी जाये। गंगा के किनारें के 17 गांवों में जो मॉडल बनने हेतु अवशेष है उन्हें गांवों को मॉडल कराना सुनिश्चित करें। बैठक में एलायन्स क्लब इण्टरनेशनल डायरेक्टर रोशन लाल ऊमरवैश्य ने क्लब द्वारा जनमानस को पौध रोपण के लिये गांव व शहर में जागरूकता अभियान के किये गये कार्यो की फोटो व समाचार पत्र की कतरन की बुकलेट को जिलाधिकारी को भेट किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, डीएफओ जगदम्बिका प्रसाद, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित तमाम लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग, में आज पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के प्रयास से तमाम साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराई। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने वालों में मो0 इद्रीश, के नेतृत्व में मोहम्मद शहबान, मोहम्मद अयान, विशाल कुमार, दिनेश कुमार, शिव सुंदर पटेल ने आज राहुल गांधी जी व कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में निष्ठावान व कांग्रेस मानसिकता के लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। सभी जॉइन करने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राहुल गांधी की ओर आशाभरी निगाहों से देख रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पट्टी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, पिछला वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, अशोक गौतम, सुधीर तिवारी, मोहम्मद दिलशाद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, एलबी पटेल, हजारीलाल वर्मा उपस्थित रहे।

राम अजोर कोरी अध्यक्ष और हरिकेश बहादुर यादव मंत्री चुने गए

बिहार,प्रतापगढ। पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार आज बुधवार को विकासखंड बाबागंज में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा के जिला अध्यक्ष बीएल पटेल एवं जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

जिसमें प्रथम चुनाव अधिकारी नागोराव मधुकर जिला प्रभारी और द्वितीय चुनाव अधिकारी राजेश कुमार सरोज जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के रूप में दशरथ गौतम जिला कोषाध्यक्ष की उपस्थिति रही। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर राम अजोर कोरी, ब्लॉक मंत्री के पद पर हरिकेश बहादुर यादव को चुना गया। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सरोज, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोतीलाल सरोज, कोषाध्यक्ष अजय सरोज, संगठन मंत्री धर्मवीर वर्मा, प्रचार मंत्री मुन्नालाल सरोज और ब्लॉक ऑडिटर की जिम्मेदारी देवराज जी को मिली। अंत में जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने ब्लॉक अध्यक्ष एवं कमेटी के सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित कर्मचारियों ने जिला कमेटी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

ईंट भठ्ठों की समस्याओं को लेकर 24 अगस्त को होगी बैठक

रखहा,प्रतापगढ़। ईंट भठ्ठों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 24 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश स्तर के नेता भी भी भाग लेंगे ।

यह जानकारी देते हुये ईंट निर्माता कल्याण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह में रखहा बाजार में पत्रकारों को बताया कि जिले में 430 ईंट भठ्ठों में केवल 160 ईंट भठ्ठों का प्रदूषण लाइसेंस बना हुआ है, अन्य ईंट भठ्ठों का किन्हीं कारणों से प्रदूषण लाइसेंस नहीं बना है । इतना ही नहीं जो भठ्ठे अनियमितता के साथ चल रहे हैं उन्हें भी नियमित किया जायेगा । ईंट निर्माता कल्याण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह ने आगे कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जिन भठ्ठों को बंदी करने का आदेश जारी हुआ है उसे भी निरस्त करने की बात चल रही है तथा जीएसटी के समाधान के मुद्दे पर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है । उन्होंने बताया कि आगामी 24 अगस्त को होने वाली बैठक में जिले के सभी ईंट निर्माता आमंत्रित किये गये हैं, जिसमें ईंट भठ्ठों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगे की रणनीति बनाई जायेगी ।

लूट,अपहरण के चार अभियुक्तों के विरूद्ध लगा गैगस्टर एक्ट

सांगीपुर,प्रतापगढ़। लूट, अपहरण, गैंगस्टर, गुंडा अधिनियम जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले जनपदीय गैंग सरगना,गैंग के 4 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सांगीपुर में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया है ।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाहीध् अभियान के तहत जनपदवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सांगीपुर श्री मनीष कमार त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना सांगीपुर पर एक आपराधिक संगठित गिरोह के गैंग सरगना व सदस्य क्रमशः (गैंग लीडर) 1- आदिल अंसारी पुत्र रफीक अंसारी निवासी ग्राम जीआईसी कालोनी कांशीराम कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व (गैंग के सदस्य) 2- रंजीत सिंह पुत्र देवेश सिंह निवासी स्टेशन रोड़ जैन गली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 3- तनवीर अख्तर पुत्र मो0 अख्तर निवासी स्टेशन रोड़ जैन गली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 4- इरशाद अहमद पुत्र मो0 शरीफ निवासी स्टेशन रोड़ जैन वाली गली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध नियमानुसार दिनांक 20.08.2024 को मु0अ0सं0 168/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

इस गिरोह के सरगना आदिल अंसारी व (सदस्य) रंजीत सिंह, तनवीर अख्तर, इरशाद अहमद द्वारा दिनांक 26.06.2024 को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत पूरे कण्ठी सुजाखर निवासी वादी के दोस्त को स्वीफ्ट गाड़ी से अपहरण कर फोन करके पैसे माँगने लगे। इस संबंध में थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ में मु0अ0सं0- 119/2024 धारा 392,364-ा,386 भादवि पंजीकृत हुआ एवं दिनांक 25.06.2024 को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत शुकुलपुर निवासी वादी के साथ मारपीट व वादी के ससुर, दोस्त को स्वीफ्ट गाड़ी में जबरन बैठाकर मारपीट व धमकी देना, पैसे छीन लेना व पैसे फोन पे करा लेना। इस संबंध में थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ में मु0अ0सं0- 120/2024 धारा 394,386,506 भादवि पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान अभियुक्त गैंगलीडर आदिल अंसारी व (सदस्य) रंजीत सिंह, तनवीर अख्तर, इरशाद अहमद अभी जेल में निरूद्ध है, शीघ्र ही माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर त्वरित रुप से सख्त सजा भी सुनिश्चित कराई जायेगी।

बम के साथ धराया युवक गया जेल

लोक मित्र ब्यूरो

लीलापुर प्रतापगढ़। देशी बम के साथ पकड़ा गया युवक आरोपी के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा भेजा गया जेल पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 भुवाल सिंह यादव मय हमराह का0 दुर्गा प्रसाद यादव,पीआरडी सुशील कुमार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियोंध् वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 21.08.2024 को 04 अदद देशी बम के साथ अमन सरोज पुत्र रज्जन सरोज निवासी ग्राम खालसा सादत थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के नाले की पुलिया पर वृहद रास्ता जलेशरगंज रोड के पास गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त अमन सरोज पुत्र रज्जन सरोज निवासी ग्राम खालसा सादत थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से 04 अदद देशी बम बरामद किया गया । बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 337ध्2024 धारा 4ध्5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि देशी बम के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

कुनबे ने दरवाजा लगाने का विरोध करने पर दम्पति को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के सिरियावां गांव में मंगलवार की शाम पड़ोसी कुनबे ने दरवाजा लगाने का विरोध करने पर दम्पति को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के सिरियावां गांव निवासी सत्यनारायण मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी पत्नी सरीला देवी के अनुसार घर के सामने उसकी खाली जमीन पड़ी है। मंगलवार की शाम पड़ोसी उसकी जमीन पर दरवाजा लगाने लगा।उसके मना करने पर वह कुनबे संग उसके साथ गाली-गलौच करने लगे।

आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने महिला की पिटाई करना शुरू कर दिया।उसको पिटता देख बीच-बचाव करने पहुंचे पति सत्यनारायण को भी पीट दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल पति-पत्नी ने थाने जाकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पड़ोसी युवक पर किशोरी को भगाने का आरोप , केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के रहने वाले एक युवक पर किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है , जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव के रहने वाले अरूण कुमार ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की 16 अगस्त की रात पड़ोस का एक युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया , काफी खोजबीन के बाद किशोरी का कही पता नही चला तो किशोरी के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

बालक को सांप ने डसा, मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

बेनीराम कटरा, कौशाम्बी। नेवादा विकास खण्ड के गाँव इच्छना में बालक को सांप डसने से परिवार मे कोहराम मच गया। बताया जाता है कि इन दिनों बरसात के मौसम के कारण अधिकतर सांप बिलों के बाहर आ जाने से लोगों के लिए जान का खतरा साबित होने लगता है नेवादा विकास खड के गाँव इछना निवासी धीरज पुत्र राजू 12 वर्षीय बुधवार सुबह 8 बजे खेत की ओर दीर्घ शंका के लिए गया था कि वही पास मौजूद सांप ने डस लिया वही परिवार के लोगों ने मौके पर पहुँच कर आननफानन मे इलाज हेतु सराय अकिल समुदायिक सवास्थ्य केंद्र ले आया गया तथा वही चिकित्सकों ने इलाज करना शुरू कर दिया तथा धीरज को खतरे से बाहर कहा कि परिजनों ने विना देर किए बालक को लेकर इलाज के लिए आ गये इससे उसकी जान बच गयी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन 24 को

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के के विरोध में भारत में प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में हिंदू धर्म रक्षा समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता 24 अगस्त को जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में विरोध प्रदर्शन करेंगे साथ ही जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा की मांग करेंगे। हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले शनिवार को सुबह 11 बजे मंझनपुर के डाइट मैदान में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हिंदू बहन-बेटियों और बच्चों के प्रति किए जा रहे जघन्य अपराधों, जैसे बलात्कार और अपहरण, के विरोध में आवाज उठाना है। आंदोलन के बाद, जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें इन अपराधों की कड़ी निंदा की जाएगी साथी अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीलमणि दी है।

शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ तीन साल तक किया दुष्कर्म

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ करारी इलाके के एक रिश्तेदार युवक ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म किया। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने में किया है। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि करारी कोतवाली इलाके के रक्सवारा गांव में उसकी दूर की रिश्तेदारी है। तीन साल पहले रिश्तेदारी का एक युवक का उसके घर आना जाना हो गया। इस दौरान आरोपी युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी युवक उसके साथ कभी घर कभी होटल में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। आरोप है युवक ने युवती के साथ तीन साल तक दुष्कर्म किया। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी युवक शादी से इंकार कर दिया और घर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

मार-पीट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत बदलू उर्फ राम प्रकाश निवासी मुहम्दपुर असवां थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना पिपरी पर पंजीकृत जगदीश प्रसाद निवासी रामकुमार तेली के सामने थाना मुठ्ठीगंज जनपद प्रयागराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को न्यायालय उठने तक का कारावास व 3000रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

बुलेट सवार को टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक के विरुद्ध केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में बोलेरो की टक्कर से बुलेट सवार भाई बहन जख्मी हो गए थे , बुलेट चालक की तहरीर पर सैनी पुलिस ने बोलेरो चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। सैनी कस्बे के रहने वाले सत्यम सिंह उर्फ संजू पुत्र कल्लू सिंह 17 अगस्त की शाम अपनी बुलेट बाईक से अपनी बहन आंचल सिंह को बैठाकर सिराथू से घर जा रहा था , संजू जैसे ही सैनी कस्बेयके बस अड्डे के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने बुलेट में टक्कर मार दिया हादसे में बुलेट में सवार आंचल व संजू गंभीर रूप से जख्मी हो गए , संजू की तहरीर पर सैनी पुलिस ने बोलेरो चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट

पुलिस ने मेले में बंद कराया लाउडस्पीकर और नौटंकी, व्यापारियों ने किया मार्ग जाम

आठ घंटे बंद रहा लाउड स्पीकर और कार्यक्रम, आधे घंटे जाम के बाद हुआ चालू

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। स्थानीय कस्बा में लगे पारंपरिक दो दिवसीय मेले में बज रहे लाउडस्पीकर और नौटंकी कार्यक्रम को मंगलवार की रात पुलिस ने बंद करा दिया। इससे व्यापार मंडल के लोग नाराज हो गए। नाराज व्यापारियों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। बात बिगड़ती देख क्षेत्राधिकारी ने कार्यक्रम चालू कराया तो जाम हटाया गया।

कस्बे में लगे मेले में मंगलवार की रात बज रहे लाउडस्पीकर में कुछ युवकों ने अराजकता फैलाने का प्रयास किया। जिसे शांत करने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। मामले का वीडियो किसी ने इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दिया। इसकी जानकारी क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी को हुई। करीब 12 बजे राय वह मेला पहुंचे और बज रहे लाउडस्पीकर और चल रहे नौटंकी कार्यक्रम को बंद करा दिया। इससे मेले में आए लोग घर लौटने लगे। तो व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होने लगा। इससे चायल व्यापार मंडल के लोग नाराज हो गए। पहले उन्होंने सीओ से मेला कार्यक्रम शुरू करने की फरियाद लगाई। लेकिन जब बात नहीं बनी तो तिल्हापुर मोड़ - मनौरी मार्ग को जाम कर दिया। जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। जानकारी होने के बाद सीओ पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। व्यापार मंडल के लोगों से बातचीत किया। इसके बाद करीब आठ बजे मेला के बंद कार्यक्रम और लाउडस्पीकर चालू होने पर व्यापारियों ने जाम हटाया। इस बीच करीब आधे घंटे तक मार्ग जाम रहा। इस संबंध में व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुनेश केसरवानी का कहना है कि मेला ऐतिहासिक एवं पारंपरिक है। इससे व्यापारियों का कारोबार जुड़ा है। कुछ अराजक तत्व के लोगों ने अराजकता फैलाने का प्रयास किया था। उन्हें चिन्हित कर पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए पूरा मेला नहीं बंद करना चाहिए।

दो बाइकों की भिड़ंत में चार जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के भोला चैराहे के नजदीक नेशनल हाईवे पर दो बाईकों की भिड़ंत में दोनो बाईक में सवार चार लोग जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो की मदद से स्थानीय पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अजुहा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के दवन्ना पर निवासी संगीता देवी पत्नी अर्जुन अपने तीन वर्षीय पुत्र प्रवेश के इलाज के लिए गांव के ही विजय पुत्र शिव दर्शन व फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पिलखिनी निवासी केशव सिंह पुत्र रघुराज के साथ बाइक मे बैठकर इलाज के लिए सिराथू जा रही थी , बाइक चालक विजय जैसे ही अजुहा कस्बे के भोला चैराहा के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचा तभी धुमाई गांव शव यात्रा में शामिल होने जा रहे बाइक सवार फतेहपुर जनपद के असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर कोडन निवासी अंकित पाल पुत्र सूरजदीन अपने दादा रामस्वरूप पुत्र छेदा पाल 65 वर्ष की बाईक में भिड़ंत हो गई , बाईकों की जोरदार टक्कर में केशव सिंह पुत्र रघुराज , संगीता देवी पत्नी अर्जुन , बाइक चालक विजय पुत्र शिव दर्शन व दूसरा बाईक सवार रामस्वरूप पुत्र छेदा पाल 65 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा देख स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को अजुहा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया है। सूचना मिलते ही अजुहा पुलिस चैकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह मय हमराही घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही में जुट गए है।

कौशाम्बी के मूल निवासी विभव कुशवाहा का यूपी टी-20 के लिए हुआ चयन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली टी-20 क्रिकेट लीग में कौशांबी के मूल निवासी विभव कुशवाहा का चयन काशी रुद्राक्ष रुद्रास टीम के लिए हुआ है। विवेक कुशवाहा लखनऊ में स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मैं काशी रुद्रास की तरफ से अपना जौहर दिखाएंगे।

विभव कुशवाहा ने अपने पढाई करारी रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल से की और वही रहकर कोच शैलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में क्रिकेट की बारीकियां और महारत हासिल की। विभव कुशवाहा जो की ग्राम कोतारी पश्चिम कौशांबी के रहने वाले, पिता रमेश चंद्र जो की कौशांबी जिला चिकित्सालय में लब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है उनका पूरा समर्थन विभव के साथ रहा और बेटे की इस सफलता से उनके मनोबल और बढ़ा। विभव कुशवाहा ने अपनी सफलता के पीछे अपने परिवार का सहयोग और अपने गुरु और मार्गदर्शक शैलेंद्र सिंह को दिया। वो अपना आदर्श अपने कोच शैलेन्द्र सिंह को मानते है। वही रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल और रिजवी क्रिकेट अकादमी में विभव के चयन पर हर्ष और खुशी के साथ साथ नए खिलाड़ियों में जोश भर गया है। कोच शैलेंद्र सिंह ने विभव के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इसी वर्ष मोहम्मद तालिब का चयन रिजवी क्रिकेट अकादमी से यू पी अंडर-19 के लिए हुआ था और कुछ महीनो बाद ही विभव का चयन यू पी ज-20 के लिए हुआ, ये कौशांबी के खिलाड़ियों के लिए उत्साहवर्धक है। उन्होंने बताया की विभव एक अच्छा आल राउंडर के साथ साथ बहुत अच्छा छेत्ररक्षक है। रिजवी कॉलेज के प्रबंधक और कौशांबी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद रिजवी ने विभव कुशवाहा की सफलता पे विभव कुशवाहा और उनके प्रशिक्षक शैलेंद्र सिंह को बधाई दी, खेल और खिलाड़ियो के विकास में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विभव के चयन पर न सिर्फ कॉलेज और एकेडमी में ही बल्कि पूरे कौशांबी में हर्ष का माहौल है, उनके चयन पर कौशांबी ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉक्टर अरुण ने भी बधाई दी। यह जानकारी रिजवी स्प्रिंगफील्ड के शारीरिक शिक्षक और क्रिकेट कोच शैलेन्द्र सिंह ने दी।

दुनिया में अब्बास का परचम हश्र तलक लहराएगा

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। मैय्यत हर एक शहीद की है बे कफन पड़ी, एक दिन में हाय गुलशने जहरा उजड़ गया। जब नौहे की इन पंक्तियों को अंजुमने अब्बासिया दांदूपुर प्रयागराज के नौहाख्वान ने पढ़ा तो अजादारों की आखों से कर्बला के शहीदों की याद में आंसू निकल। सरायें अकिल के हसनपुर बेरुई में इमाम हुसैन के जवान बेटे अली अकबर की याद में आयोजित मजलिस में नवजवानों ने नौहाख्वानी और सीना जनी कर उनकी शहादत को याद किया।

मंगलवार की रात अशर ए सफर की चैदहवीं तारीख को सरायें अकिल के ग्राम हसनपुर बेरुई स्थित शैदाये रजा के इमामबाड़े में दस दिनों तक मजलिसो मातम का सिलसिला चलता है। उसी सिलसिले की चैथी मजलिस में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के जवान बेटे हजरत अली अकबर का ताबूत बरामद किया गया। मजलिस की शुरुआत हसन रिजवी और जफर ने पेशख्वानी से की। मजलिस को मौलाना सैयद शहाब सलमान रिजवी ने खेताब किया। अली अकबर का जिक्र करते हुए कहा कि अली अकबर की शक्ल हू बहू रसूले अकरम से मितली थी। जब इमाम हुसैन ने अली अकबर को रुखसत किया तो आसमान की तरफ सिर को उठाकर आवाज दी थी कि परवरदिगार गवाह रहना मैं तेरी बारगाह में उसको पेश कर रहा हूं जो तेरे रसूल से मुशाबेह है। अली अकबर की शहादत के बाद इमाम हुसैन ने आवाज दी थी कि बेटा अली अकबर तुम्हारी मौत ने मेरे आखों की रौशनी छीन ली। मसायब सुनकर अजादार रो पड़े, ताबूत बरामद हुआ। अंजुमने अब्बासिया बड़ा गांव के नौहाख्वान उस्मान अली ने नौहा पढ़ा--झुक जायेंगे सब जुल्म के झण्डे ये नहीं झुकने पायेगा,, दुनिया में अब्बास का परचम हश्र तलक लहरायेगा। इसके बाद मोहम्मद अब्बास, अली अब्बास और काविश ने नौहा पढ़ा--अमामा खून से लाल और अबा भी है तर,, हुसैन खैमे में लाते हैं लाश ए असगर। नवजवानों ने दिलखोल कर मातम किया। जुलूस कर्बला होते हुए वापस इमामबाड़े में आकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन रौशन करारवी ने किया। इस मौके पर फुरकान रिजवी, इमरान हैदर, फैजान हैदर, अफरोज हैदर, कमर हैदर और शाकिर अली मौजूद थे।

कमासिन में केबल भष्ट होने के चलते 15 दिनो से विद्युत आपूर्ति बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ उपकेंद्र के गुलामीपुर फीडर के कमासिन गांव में नेशनल हाईवे पुल से होकर गुजरी केबल लगभग 15 दिनो से भष्ट हो गई है जिसके चलते गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोग गर्मी और उमस से बेहाल रहे। शाम के समय पेयजल आपूर्ति की भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता विद्युत को शिकायती पत्र देकर समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। विद्युत उपकेंद्र नरसिंहपुर कछुआ क्षेत्र के गुलामीपुर फीडर के कमासिन गांव में नेशनल हाईवे पुल के नीचे से होकर गुजरी अंडर पास केबल 15 दिनो से भष्ट हो गई है जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है , ऐसे में गांव के लगभग 150 घरों के लोगो को भीषण उमस में परेशानी हो रही है वही पेयजल के लिए भी दिक्कत है। गांव के लोगो ने विद्युत विभाग के जिम्मेदारों से शिकायत की लेकिन समस्या से निजात नहीं मिल सका । गांव के शाहिद अहमद , नूर उल्ला , मो आदिल , मो फिरदौस , नादिर , वाहिद अहमद , अबरार अहमद , भोला नाथ , गुलाब चंद्र , सकील अहमद , शहीद अहमद , मुकेश आदि लोगो ने विद्युत एक्सियन को शिकायती पत्र देकर समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

जैविक खेती और मोटे अन्न का उत्पादन किसानों के लिए लाभकारी–रमाशंकर

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। विकास खण्ड स्तरीय खरीफ कृषि निवेश/जैविक मेला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा विकास खण्ड पटेहरा के परिसर में विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल द्वारा किया गया।

उक्त अवसर पर कृषकों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने धान की खरीद पर तथा समर्थन मूल्य के बारे में चर्चा के साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होने श्रीअन्न की खेती के बारे में तथा उनसे होने वाले लाभों के बार में भी बताते हुए कृषकों को जैव उर्वरक के महत्व व उसके प्रयोग की विधि पर विस्तार से चर्चा किया। स्वायल लैण्ड यूज सर्वे आफ इण्डिया, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली से आये हुए वैज्ञानिक डा. एस.एन. सिंह द्वारा धान के फसल में लगने वाले कीड़ो से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया तथा कीड़ों से बचाव हेतु रीजेन्ट दवा 1 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करने की सलाह दी गयी।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील कृषक योगेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित किसानों को जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी कि कैसे वह प्राकृतिक/जैविक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है साथ सजीव प्रयोग भी करके दिखाया गया। विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को कृषि से सम्बन्धित समसामयिक जानकारी के साथ ही कृषि रक्षा कीटनाशक दवाओं के बारे में भी बताया गया तथा मृदा स्वास्थ्य को सही रखने के सम्बन्ध मे व मृदा नमूना लेने के तरीको के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक मड़िहान द्वारा उपस्थित 10 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। आयोजित खरीफ गोष्ठी में कृषि विभाग, बीमा कम्पनी व अन्य विभागों द्वारा अपने स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि विकेश पटेल,जिला पंचायत सदस्य मनीष कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी व कृषि विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित आधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को दिया हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

इंकार परिवार को सिराथू स्वास्थ विभाग की टीम ने सेवन कराया फाइलेरिया की दवा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के शमसाबाद गांव में कई परिवार को जब स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के फायदे गिनाए तो वह लोग दवा खाने को तैयार हो गए। इन लोगों ने पहले दवा खाने से इनकार कर दिया था। उन्हें बताया गया कि दवा खाने से जहां फायदा है, वहीं दवा न खाने से फाइलेरिया जैसी लाइलाज बीमारी होने का खतरा है।

(एमडीए) कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया की दवा डीईसी व पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल का सेवन करा रही हैं।

वही विकास खंड सिराथू के शमसाबाद में कई परिवार ऐसे थे, जिन्होंने फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने से इनकार कर दिया था। उन्हें दवा खाने से दुष्प्रभाव का डर था। इसी बीच आशा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अधीक्षक सिराथू डा औचित्य सिंह एएनएम व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचे और परिवार के लोगों से संपर्क किया इस दौरान अधीक्षक डा औचित्य सिंह ने उन्हें बताया कि यह एक ऐसा मर्ज है जो एक बार हो जाने के बाद ठीक नहीं होता। कमाऊ व्यक्ति घर पर बैठ जाता है,जो परिवार पर बोझ बनकर रह जाता है। इसका प्रभाव आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से पड़ता है। साल में एक बार दवा का सेवन करने से फाइलेरिया रोग से बचाव होता है। जिसके बाद इंकार परिवार ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने दवा का सेवन किया।

सम्पादकीय

फिर यू टर्न

अब इसे गठबंधन सरकार की मजबूरी समझें या फिर विपक्ष का दबाव कि विवाद के बाद केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। दरअसल, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शीर्ष सरकारी पदों पर लाने हेतु यह योजना बनी थी। बीते सालों में नौकरशाही में विशेषज्ञों को शामिल करने के कदम को प्रगतिशील सोच कहा गया। लेकिन चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के चलते विरोध के स्वर मुखर हुए। विपक्षी दलों की तीखी आलोचना और राजग के कुछ सहयोगियों की चिंता के बाद सरकार ने योजना को स्थगित कर दिया। निश्चित रूप से शासकीय व्यवस्था में बड़े फैसले गंभीर परामर्श व सहयोग की मांग करते हैं। सत्ता के दंभ से इतर दूरगामी परिणाम वाली नीतियों को आगे बढ़ाने हेतु सभी हितधारकों से व्यापक बातचीत जरूरी होती है। दूसरे शब्दों में सरकार को अपनी इच्छा थोपने के बजाय गठबंधन राजनीति की जटिलताओं के मद्देनजर विपक्ष से सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बहरहाल, यह तय है कि पिछले दो कार्यकाल में स्वच्छंद शासन करने वाली मोदी सरकार फिलहाल गठबंधन की मजबूरी के साथ विपक्षी दबाव को भी महसूस कर रही है। पिछले दो सप्ताह में राजग सरकार ने विवाद के बाद न केवल वक्फविधेयक पर निर्णय बदला बल्कि प्रसारण विधेयक को समीक्षा के लिये एक संसदीय पैनल के पास भेजा है। इसके बाद अब लेटरल एंट्री के फैसले पर यू टर्न ने यह निष्कर्ष भी दिया है कि राजग सरकार पर्याप्त बहुमत न होने पर अब गठबंधन की राजनीति की सीमाओं को स्वीकार करने लगी है। एक हकीकत यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सदस्य अभी भी तल्ख चुनावी तेवरों में नजर आ रहे हैं। खासकर ऐसे वक्त में जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है और इसी साल महाराष्ट्र व झारखंड में भी चुनाव होने हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक व प्रसारण विधेयक के बाद अब लेटरल एंट्री मामले में से हाथ खींचकर यह संकेत देने का प्रयास किया है कि वह टकराव के बजाय बीच का रास्ता अपनाना चाहती है।

इंडिया ब्लॉक पार्टियों को एक स्थिर सरकार देने के लिए हाथ मिलाना चाहिए

कल्याणी शंकर

> “कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है। सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया। 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गईं, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं। सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है।

जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें 90 विधायकों का चुनाव होगा। अगस्त 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद यह पहला चुनाव होगा। नये चुनाव कराने में देरी कई सालों से विवाद का विषय रही है। हालांकि, समय-सीमा तय करने में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश महत्वपूर्ण था। अब जब चुनावों की घोषणा हो गई है, तो सभी राजनीतिक दलों ने इसका स्वागत किया है। कश्मीर लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। दोनों देश कश्मीर पर दावा करते हैं, हालांकि वे इसके केवल एक हिस्से पर शासन करते हैं। पाकिस्तान ने इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण भी कर दिया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र में भी लाया गया है। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य को विभाजित करने के फैसले के बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। इस फैसले के कारण कश्मीर ने अपना झंडा, आपराधिक संहिता और संवैधानिक सुरक्षा खो दी। कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं। चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं। प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि 2019 में सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या 80 से घटकर 2023 में 33 हो गई है और 2019 में 44 से घटकर 2023 में 12 नागरिकों मौतें हुई हैं। पिछले राज्य चुनाव 2014 में हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में उच्च मतदान ने विधानसभा चुनावों को कराने के उत्साह को जन्म दिया है। कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है। सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया। 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गईं, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं। सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है।

भाजपा ने दावा किया कि धारा 370 को खत्म करने और कश्मीर में उसके बाद लागू की गई नीतियों ने क्षेत्र को बेहतर तरीके से विकसित किया है। जम्मू और कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में, एनसी और पीडीपी ने फिर से उभार देखा। चुनाव ने उन्हें अपनी सदस्यता को पुनर्जीवित करने और लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को सामने लाने का मौका दिया। हालांकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन में से दो सीटें जीतीं, तथा तीसरी सीट के लिए कड़ी चुनौती पेश हुई।

इस क्षेत्र में आतंकवाद के इतिहास और चुनावों में धांधली के आरोपों के बावजूद, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनावों की व्यापक रूप से सराहना की गई। आगामी चुनाव धारा 370 के तहत क्षेत्र के विशेष दर्जे को रद्द करने के बाद जम्मू और कश्मीर को भारतीय संघ में पूरी तरह से एकीकृत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों का परीक्षण करेगा। यह चुनाव आयोग के लिए भी बिना किसी हिंसक घटना के चुनाव कराने की परीक्षा है। राजनीतिक दलों ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें प्रचार रणनीति, गठबंधन और उम्मीदवार चयन शामिल हैं। कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनावों की योजना बनाने के लिए बैठकें की। यदि विधानसभा चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। इसके अलावा, लोकसभा चुनावों के दौरान जिस ध्रुवीकरण और अलगाववादी कथानक ने जोर पकड़ा था, वह विधानसभा चुनावों के दौरान और तेज हो जायेगा। 2014 के जम्मू-कश्मीर चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 49 दिनों तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा, जब तक कि पीडीपी की महबूबा मुफ्ती को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री नहीं बना दिया गया। बाद में भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण फिर से राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी गई और दिसंबर 2018 में राष्ट्रपति शासन फिर लागू कर दिया गया। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। सरकार को यह तय करना होगा कि नरम अलगाववाद से निपटने के लिए कश्मीर घाटी में हस्तक्षेप करना है या चुनाव से पहले पुनर्गठन योजना पर विचार करना है। संसदीय चुनावों के दौरान, कांग्रेस और एनसी ने गठबंधन किया था। एनसी ने कश्मीर में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने जम्मू और उधमपुर में चुनाव लड़ा। इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी को समायोजित नहीं किया गया और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ कश्मीर में तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे।

अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा। कश्मीर चुनाव महत्वपूर्ण हैं और पूरा देश एक दशक के बाद एक लोकप्रिय सरकार का उदय देखेगा।

सरोकार

राहुल के दबाव में मोदी सरकार

जाति सरकार पूछेगी रू अपमानित करने वाले तो सदियों से पूछ रहे हैं!क्या सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस का सदस्य बनने की इजाजत मिलनी चाहिए? लैटरल एंट्री यानी केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर अधिकारियों की सीधी नियुक्ति के फैसले पर विवाद उठने के बाद अब केंद्र की एनडीए सरकार ने इस फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। हाल ही में 17 अगस्त को अखबारों में संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के भीतर विभिन्न वरिष्ठ पदों पर लैटरल एंट्री के जरिए प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों की तलाश के लिए एक विज्ञापन जारी किया था। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पद रिक्त हैं। विज्ञापन इन्हीं 45 पदों के लिए था। इससे पहले 2018 में भी तत्कालीन मोदी सरकार ने 57 पदों पर इसी तरह नियुक्तियां की थीं। लेकिन तब भाजपा बहुमत में थी और मनमाने फैसले लेकर उन्हें लागू भी कर देती थी। लेकिन इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद नरेन्द्र मोदी को एनडीए के सहयोगियों के कारण हासिल हुआ है, इस वजह से वे मनमाने फैसले नहीं ले पा रहे हैं। नतीजा ये है कि सत्ता के ढाई महीनों में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीन फैसलों से पीछे हटना पड़ा है। पहले वक्फ बोर्ड संशोधन का विधेयक संसदीय समिति को भेजा गया, फिर ब्रॉडकास्ट विधेयक को टालना पड़ा और अब लैटरल एंट्री के फैसले को भी रद्द किया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रमुख को पत्र लिखकर सिविल सेवा निकाय से लैटरल एंट्री के लिए अपना विज्ञापन रद्द करने को कहा है। जितेंद्र सिंह के पत्र में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों का हवाला देते हुए, संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप लैटरल एंट्री की जरूरत का आह्वान किया गया, और विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधान का जिक्र किया गया है। यानी अब सरकार अगर लैटरल एंट्री लाती है तो उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा। इस पत्र में जितेंद्र सिंह ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के हवाले से संविधान की भावना और आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र किया है, वह साफ तौर पर दिखा रहा है कि केंद्र सरकार पर राहुल गांधी का दबाव असर कर रहा है। दरअसल 17 तारीख के विज्ञापन के फौरन बाद ही राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि यूपीएससी को दरकिनार करने और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को आरक्षण से वंचित करने के लिए लैटरल एंट्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में यह भी कहा था कि श्भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इसे आरक्षण को खत्म करने वाला फैसला बताया था। अखिलेश यादव ने तो बाकायदा चेतावनी दे दी थी कि अगर इस फैसले को सरकार ने वापस नहीं लिया तो वे 2 अक्टूबर से आंदोलन करेंगे। लालू प्रसाद यादव ने इस फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज किया था। यहां तक कि भाजपा का परोक्ष साथ देने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने भी इस फैसले पर बाकायदा ट्वीट कर अपना विरोध प्रकट किया था। शनिवार से लेकर सोमवार तक केंद्र सरकार के इस फैसले पर जब विपक्षी असहमति दर्ज करते हुए इसे संविधान पर प्रहार और पिछले दरवाजे से आरक्षण को खत्म करने की चाल बता रहे थे, तब केंद्र सरकार में एक अन्य केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका जवाब दिया था कि लैटरल एंट्री की व्यवस्था मनमोहन सिंह सरकार के वक्त की है। 2005 में, यूपीए ने वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) की स्थापना की थी। अश्विनी वैष्णव ने यहां सीधी जिम्मेदारी पूर्व की कांग्रेस सरकार पर डाल दी और इसके अलावा भाजपा का भी यह आरोप था कि डा.मनमोहन सिंह, रघुराम राजन, सैम पित्रोदा और मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे लोगों को कांग्रेस ने लैटरल एंट्री के जरिए ही रखा था। लेकिन अश्विनी वैष्णव और भाजपा ने यह नहीं बताया कि कांग्रेस के शासन में केंद्र सरकार में इस तरह थोक में नियुक्तियां नहीं की गई, केवल चुनिंदा क्षेत्रों में विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के लिए इसका प्रावधान किया गया। जाहिर है मोदी सरकार कांग्रेस पर उंगली उठाकर भी अपना बचाव नहीं कर सकी और इधर एनडीए के सहयोगी दल जदयू के नेता के सी त्यागी ने सरकार के फैसले के विरोध में कहा कि जब लोग सदियों से सामाजिक रूप से वंचित रहे हैं, तो आप योग्यता की तलाश क्यों कर रहे हैं? श्री त्यागी ने कहा कि ऐसा करके सरकार विपक्ष को एक मुद्दा तश्तरी में परोस रही है। एनडीए का विरोध करने वाले लोग इस विज्ञापन का दुरुपयोग करेंगे। राहुल गांधी सामाजिक रूप से वंचितों के चौंपियन बनेंगे। हमें विपक्ष के हाथों में हथियार नहीं देना चाहिए।श् वहीं एलजेपी (रामविलास) अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा कि- श्किसी भी सरकारी नयुक्ति में आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इसमें कोई किंतु-परंतु नहीं है। निजी क्षेत्र में कोई आरक्षण मौजूद नहीं है और अगर इसे सरकारी पदों पर भी लागू नहीं किया गया तो गलत होगा। जब एनडीए के सहयोगियों ने भी इस मुद्दे पर भाजपा का साथ नहीं दिया तो मोदी सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा। इसके बाद नरेन्द्र मोदी को गठबंधन धर्म के पालन की नसीहत मिल रही है कि अब उन्हें मनमाने फैसले लेने की जगह सहयोगियों से विचार करके आगे बढ़ना चाहिए। दरअसल यहां मुख्य सवाल यह नहीं है कि श्री मोदी अपनी मनमानी कब छोड़ेंगे या किस तरह सत्ता का समीकरण साधेंगे। अहम प्रश्न यह है कि संविधान में दिए गए समानता के हक को कितने तरह से चोट पहुंचाने की कोशिशें और होंगी। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों पर कब तक सुशासन और विकास के नाम पर कैंची चलती रहेगी। फिलहाल यह निश्चिंतता है कि जब तक राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं वे सरकार पर नजर बनाए रखेंगे, लेकिन लोकतंत्र में जनता के अधिकारों की रक्षा तभी होगी जब जनता लगातार जागरुकता दिखाए।

राशिफल

मेष
सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

वृष
स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें। नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मिथुन
किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें। नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

कर्क
कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें। आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

सिंह
आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कन्या
समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

तुला
मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव।

वश्चिक
आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

धनु
नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं। रोजगार में प्रगति संभव।

मकर
कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें। स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

कुम्भ
पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी।

मीन
क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

जब भूजल विषाक्त हो जाएगा, तब?

राकेश दुबे

यह वैज्ञानिक रिपोर्ट निश्चित ही चौंकाने वाली है कि सन 2100 में लगभग 59 करोड़ लोग ऐसे जल स्रोतों पर निर्भर हो सकते हैं जो पीने योग्य पानी के लिए सबसे कड़े मानकों को पूरा नहीं करते हैं।तथ्य यह है कि दुनिया में लगभग हर चार में से एक व्यक्ति जीवित रहने के लिए पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद जलाशयों पर निर्भर है, क्योंकि साफ पानी की झीलों, नदियों और बांधों तक सभी लोगों की पहुंच नहीं है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि सदी के अंत तक लाखों लोग पानी की इस मामूली आपूर्ति से भी वंचित हो सकते हैं क्योंकि बढ़ते तापमान के कारण उथले भूजल के विषाक्त होने का खतरा है। एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने वैश्विक तापमान वृद्धि के विभिन्न परिदृश्यों के तहत दुनिया भर में भूजल स्रोतों के तापमान परिवर्तनों को सटीक संख्या में बताने के लिए ऊष्मा परिवहन का एक विश्व-स्तरीय मॉडल विकसित किया है। इस समय गर्मी की लहरें, बर्फ की पिघलती हुई टोपियां और समुद्रों का बढ़ता स्तर नियमित रूप से सुर्खियां बटोर रहे हैं,लेकिन हमारा ध्यान भूमि पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की तरफ नहीं जाता। हमें भूजल पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में अधिक व्यापक रूप से सोचने की आवश्यकता है। यह सच है कि हमारे पैरों के नीचे की चट्टान और मिट्टी की परतें समुद्री जल की गर्मी को अवशोषित करने की क्षमता से मेल नहीं खाती हैं। फिर भी,यह आश्चर्यजनक है कि भूजल के गर्म होने के परिणामों पर इतना कम ध्यान दिया गया है, खासकर जब पानी की कमी और रिचार्ज (पुनर्भरण) दर पर इतनी अधिक चर्चा होती है। सतह के ठीक नीचे छिद्रपूर्ण चट्टानों के भीतर फंसा पानी घुले हुए खनिजों, प्रदूषकों और संभावित रोगजनकों से भरा हो सकता है। बहुत बड़ी आबादी के समक्ष इस प्रदूषित जल पर निर्भर रहने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है।

इन भूमिगत जलाशयों को सिर्फ़ एक या दो डिग्री गर्म करने से परिणाम भयावह हो सकते हैं। इससे पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है और खतरनाक बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा मिल सकता है,या आर्सेनिक और मैंगनीज जैसी भारी धातुओं की अत्यधिक मात्रा पानी मे घुल सकती है। दुनिया मे पहले से ही लगभग तीन करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं,जहां भूजल पीने के पानी के सख्त दिशा-निर्देशों में निर्धारित तापमान से ज्यादा गर्म है। इसका मतलब है कि बिना ट्रीटमेंट के वहां का पानी पीना सुरक्षित नहीं है। आसपास पर्याप्त आकार के सतही जलाशयों वाली आबादी के लिए भी गर्म भूजल उन प्रमुख कारकों को बदल सकता है जो पानी को मानव उपभोग के लिए सुरक्षित रखते हैं। 7.7 करोड़ से 18.8 करोड़ लोगों के ऐसे क्षेत्र में रहने का अनुमान है जहां भूजल 2100 तक पीने योग्य मानकों को पूरा नहीं कर पाएगा। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि भूजल की रक्षा के लिए कार्रवाई करना और भूजल पर जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए स्थायी समाधान खोजना कितना आवश्यक है। इस बीच, जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दुनिया में मीथेन उत्सर्जन में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, लोगों की गिरती सेहत, गायब होती बर्फ की चादरों और अप्रत्याशित मौसम के रूप में जलवायु परिवर्तन की बड़ी चेतावनियां हमें लगातार मिल रही हैं। फिर भी हम वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा को उत्सर्जित कर रहे हैं। इससे हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में बताया गया है कि 2006 से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन बढ़ रहा है। 2020 से इसमें तेजी आई है। यदि हम बहुत जल्द कुछ कठोर कदम नहीं उठाएंगे तो उत्सर्जन की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी।

न्यायिक समता ही प्राधिकरण का उद्देश्य-सुमित पवार

जागरूकता शिविर में बोले अपर जनपद न्यायाधीश

रानीगंज,प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार बुधवार को रानीगंज तहसील के शेखूपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा अतिथि को बुके भेंट कर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया । शिविर में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि संविधान में न्यायिक समानता की बात की जाती है जाति धर्म गरीब अमीर के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए ।हमे अपने अधिकारों को लेकर सजग रहना चाहिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धन दिव्यांग बुजुर्ग व्यक्तियों बच्चो महिलाओं आपदा पीड़ितों श्रमिको आदि को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। जागरूकता के अभाव में कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे यह हमारी प्राथमिकता है वैवाहिक वाद राजस्व वाद बैंक ऋण वाद एमवी एक्ट वाद सहित अन्य विवादों को मध्यस्थता सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जाता है ।

जिनके पास मुकदमा लड़ने के लिए धन नहीं है उनको मुफ्त में वकील उपलब्ध कराया जाता है तहसील स्तर पर लीगल एड क्लीनिक पर लोगो की सहायता के लिए पीएलवी की नियुक्ति की गई है । अपर जिला जज ने कार्यक्रम के उपरांत शहीद स्थल कहला पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। नायब तहसीलदार कृपाशंकर यादव ने तहसील स्तर से आपदा राहत किसानों की समस्याएं वरासत ईडब्ल्यूएस आय निवास जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की । सहायक विकास अधिकारी रशीद अहमद ने ब्लॉक की योजनाओं के संबंध में बताया । पीएलवी दिनेश कुमार मिश्र ने लोक अदालत घरेलू हिंसा बाल श्रम मिशन शक्ति आदि की जानकारी दी ।कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अनिल पांडेय ने किया इस दौरान प्राधिकरण के पीएलवीगण ग्राम पंचायत अधिकारी शमशुलदुहा ग्राम प्रधान सुशीला देवी अवधेश मिश्र गोरख प्रसाद शुक्ल शिक्षक शशांक सिंह स्वयं प्रकाश उपाध्याय ताज मोहम्मद राहुल तिवारी सुशील कुमार रजक आशा आंगनवाड़ी समूह की महिलाएं छात्र छात्राएं व ग्रामवासी मौजूद रहे ।

स्थापना दिवस पर प्रार्थना सभा एवं सम्मान पेंशन वितरण समारोह संपन्न

प्रतापगढ़। शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में अम्मा साहेब ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर संसार में स्वस्थ समाज के निर्माण एवं स्वस्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना हेतु जारी अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान के अंतर्गत सम्मान पेंशन वितरण समारोह के साथ संस्था शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि को बचाने के लिए सामूहिक प्रार्थना सभा संपन्न हुई । समारोह के मुख्य अतिथिगण क्रमशः मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ दीपक चावला, एम0डी0पी0जी0 कालेज प्रतापगढ़ की जीव विज्ञानं की प्रोफेसर डॉ0 किरन मिश्रा, सेतापुर सदर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय की सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका लीलावती सरोज, सी0बी0एस0 एकेडमी अंतू के प्रबंधक हीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं बाबा बेलखर नाथ धाम के सराय गनई में उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक ओम प्रकाश सहित संस्था शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्रा वैभवश्री शुक्ला का अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी सामाजिक संघ की ओर से सारस्वत अभिनन्दन संहित सम्मान पत्र से विभूषित कर स्वागत किया गया । समारोह में शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं

स्वागत गीत के साथ सामूहिक प्रार्थना गीत की प्रस्तुति की गयी। संस्था की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा सभी का स्वागत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दीपक चावला ने कहाकि इस जीवन को शिक्षा ग्रहण कर और सुन्दर बनाने का प्रयत्न करना चाहिए ।

उन्होंने कहाकि एक शिक्षित व्यक्ति ही जीवन का मूल्य भली प्रकार समझ सकता है तथा अम्मा साहेब ट्रस्ट के अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान को समझने में भी उसे कठिनाई नहीं होगी। समारोह की दूसरी मुख्य अतिथि डॉ0 किरन मिश्रा ने कहाकि सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हुए जब कल्पनाशील गतिविधियों और सवालों की मदद से हमें सीखने और सीखने के दौरान अपने अनुभव पर विचार करने का अवसर प्राप्त होगा तब हम इस अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान की गहराइयों में जा सकेंगे । तीसरी मुख्य अतिथि लीलावती सरोज ने कहाकि केवल प्रेम में ही करुणा और सौंदर्य, सुव्यवस्था और शांति लाने का सामर्थ्य है । चैथे मुख्य अतिथि हीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहाकि अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा जारी अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों में प्रेममय उच्च विचार-युक्त हृदय की विशालता की आवश्यकता है जिससे विवेकपूर्ण आचरण को सीखकर जीवन में दिव्यता लाई जा सके । पांचवे मुख्य अतिथि ओम प्रकाश ने कहाकि हम अभ्यास और साधना से मन को हर कुमार्ग से सन्मार्ग की ओर उत्प्रेरित कर सकते हैं तथा अशुभ चिंतन को छोड़कर शुभ चिंतन करना ही वस्तुतः श्रेय का मार्ग है । सभी अतिथियों ने एक स्वर से संस्था शारदा संगीत महाविद्यालय की भूमि को हड़पने के लिए जबरन विवादित बनाए जाने के प्रयत्न की निंदा करते हुए परमात्मा से प्रार्थना किया कि वह संस्था की भूमि पर बुरी नजर रखने वालों को सद्बुद्धि प्रदान करे।

समारोह के अध्यक्ष पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहाकि अम्मा साहेब ट्रस्ट एक सैलाब है जिसमें सारा संसार सामाहित हो जाएगा द्य उन्होंने अपनी एक कविता जिसका शीर्षक ÷रास्ता खाली करो !÷ है इसे समर्पित करते हुए कहाकि अम्मा साहेब ट्रस्ट जिस अंदाज में अपनी गति को लगातार बढाती जा रही है उससे इसके सामने आने वाली किसी भी बाधा से यह किसी भी रूप में प्रभावित होने वाली नहीं है। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहाकि जब तक संसार में एक भी व्यक्ति ऐसा है जिसे आजीवन मासिक पेंशन जारी नहीं की जा सकी हो तब तक उनका कार्य अधूरा है।

उक्त अवसर पर रोशनलाल उमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार कनौजिया, मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, मनप्रीत कौर, कुसुमलता श्रीवास्तव, प्रभाकर पाण्डेय, राम प्रकाश तिवारी, प्रताप सिंह, राधे श्याम तिवारी तथा संस्था के तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।अम्मा साहेब ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सुनील कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

शोषण एवं उत्पीड़न के खिलाफ विद्युत कर्मचारियों ने दिया धरना सौंपा ज्ञापन

रानीगंज (प्रतापगढ़)। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ रानीगंज इकाई के विद्युत कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौपकर मांग की है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में ना रखते हुए निजी कंपनियों द्वारा उनका शोषण एवं उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि विद्युत बिभाग के सभी निजी कार्यों में उनको इस्तेमाल किए जाने के बावजूद भी कर्मचारियों के स्थात्रण प्रक्रिया में धांधली बरती जा रही है।

विद्युत हादसों में में उनके परिजनों के सहयोग को लेकर प्रश्न चिन्ह लग जाता है सहयोग के नाम पर सिर्फ अस्वासन ही मिल पाता है। विद्युत बिच्छेदन एवं राजस्व वसूली के कार्यों को लेकर लाइनमैन के भरोसे छोड़ दिया जाता है जबकि उनको कोई सुरक्षा सुविधाएं नही प्रदान की जाती इन्ही तमाम बिन्दुओ पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निदेशक को सम्बोधित ज्ञापन अधिशाषी अभियंता रानीगंज को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने में संघ के अध्यक्ष विजय सिंह, मंत्री संतोष कुमार, अरविन्द सिंह, संतोष मिश्रा आदि कई बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल,हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से एक घायल को रेफर किया गया है। प्रयागराज जनपद के मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत नीवी शुकुल पुर निवासी पंकज तिवारी 29 वर्ष पुत्र जय प्रकाश तिवारी तथा अंकित मिश्रा 31 वर्ष पुत्र श्री प्रकाश मिश्रा बुधवार की सुबह प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से बाइक से जाते समय कुंडा नगर व कोतवाली क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर में सड़क पर गिरकर दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है।

आंखें अमूल्य हैं, इनकी सुरक्षा जरूरी- डॉ.केएन मिश्र

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंसा (प्रतापगढ़)। हमारी आंखें अमूल्य हैं। आंखों के बिना जीवन अंधकारमय है। इसलिए इनकी सुरक्षा करना जरूरी है। यह बातें क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कैलाश नाथ मिश्रा ने हृदयनगर रामापुर स्थित कृष्णा मेमोरियल हॉस्पिटल में सरस्वती आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग जागरूकता के अभाव में अपने आंखों की रोशनी खो बैठते हैं। शिविरों के माध्यम से ही लोगों के अंदर जागरूकता पैदा की जा सकती है। छोटी-छोटी सावधानियां करके अपने आंखों को स्वस्थ व सुरक्षित रख सकते हैं।

सरस्वती आई हॉस्पिटल के जनसंपर्क अधिकारी राजेश दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्डधारकों को अस्पताल में सारी सुविधायें निशुल्क उपलब्ध हैं। अस्पताल के निदेशक डॉक्टर देवांशु ओझा का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों के प्रति लोगों को जागरूक

किया जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नेत्र मितिज्ञ अरबाज ने बताया कि धूल या कोई बाहरी तत्व आंख में पड़ जाए तो उसे रगड़े मत,उसको पानी से धोयें । रगड़ने से आंख में नुकसान पहुंच सकता है।

इस दौरान कुल 124 मरीजों के नेत्र का परीक्षण किया गया। 16 रोगियों में मोतियाबिंद की बीमारी मिली। जिन्हें सरस्वती आई हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया।

बाकी के आंखों की रोशनी की जांच कर उन्हें सुरक्षित रखने की सलाह देने के साथ ही आवश्यक लोगों को दवाएं भी मुफ्त वितरित की गई। केमजास संस्थान के अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे ने अस्पताल में अन्य रोगों से भी संबंधित इस तरह के निःशुल्क कैंप समय समय पर लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉक्टर गौरव दुबे, ऋषभ दुबे, सुरेश नारायण पाण्डेय, पिंटू शर्मा, बीके कश्यप, अंजनी उमर वैश्य, कोमल, कमला उपाध्याय, अरुण शर्मा, ओम प्रकाश आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे। अंत में कृष्णा मेमोरियल जन सेवा एवं शोध संस्थान के सचिव डॉक्टर जेपी दुबे ने सभी के प्रति आभार जताया।

अभियुक्तों के घर पुलिस ने चस्पा की 82 की नोटिस

लोक मित्र ब्यूरो

लीलापुर प्रतापगढ़। गांव में मुनादी कराकर पुलिस ने अभियुक्तों के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के कुशल निर्देशन मे अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध तथा वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत थाना लीलापुर के उ0नि0 शैलेन्द्र यादव व महिला उपनिरीक्षक ज्योती सिंह मय हमराह द्वारा,दिनांक 21.08.2024 को थाना लीलापुर के मु0अ0स0 109/18 धारा 354ख/323/504/506 भादवि व 7/8 पाक्शो व 3(2)5 स्ष्ट/स्ज्ञ्‌ ष्ट्ज्ञ थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़, से सम्बन्धित अभियुक्तगण-संदीप वर्मा पुत्र शिवशंकर वर्मा निवासी ग्रा0 कलंदर भदारी कला थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़, ननिहाल पता-ग्राम जुगई का पुरवा कटैया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़। व सूरज वर्मा पुत्र रामकिशन वर्मा निवासी ग्राम जुगई का पुरवा, कटैया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ ।

छात्राओं को बांटा गया टेबलेट

जेठवारा ,प्रतापगढ़। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह धनराज कुंवर गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत टेबलेट का वितरण किया गया ।

टेबलेट प्राप्त करके छात्राओं के चेहरे खिल उठे । जिसमे सभी छात्राओं और कॉलेज के प्रबंधक विनोद प्रताप सिंह ,प्रधानाचार्य रावेंद्र प्रताप सिंह ,विद्यालय के संरक्षक एवं परीक्षा प्रभारी रणविजय सिंह ,सहायक अध्यापक अनिल कुमार तिवारी, अनिल कुमार पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, उदय प्रकाश सिंह , विजय बहादुर, रमेश कुमार यादव , सुनील कुंदेल , ज्ञान मिश्रा, मती सुमन सिंह, अंजू पटेल आदि शिक्षको का विशेष सहयोग रहा। कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के अध्यक्ष मुन्ना यादव का भी वितरण में सहयोग रहा।

मारपीट में पिता-पुत्र घायल, पिता गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। मामूली विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्र कों मारपीट कर घायल कर दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती तिगुनाइत का पुरवा निवासी दिनेश यादव 45 वर्ष पुत्र दूधनाथ यादव तथा बेटा आदर्श 22 वर्ष को मामूली विवाद में पड़ोसियों ने लाठी डंडे से सिर पर मारपीट कर लहूलुहान करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। वादी की तहरीर पर णपुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करके घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेटा आदर्श को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, परंतु पिता दिनेश यादव को हेड इंजरी होने

मेंहदी और कला प्रतियोगिता में बिलीवर हाउस ने मारी बाजी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को इण्टर हाउस मेहंदी और कला प्रतियोगितायें आयोजित हुई। इसमें बाजी बिलीवर हाउस के हाथ रही। उसने दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अचीवर हाउस, बिलीवर हाउस, चैलेंजर हाउस, कान्करर हाउस के कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मेहंदी प्रतियोगिता के लिये श्रीमती मंजू मिश्रा और श्रीमती पूनम श्रीवास्तव को और कला प्रतियोगिता के लिये श्रीमती सुमन सिंह और श्रीमती नीरज को जज नियुक्त किया गया था। प्रधानाचार्य बीके सोनी ने बताया कि मेहंदी लगाना हमारे देश की जीवंत परम्परा है। इसे लगभग सभी धर्मों के लोग शुभ कार्यों में लगाते हैं और

मेहंदी प्रतियोगिता हमारी संस्कृतियों को जोड़ती है। शांति, एकता और सद्भावना को बढ़ावा देती है। इसी प्रकार कला आत्म अभिव्यक्ति का एक रूप है। यह हमारे जीवन को समृद्ध बनाती है।

मेहंदी और कला दोनों प्रतियोगिताओं में बिलीवर हाउस ने विजय प्राप्त की। चैलेंजर हाउस मेहंदी में और अचीवर हाउस कला में द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का समापन करते हुए चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने मेहंदी और कला के विनर और रनर हाउस के बच्चों को बधाई देते हुए कहा सवाल जीत और हार का नहीं होना चाहिये, सवाल प्रतिभागिता का होना चाहिये। वे सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जिन्होने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कर्म करो फल की इच्छा मत करो, यही जीवन का सिद्धांत होना चाहिए।

लखनऊ से पहुंची टीम ने की सीएचसी के गुणवत्ता की परख

पट्टी प्रतापगढ़।बुधवार को लखनऊ से पहुंची टीम ने पट्टी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। टीम ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच करते हुए अस्पताल की गुणवत्ता की परख की। लखनऊ टीम से पर्यवेक्षक के रूप में डॉक्टर वेद प्रकाश व प्रतापगढ़ जिले के स्वास्थ्य महकमे के डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आजाद ने सीएचसी पट्टी पहुंच कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम द्वारा अस्पताल के डेंगू वार्ड डेमो , लेबर रूम , पैथोलॉजी कक्ष, दवा वितरण कक्ष , औषधि भंडार कक्ष , टीकाकरण कक्ष , ओटी सहित साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। टीम द्वारा सीएचसी के विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की गई। ओपीडी कर रहे डॉक्टरो के कमरे में जाकर डॉक्टरों व मरीजों से बात की गई और डॉक्टरों को बाहर की दवा ना लिखने के लिए निर्देशित किया गया।

अस्पताल परिसर में बारिश के पानी से हुई जल जमाव की समस्या को देखकर उन्होंने असंतोष जाहिर किया और उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। सीएचसी के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जायसवाल ने बताया कि टीम द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं व उनकी गुणवत्ता की जांच की गई। अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखकर टीम ने खुशी जाहिर की है।

गाली मुक्त समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने निकाला कैंडल मार्च

प्रतापगढ़। जिले में चिलबिला चैराहा से हनुमान मंदिर सुल्तानपुर रोड तक पैदल मार्च निकालकर गाली मुक्त समाज टस्ट के पदाधिकारियों ने विरोध प्रकट किया साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कोर कमेटी व संस्थापक प्रमोद पाण्डेय के दिशा निर्देश मे दी गई श्रद्धांजलि।

पैदल मार्च में सम्मिलित प्रमुख लोगों में ट्रस्ट परिवार से प्रतापगढ़ जिला प्रभारी सुभाष चंद्र मिश्र जी ने कैंडल मार्ग का प्रतिनिधित्व किया। जिला संयोजक (अमेठी, सुल्तानपुर , प्रतापगढ़) शिक्षक अजय यादव, जिला अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, जिला महामंत्री शिक्षक राजेश मिश्र जिला अध्यक्ष अमेठी राजेश गुप्ता भोजवाल , जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनूप गुप्ता, बीबीएनडी ब्लॉक से शिवराम गुप्ता,

रवि गुप्ता, रोहित पाण्डेय, राज पाण्डेय, अरविंद कश्यप, निखिल गुप्ता, नितिन गुप्ता भोजवाल,संडवा चंद्रिकन ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार पदाधिकारी एवम् सदस्यगण उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य जनों मे नगर चिलबिला से वरिष्ठ समाज सेवी श्याम सुंदर टाऊ जी,समाजसेवी बृजेश पाण्डे जी, सभासद पवन गुप्ता जी ,रामकृष्ण टाऊ जी, एबीवीपी नगर मंत्री अभिषेक उमरवैश्य, नंदलाल गुप्ता, छोटेलाल सोनी, वल्लभ उमरवैश्य, गुड्डू उमर वैश्य आदि सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए।

ड्राइवर की लापरवाही पर आत्रेय स्कूल प्रबंधक को नोटिस

बीएसए ने तीन दिन के अंदर मांगा जवाब

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। स्कूल वाहन चालक की लापरवाही को बेसिक शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। बीएसए ने आत्रेय स्कूल प्रबंधक को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर कार्यालय में जवाब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

शहर के सिनेमा रोड स्थित आत्रेय एकेडमी का एक वाहन बीते मंगलवार को स्कूल से छुट्टी होने पर बच्चों को घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में रामलीला मैदान के पास बने रेलवे अंडर पास में बारिश का पानी जमा हो गया था। बावजूद इसके वाहन चालक बच्चों की जान जोखिम में डालते हुए अंडर पास के गहरे पानी में वाहन लेकर घुस गया। इससे वाहन पानी में फंस गया। बच्चों को चीख पुकार सुन आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चों को किसी तरह सुरक्षित वाहन से बाहर निकाला।

स्थानीय लोगों ने चालक पर नशे में वाहन चलाने का आरोप लगाया था। यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को आत्रेय एकेडमी के प्रबंधकध्प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी किया है। उन्होंने तीन दिन के अंदर प्रमाण सहित कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने स्वामियों को सौंपे गायब मोबाइल

प्रतापगढ़। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार छानबीन के दौरान चोरीध्गुम हुए कुल 101 मोबाइल फोन कुल अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये बरामद किया। एसपी द्वारा बरामद सभी 101 स्मार्ट फोनों को उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द । झारखण्ड, हिमांचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, बहराइच, रायबरेली, लखनऊ, नई दिल्ली, कर्नाटक, बिहार राज्यों व जनपदों से बरामद किये गये कुल 101 स्मार्ट मोबाइल फोन । सर्विलांस टीम से प्रभारी उ0नि0 सुनील यादव मय हमराह मु0आ0 पंकज दूबे, आ0 प्रवीण, आ0 सनोज कुमार, आ0 संजय कुमार, आ0 अनुपम पाथरे, आ0 अरविन्द दूबे, आ0 जागीर सिंह, आ0 श्रीराम द्वारा कड़ी मेहनत कर लोकेशन को लगातार ट्रैस कर वैज्ञानिकध्मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर किया गया मोबाइलों को बरामद । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय के कुशल मार्गदर्शन से विगत माह में चोरी गयेध् गुमसुदा मोबाइल फोनों की तलाश हेतु सर्विलांस टीम जनपद प्रतापगढ़ द्वारा अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए मोबाइल फोनों के लोकेशन ध् वैज्ञानिक व तकनीकी आधार पर डाटा संकलित कर निरन्तर प्रयास किया जा रहा था । इसी क्रम में सर्विलांस टीम से प्रभारी उ0नि0 सुनील यादव मय हमराह मु0आ0 पंकज दूबे, आ0 प्रवीण, आ0 सनोज कुमार, आ0 संजय कुमार, आ0 अनुपम पाथरे, आ0 अरविन्द दूबे, आ0 श्रीराम, आ0 जागीर सिंह द्वारा विभिन्न राज्यों झारखण्ड, हिमांचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, बहराइच, रायबरेली, लखनऊ, नई दिल्ली, कर्नाटक, बिहार राज्यों व जनपदों से बरामद किये गये कुल 101 स्मार्ट मोबाइल फोन कुल अनुमानित कीमतद्द 25 लाख रूपये को बरामद किया गया । सभी मोबाइल फोन हुवई, ओप्पो, वीवो, रियलमी, रेडमी, इंफिनिक्स, टेक्नो स्पार्च,मोटो, सैमसंग, वनप्लस, पोक्को, जिओमी आदि कम्पनियों के कुल 101 मोबाइल को विभिन्न राज्यों से बरामद किया गया है । पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आज दिनांक 21.08.2024 को पुलिस लाइन्स प्रतापगढ़ के संई कॉम्पलेक्स में उपरोक्त सभी बरामद कुल 101 स्मार्ट फोन को उनके स्वामी को सुपर्द

जिलाधिकारी ने ली तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों तथा एयरपोर्ट के कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास कार्यों, पर्यटन विभाग द्वारा लैंड बैंक के लिए भूमि का प्रस्ताव, यूपीटी चैराहा व रामघाट पर सेल्फी प्वाइंट के लिए स्थल उपलब्ध कराए जाने, तहसील मानिकपुर में स्वीकृत परियोजना पाठा क्षेत्र का विकास के अंतर्गत ट्राइबल हाट की स्थापना के लिए निःशुल्क भूमि, आगामी मेले एवं महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने, नवीन कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा कार्यों की, जिसमें परियोजनाओं के अंतर्गत सृजित संपत्ति के रखरखाव एवं संचालन ठीक ढंग से कराया जाए। उन्होंने धार्मिक पर्यटन के अलावा इको पर्यटन की संभावनाए तलाश किए जाने पर जोर दिया। पर्यटन कार्यों के लिए चिन्हित भूमि के मुआवजे आदि की कार्यवाही शीघ्र निस्तारित की जाए। मुख्य परियोजनाओं का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के अंतर्गत जो पर्यटन विकास के कार्य कराए जा रहे हैं, यह कार्य मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण कार्यों में से हैं। इन कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि जो एयरपोर्ट का कार्य अवशेष है उसको तत्काल कराया जाए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने की परीक्षा केन्द्रों की जांच

चित्रकूट।पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एलआईयू सूर्य कांत अरुण राय के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा 23 अगस्त से प्रारम्भ होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 6 परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर का स्थलीय भ्रमण कर सघन जांच की

किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जाएगा निस्तारण - डीएम

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि जो आप लोगों ने समस्याएं आज विभिन्न विभागों की किसान दिवस के अवसर पर दिया है, उनका निस्तारण सम्बन्धित विभागों से प्राथमिकता से कराया जाएगा। उपनिदेशक कृषि ने गत बैठक में किसानों द्वारा प्राप्त समस्याओं के निस्तारण आख्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिसमें जिलाधिकारी ने किसानों से समस्या के निस्तारण की जानकारी की, जिसमें किसानों ने समस्याओं को निस्तारण से संतुष्टि व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने किसानों से कहा कि जो बैठक में विभिन्न विभागों की समस्या रखी गई है, उनमें से जो निराश्रित गोवंश की समस्या है तो निराश्रित गोवंश पर सतत प्रयास जारी है, जो निराश्रित गोवंश आप लोगों को गांव मे मिले तो आप लोग गौशाला के अंदर प्रवेश कराएं। अगर कोई समस्या है तो सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया जाए, त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट फैसले के विरोध में निकला भारी जुलूस

चित्रकूट।भीम आर्मी भारत एकता मिशन, आजाद समाज पार्टी काशीराम आदि ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण को लेकर भारत बन्द के आवाहन पर जिला मुख्यालय में भारी जुलूस निकाला। जुलूस में आरक्षण को लेकर जमकर नारेबाजी होती रही। जुलूस में शामिल लोगों ने बाजार की दुकानें बन्द कराने का प्रयास कियाजो सफल हुआ भारत बन्द में ज्यादातर दुकानें बंद रही।

बुधवार को भारत बंद आवाहन पर पुरानी कोतवाली परिसर से भीम आर्मी भारत एकता मिशन आजाद समाज पार्टी काशीराम ने जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए आरक्षण के समर्थन में शहर के मुख्य बाजार से गुजरे। आरक्षण समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर बाजार बन्द कराने का प्रयास किया। इसे लेकर लोगों से छिटपुट झडपें हुई। जुलूस में सुरक्षा को भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

जुलूस बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सपा, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी ने एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जातिगत गणना कराई जाये। अनुसूचित जातिध्जनजाति व पिछडा वर्ग के आरक्षण कोटे को सभी विभाग पूरा करें। गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाये। अनुसूचित जातिध्जनजाति व पिछडे वर्गों के आरक्षण कोटे को सभी विभागों के पूरा न होने तक आरक्षण प्राविधान को संविधान की नौंवी सूची में डाला जाये, ताकि आरक्षण से छेडछाड न हो सके। इस बाबत आन्दोलन के पहले चरण 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन व दूसरे चरण 11 सितम्बर को दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आगे भी आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय गौतम, श्रीपाल प्रजापति, कुंवर सिद्धार्थ, जयप्रकाश, रविराज, धर्मेन्द्र कुमार भास्कर, वीरेंद्र कुमार भास्कर, प्रकाश अंबेडकर, संजय सिंह राणा कुलदीप वर्मा, सहित 500भीम आर्मी के लोग मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभिया के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने बताया कि चैकी प्रभारी खण्डेहा उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा अनिल निषाद निवासी मण्डौर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी कि विरूद्ध थाना मऊ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बसपा ने भारत बंद के समर्थन में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट।बहुजन समाज पार्टी जनपद के तत्वाधान में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा के नेतृत्व में भारत बंद के समर्थन में शान्ति पूर्ण तरीके से ज्ञापन प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर प्रभारी बलदेव प्रसाद वर्मा, लोकसभा बांदा चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी, राम लखन निषाद, जमुना प्रसाद पाल, सोनपाल वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, राजकमल वर्मा, जगदीश यादव, शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद वर्मा, फूल कुमार वर्मा, फूल चंद्र खंगार, बृजमोहन वर्मा, विनोद पाल, विनय पाल, प्रिंस कुशवाहा, रघुराज वर्मा, गया दीन वर्मा, दरबारी लाल, जगदीश पटेल, छोटेलाल वर्मा, रामपाल भारती, दरबारी लाल वर्मा, रामसरन भारती, बी लाल सविता, अरुण कुमार पाल, वीरन पासी, रामरहीस, जगदीस यादव, उमाकांत, प्रमोद, शिवऔतार, अपदंल पाल, विनोद पाल, राजेन्द्र वर्मा, गया सविता, कुशल पटेल, इकराम वर्मा, जगत पटेल, सन्तोष वर्मा, रावेंद्र वर्मा, धानी निषाद, निर्मल आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ली जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला वृक्षारोपण एवं जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने नदी संरक्षण, नदी में गिरने वाले टैप्ड और आनटैप्ड नालों की स्थिति, नदी में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट को गिरने से रोकना, मिशन लाइफ के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान पार्कों की साफ सफाई व कूडा कचरा के निस्तारण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, जनपद में स्थित निजी स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन की मानिटरिंग, पौधारोपण, जियो टैगिंग आदि की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंप हाउस, डब्ल्यू टी पी, ओवरहेड टैंक जहां पर बने हैं, वहां पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण प्रभागीय वनाधिकारी से संपर्क स्थापित कर कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि चारागाह की शासकीय भूमि चिन्हित कराकर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में प्लास्टिक मुक्त के बारे में लोगों को अभियान चला कर जागरूक करें। साथ ही अगली बैठक में विवरण रखें कि भंडारा के दौरान प्लास्टिक दोना पत्तल का उपयोग कितने लोगों ने किया और उसमें कितने लोगों को जुर्माना किया गया है।

उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों एवं रेंजर्स वन विभाग से कहा कि देवस्थानों पर जहां पर भंडारा हो रहे हैं, वहां पर प्लास्टिक के दोना पत्तलों पर प्रतिबंध लगाए और लोगों को जागरूक करें, अगर व्यक्ति नहीं मानता है तो उसके ऊपर जुर्माना भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जो पौधारोपण कराया गया है, उसका जियो टैग एक सप्ताह के अंदर करा दे। प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि पौधारोपण की जियो टैगिंग के लिए सभी विभागों को यूजर नेम पासवर्ड दिया गया है जो पौधा लगाए गए हैं, उसमें अगर कोई पौधे सूख गए हैं तो उनको फिर से रोपण कर दे। वन विभाग की सभी नर्सरी पर पौधे उपलब्ध है। एक पेड मां के नाम के अंतर्गत जो पौधा लगाए गए हैं, उनको भी भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करें। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला पंचायत राज्य अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया सदर तहसील का औचक निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को तहसील कर्वी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी में निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, राजस्व अभिलेखागार, नजारत, संग्रह अभिलेखागार, भूलेख कार्य, राजस्व न्यायालय, राजस्व संग्रह, स्वान केन्द्र, सेवा सम्बन्धी मामले, लंबित पेंशन प्रकरणों, आय जाति निवास प्रमाण पत्रों के वितरण की स्थिति, उप जिलाधिकारी कर्वी, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक एवं नायब तहसीलदार कर्वी की कोर्ट, विविध प्रशासनिक कार्यों के विभिन्न पटलों का विधिवत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में अंश निर्धारण, न्यायालय में लंबित वादों, तालाब पोखरा कृषि व आवास पट्टा आवंटन, शासकीय जमीनों पर धारा-67 के तहत कार्यवाही, खतौनी अपडेट, खतौनी फीडिंग, वरासत, नामांतरण, नई खतौनियां, पाका -11, खसरा पडताल, खतौनी वितरण आदि को देखा।

उन्होंने पटल सहायकों को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि की पत्रावलियों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाए। साथ ही खतौनियों के अंश निर्धारण अद्यतन नहीं है, उसको तत्काल अद्यतन कराया जाए। उन्होंने कहा कि समय से वरासत दर्ज कराई जाए, उद्धरण खतौनी की फीडिंग समय से कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि जो विभिन्न मामलों के वाद आप लोगों के कोर्ट में लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए और भूमि सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, न्यायिक अखिलेश्वर गुप्ता, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल

कर्वी बस स्टैंड के वाटर कूलर खराब, पालिका मौन

डीएम के निरीक्षण उपरांत सख्त निर्देश के बाद भी वाटर कूलर से नहीं गिरी पानी कि एक बूंद

चित्रकूट। शहर में स्थित पुराना बस स्टैंड में महीनों से वाटर कूलर खराब है। यूपी आरक्षी भर्ती परीक्षा का सेंटर जनपद में 6 जगह पर है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र में समुचित व्यवस्था के दावे प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं परंतु आवागमन के लिए प्रमुख साधन बस स्टैंड कर्वी में ही पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। महीनों से दो वाटर कूलर खराब पडे हुए हैं, दो में से एक वाटर कूलर में करंट आने की समस्या थी तो बस डिपो के इंचार्ज द्वारा शिकायत पर नगर पालिका द्वारा बिजली कनेक्शन काटकर खाना पूर्ति करते हुए लोगों को करंट से तो बचा लिया गया परन्तु प्यास से निजात दिलाने में अभी भी असफल है।

रक्षाबंधन पर बस स्टैंड में भारी भीड थी बावजूद इसके पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। आरक्षी भर्ती परीक्षा के साथ ही अमावस्या भी आने वाली है, प्रतिदिन हजारों यात्री कर्वी से बांदा, महोबा, हमीरपुर, कानपुर, फतेहपुर, लखनऊ एवं प्रयागराज, बनारस तक का सफर रोडवेज से करते हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कर्वी बस स्टैंड का निरीक्षण कर साफ सफाई, पेयजल सहित समुचित व्यवस्था सुधार के निर्देश भी दिए बावजूद इसके आज तक वाटर कूलर ठीक नहीं करवाए गए हैं।

जल प्रहरियों ने जल धरोहरों को बचाने को लिए सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट। चित्रकूट के समाज को आने वाले पेय जल अकालों का सामना करने की क्षमताए विकसित करने के उद्देश्य से चित्रकूट जल धरोहर बचाओ तिरंगा यात्रा चित्रकूट के जल प्रहरियों द्वारा को सुंदर घाट से 500 मीटर दूरी पर स्थित झील पर पेशवा कालीन निर्मित जल महल से प्रारंभ की गई। यह यात्रा गोलतालाब तक गई। चित्रकूट की जल धरोहर झील और जल महल बावली तथा गोल तालाब का अस्तित्व समाज, सरकार दोनों की लापरवाही के कारण समाप्त होने के कगार में है। इन जल धरोहर में वर्तमान में जबरदस्त पानी भूगर्भ जल से मिला हुआ है। सभी जल प्रहरियों ने संकल्प लिया की आने वाली पीढी के स्वस्थ आनंदित जीवन के लिए चित्रकूट की नदियों को और जल धरोहरों को बचाना, उनके पुनर्जीवन के लिए पहल करनी है। बुधवार को जिलाधिकारी को जल धरोहरों को बचाने, उनके संरक्षण तथा नदियों सहित जल धरोहरों के सीमांकन करने के लिए जल प्रहरियों की ओर स्वीकृत जल प्रहरियों ने चित्रकूट जल धरोहर बचाव तिरंगा यात्रा के साथ ज्ञापन दिया। इस मौके पर शंकर दयाल पयासी, समाज सेवी अख्तर फराज, डॉ. मनोज द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

वेद कंठस्थीकरण प्रतियोगिता में शामिल हुए 35 बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। पाल्क संस्था की ओर से श्री माँ विंध्यवासिनी वेद श्रवण पाठशाला विंध्याचल में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के बीच वेद कंठस्थीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 35 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथि समाजसेविका हरमीत कौर, समाजसेविका सारिका अग्रवाल व सुमन देवी ने सभी बच्चों को तिलक लगा और माल्यार्पण कर किया। संस्था की सदस्य दीपा उमर ने अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया।

इसके बाद सभी बच्चों ने आपस में शास्त्रार्थ कर अपनी प्रतिभा दिखायी, जिसमे से विजयी प्रतिभागियों का चयन प्रधानाचार्य अगस्त्य द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रिंस पाण्डेय प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय, पीयूष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग में ओम चौबे प्रथम, अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वितीय तथा शनि को तृतीय स्थान मिला। वरिष्ठ वर्ग में रूद्र नारायण को प्रथम, आयुष पाण्डेय द्वितीय तथा सत्यम पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेद पाठशाला के प्रधानाचार्य अगस्त्य द्विवेदी, अश्वनी पाण्डेय, प्रशांत मिश्र, सोमेश्वर पति त्रिपाठी, राकेश वर्मा, शिवराम शर्मा, संजय श्रीवास्तव, तुषार विश्वकर्मा, संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे और छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में बहुजन समाज पार्टी द्वारा किया गया। उक्त क्रम में कलेक्ट्रेट में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मझवां विधान सभा उप चुनाव के लिए नामित बीएसपी के प्रत्याशी दीपू तिवारी ने कहा कि संविधान द्वारा जिस रूप में वंचितों को आरक्षण मिला है उसमें कोई रद्दो बदल या उसकी व्याख्या स्वीकार नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बहाने आरक्षित वर्ग को आपस में बांटने का काम न करे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई दुस्साहस सरकार ने किया तो उसका जबरदस्त विरोध किया जाएगा। आज भारत बंद वैसे तो बेअसर रहा, बाजार खुले रहे, यातायात सामान्य रहा फिर भी सपा और अन्य संगठनों ने औपचारिकतावश विरोध प्रदर्शन अवश्य किए। बीएसपी का विरोध प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त हुआ।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी की कराई गयी रिहर्सल

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में 23, 24, 25, 30 तथा 31 अगस्त को होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी की रिहर्सल करायी। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी में लगे हुये समस्त अधिकारी, कर्मचारी समय पर अपने परीक्षा केन्द्र, डियूटी पॉइंट पर पहुंचे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। डियूटीरत अधिकारी, कर्मचारी किस प्रकार से डियूटी करेंगे बताया गया। इस दौरान कलेक्टरेट परिसर स्थित स्ट्रांग रुम से डियूटियां रवाना की गयी। साथ ही परीक्षा केन्द्र सीआईसी का भ्रमण कर रिहर्सल डियूटी पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी को चेक किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झां, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

पुष्पेन्द्र सिंह के जनपद आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

चित्रकूट। जिला कौंग्रेस समिति चित्रकूट कैंप कार्यालय में कौंग्रेस नेता पुष्पेंद्र सिंह का जिला कौंग्रेस समिति द्वारा स्वागत किया गया। लखनऊ प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार जनपद आने पर ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह का जिला कौंग्रेस समिति ने जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगवाई में स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पुष्पेंद्र सिंह के कौंग्रेस पार्टी में आने से जनपद ही नहीं पूरे बुंदेलखंड कौंग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिला कौंग्रेस समिति उनका स्वागत करती है। इस मौके पर वरिष्ठ कौंग्रेस नेता अवधेश करवरिया, गज्जू प्रसाद फौजी, राजकुमार गर्ग, शिव गुलाम वर्मा, रमादत मिश्रा, कालीचरण राजपूत, ओम प्रकाश गुप्ता, महेंद्र सिंह, विजय मणि त्रिपाठी, बुधनी सिंह, जग जाहिर पटेल, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जौहरी प्रसाद, बृजेंद्र सिंह, शशि भाल सिंह, सोनू सिंह,

सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मातृशक्ति हों एकजुट-विनीता

चित्रकूट। आगामी 25 अगस्त दिन रविवार को जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित किशोर रिसॉर्ट में होने वाले देवदूत वानर सेना सम्मेलन के सम्बन्ध में वानर सेना की जिला संरक्षक दिव्या त्रिपाठी व मातृशक्ति जिलाध्यक्ष तृप्ति तिवारी की अगुवाई में आज कर्वी स्थित गणेश बाग में बैठक की गई। इस दौरान मातृ शक्तियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक माताओं एवं बहनों को जोडने के लिए संगठन की महिलाओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। वानर सेना की महामंत्री विनीता द्विवेदी ने बताया कि इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी मातृ शक्तियों को महिलाओं के बीच जाकर उनको वानर सेना के कार्यों को विस्तार से बताने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में वानर सेना के कार्यों की सराहना करते हुए आई हुई मातृशक्तियों को बताया गया कि कैसे असहाय, दीन दुःखियों एवं गरीबों की मदद के लिए हर तरह से वानर सेना इकट्ठा हो जाती है। बैठक में उपस्थित महिला पदाधिकारियों ने कहा कि देवदूत वानर सेना के संगठन को बढाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को जोडने के लिए वानर सेना की महिलाएं भरसक प्रयास करेंगी। इसका शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाया। बताया कि घर घर जाकर मातृ शक्तियों को जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर देवदूत वानर सेना की जिला महामंत्री विनीता द्विवेदी, जिला महामंत्री साधना सिंह, प्रगति सिंह, अनीता साहू, प्रभा साहू आदि मौजूद रहीं।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

जिलाधिकारी ने ली तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों तथा एयरपोर्ट के कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास कार्यों, पर्यटन विभाग द्वारा लैंड बैंक के लिए भूमि का प्रस्ताव, यूपीटी चैराहा व रामघाट पर सेल्फी प्वाइंट के लिए स्थल उपलब्ध कराए जाने, तहसील मानिकपुर में स्वीकृत परियोजना पाठा क्षेत्र का विकास के अंतर्गत ट्राइबल हाट की स्थापना के लिए निःशुल्क भूमि, आगामी मेले एवं महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने, नवीन कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा कार्यों की, जिसमें परियोजनाओं के अंतर्गत सृजित संपत्ति के रखरखाव एवं संचालन ठीक ढंग से कराया जाए। उन्होंने धार्मिक पर्यटन के अलावा इको पर्यटन की संभावनाए तलाश किए जाने पर जोर दिया। पर्यटन कार्यों के लिए चिन्हित भूमि के मुआवजे आदि की कार्यवाही शीघ्र निस्तारित की जाए। मुख्य परियोजनाओं का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के अंतर्गत जो पर्यटन विकास के कार्य कराए जा रहे हैं, यह कार्य मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण कार्यों में से हैं। इन कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि जो एयरपोर्ट का कार्य अवशेष है उसको तत्काल कराया जाए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने की परीक्षा केन्द्रों की जांच

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एलआईयू सूर्य कांत अरुण राय के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा 23 अगस्त से प्रारम्भ होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 6 परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर का स्थलीय भ्रमण कर सघन जांच की

किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जाएगा निस्तारण - डीएम

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि जो आप लोगों ने समस्याएं आज विभिन्न विभागों की किसान दिवस के अवसर पर दिया है, उनका निस्तारण सम्बन्धित विभागों से प्राथमिकता से कराया जाएगा। उपनिदेशक कृषि ने गत बैठक में किसानों द्वारा प्राप्त समस्याओं के निस्तारण आख्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिसमें जिलाधिकारी ने किसानों से समस्या के निस्तारण की जानकारी की, जिसमें किसानों ने समस्याओं को निस्तारण से संतुष्टि व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने किसानों से कहा कि जो बैठक में विभिन्न विभागों की समस्या रखी गई है, उनमें से जो निराश्रित गोवंश की समस्या है तो निराश्रित गोवंश पर सतत प्रयास जारी है, जो निराश्रित गोवंश आप लोगों को गांव मे मिले तो आप लोग गौशाला के अंदर प्रवेश कराएं। अगर कोई समस्या है तो सम्बन्धित खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया जाए, त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट फैसले के विरोध में निकला भारी जुलूस

चित्रकूट।भीम आर्मी भारत एकता मिशन, आजाद समाज पार्टी काशीराम आदि ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण को लेकर भारत बन्द के आवाहन पर जिला मुख्यालय में भारी जुलूस निकाला। जुलूस में आरक्षण को लेकर जमकर नारेबाजी होती रही। जुलूस में शामिल लोगों ने बाजार की दुकानें बन्द कराने का प्रयास कियाजो सफल हुआ भारत बन्द में ज्यादातर दुकानें बंद रही।

बुधवार को भारत बंद आवाहन पर पुरानी कोतवाली परिसर से भीम आर्मी भारत एकता मिशन आजाद समाज पार्टी काशीराम ने जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए आरक्षण के समर्थन में शहर के मुख्य बाजार से गुजरे। आरक्षण समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर बाजार बन्द कराने का प्रयास किया। इसे लेकर लोगों से छिटपुट झडपें हुई। जुलूस में सुरक्षा को भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

जुलूस बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सपा, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी ने एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जातिगत गणना कराई जाये। अनुसूचित जातिध्जनजाति व पिछडा वर्ग के आरक्षण कोटे को सभी विभाग पूरा करें। गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाये। अनुसूचित जातिध्जनजाति व पिछडे वर्गों के आरक्षण कोटे को सभी विभागों के पूरा न होने तक आरक्षण प्राविधान को संविधान की नौंवी सूची में डाला जाये, ताकि आरक्षण से छेडछाड न हो सके। इस बाबत आन्दोलन के पहले चरण 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन व दूसरे चरण 11 सितम्बर को दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आगे भी आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय गौतम, श्रीपाल प्रजापति, कुंवर सिद्धार्थ, जयप्रकाश, रविराज, धर्मेन्द्र कुमार भास्कर, वीरेंद्र कुमार भास्कर, प्रकाश अंबेडकर, संजय सिंह राणा कुलदीप वर्मा, सहित 500भीम आर्मी के लोग मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभिया के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने बताया कि चैकी प्रभारी खण्डेहा उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा अनिल निषाद निवासी मण्डौर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी कि विरूद्ध थाना मऊ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बसपा ने भारत बंद के समर्थन में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट।बहुजन समाज पार्टी जनपद के तत्वाधान में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा के नेतृत्व में भारत बंद के समर्थन में शान्ति पूर्ण तरीके से ज्ञापन प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर प्रभारी बलदेव प्रसाद वर्मा, लोकसभा बांदा चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी, राम लखन निषाद, जमुना प्रसाद पाल, सोनपाल वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, राजकमल वर्मा, जगदीश यादव, शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद वर्मा, फूल कुमार वर्मा, फूल चंद्र खंगार, बृजमोहन वर्मा, विनोद पाल, विनय पाल, प्रिंस कुशवाहा, रघुराज वर्मा, गया दीन वर्मा, दरबारी लाल, जगदीश पटेल, छोटेलाल वर्मा, रामपाल भारती, दरबारी लाल वर्मा, रामसरन भारती, बी लाल सविता, अरुण कुमार पाल, वीरन पासी, रामरहीस, जगदीस यादव, उमाकांत, प्रमोद, शिवऔतार, अपदंल पाल, विनोद पाल, राजेन्द्र वर्मा, गया सविता, कुशल पटेल, इकराम वर्मा, जगत पटेल, सन्तोष वर्मा, रावेंद्र वर्मा, धानी निषाद, निर्मल आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ली जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला वृक्षारोपण एवं जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने नदी संरक्षण, नदी में गिरने वाले टैप्ड और आनटैप्ड नालों की स्थिति, नदी में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट को गिरने से रोकना, मिशन लाइफ के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान पार्कों की साफ सफाई व कूडा कचरा के निस्तारण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, जनपद में स्थित निजी स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन की मानिटरिंग, पौधारोपण, जियो टैगिंग आदि की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंप हाउस, डब्ल्यू टी पी, ओवरहेड टैंक जहां पर बने हैं, वहां पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण प्रभागीय वनाधिकारी से संपर्क स्थापित कर कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि चारागाह की शासकीय भूमि चिन्हित कराकर पौधारोपण किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में प्लास्टिक मुक्त के बारे में लोगों को अभियान चला कर जागरूक करें। साथ ही अगली बैठक में विवरण रखें कि भंडारा के दौरान प्लास्टिक दोना पत्तल का उपयोग कितने लोगों ने किया और उसमें कितने लोगों को जुर्माना किया गया है।

उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों एवं रेंजर्स वन विभाग से कहा कि देवस्थानों पर जहां पर भंडारा हो रहे हैं, वहां पर प्लास्टिक के दोना पत्तलों पर प्रतिबंध लगाए और लोगों को जागरूक करें, अगर व्यक्ति नहीं मानता है तो उसके ऊपर जुर्माना भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जो पौधारोपण कराया गया है, उसका जियो टैग एक सप्ताह के अंदर करा दे। प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि पौधारोपण की जियो टैगिंग के लिए सभी विभागों को यूजर नेम पासवर्ड दिया गया है जो पौधा लगाए गए हैं, उसमें अगर कोई पौधे सूख गए हैं तो उनको फिर से रोपण कर दे। वन विभाग की सभी नर्सरी पर पौधे उपलब्ध है। एक पेड मां के नाम के अंतर्गत जो पौधा लगाए गए हैं, उनको भी भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करें। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला पंचायत राज्य अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया सदर तहसील का औचक निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को तहसील कर्वी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी में निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, राजस्व अभिलेखागार, नजारत, संग्रह अभिलेखागार, भूलेख कार्य, राजस्व न्यायालय, राजस्व संग्रह, स्वान केन्द्र, सेवा सम्बन्धी मामले, लंबित पेंशन प्रकरणों, आय जाति निवास प्रमाण पत्रों के वितरण की स्थिति, उप जिलाधिकारी कर्वी, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक एवं नायब तहसीलदार कर्वी की कोर्ट, विविध प्रशासनिक कार्यों के विभिन्न पटलों का विधिवत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में अंश निर्धारण, न्यायालय में लंबित वादों, तालाब पोखरा कृषि व आवास पट्टा आवंटन, शासकीय जमीनों पर धारा-67 के तहत कार्यवाही, खतौनी अपडेट, खतौनी फीडिंग, वरासत, नामांतरण, नई खतौनियां, पाका -11, खसरा पडताल, खतौनी वितरण आदि को देखा।

उन्होंने पटल सहायकों को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि की पत्रावलियों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाए। साथ ही खतौनियों के अंश निर्धारण अद्यतन नहीं है, उसको तत्काल अद्यतन कराया जाए। उन्होंने कहा कि समय से वरासत दर्ज कराई जाए, उद्धरण खतौनी की फीडिंग समय से कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि जो विभिन्न मामलों के वाद आप लोगों के कोर्ट में लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए और भूमि सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, न्यायिक अखिलेश्वर गुप्ता, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल

कर्वी बस स्टैंड के वाटर कूलर खराब, पालिका मौन

डीएम के निरीक्षण उपरांत सख्त निर्देश के बाद भी वाटर कूलर से नहीं गिरी पानी कि एक बूंद

चित्रकूट। शहर में स्थित पुराना बस स्टैंड में महीनों से वाटर कूलर खराब है। यूपी आरक्षी भर्ती परीक्षा का सेंटर जनपद में 6 जगह पर है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र में समुचित व्यवस्था के दावे प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं परंतु आवागमन के लिए प्रमुख साधन बस स्टैंड कर्वी में ही पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। महीनों से दो वाटर कूलर खराब पडे हुए हैं, दो में से एक वाटर कूलर में करंट आने की समस्या थी तो बस डिपो के इंचार्ज द्वारा शिकायत पर नगर पालिका द्वारा बिजली कनेक्शन काटकर खाना पूर्ति करते हुए लोगों को करंट से तो बचा लिया गया परन्तु प्यास से निजात दिलाने में अभी भी असफल है।

रक्षाबंधन पर बस स्टैंड में भारी भीड थी बावजूद इसके पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। आरक्षी भर्ती परीक्षा के साथ ही अमावस्या भी आने वाली है, प्रतिदिन हजारों यात्री कर्वी से बांदा, महोबा, हमीरपुर, कानपुर, फतेहपुर, लखनऊ एवं प्रयागराज, बनारस तक का सफर रोडवेज से करते हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कर्वी बस स्टैंड का निरीक्षण कर साफ सफाई, पेयजल सहित समुचित व्यवस्था सुधार के निर्देश भी दिए बावजूद इसके आज तक वाटर कूलर ठीक नहीं करवाए गए हैं।

जल प्रहरियों ने जल धरोहरों को बचाने को लिए सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट। चित्रकूट के समाज को आने वाले पेय जल अकालों का सामना करने की क्षमताए विकसित करने के उद्देश्य से चित्रकूट जल धरोहर बचाओ तिरंगा यात्रा चित्रकूट के जल प्रहरियों द्वारा को सुंदर घाट से 500 मीटर दूरी पर स्थित झील पर पेशवा कालीन निर्मित जल महल से प्रारंभ की गई। यह यात्रा गोलतालाब तक गई। चित्रकूट की जल धरोहर झील और जल महल बावली तथा गोल तालाब का अस्तित्व समाज, सरकार दोनों की लापरवाही के कारण समाप्त होने के कगार में है। इन जल धरोहर में वर्तमान में जबरदस्त पानी भूगर्भ जल से मिला हुआ है। सभी जल प्रहरियों ने संकल्प लिया की आने वाली पीढी के स्वस्थ आनंदित जीवन के लिए चित्रकूट की नदियों को और जल धरोहरों को बचाना, उनके पुनर्जीवन के लिए पहल करनी है। बुधवार को जिलाधिकारी को जल धरोहरों को बचाने, उनके संरक्षण तथा नदियों सहित जल धरोहरों के सीमांकन करने के लिए जल प्रहरियों की ओर स्वीकृत जल प्रहरियों ने चित्रकूट जल धरोहर बचाव तिरंगा यात्रा के साथ ज्ञापन दिया। इस मौके पर शंकर दयाल पयासी, समाज सेवी अख्तर फराज, डॉ. मनोज द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

वेद कंठस्थीकरण प्रतियोगिता में शामिल हुए 35 बच्चे

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। पाल्क संस्था की ओर से श्री माँ विंध्यवासिनी वेद श्रवण पाठशाला विंध्याचल में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के बीच वेद कंठस्थीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 35 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथि समाजसेविका हरमीत कौर, समाजसेविका सारिका अग्रवाल व सुमन देवी ने सभी बच्चों को तिलक लगा और माल्यार्पण कर किया। संस्था की सदस्य दीपा उमर ने अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया।

इसके बाद सभी बच्चों ने आपस में शास्त्रार्थ कर अपनी प्रतिभा दिखायी, जिसमे से विजयी

प्रतिभागियों का चयन प्रधानाचार्य अगस्त्य द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रिंस पाण्डेय प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय, पीयूष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग में ओम चौबे प्रथम, अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वितीय तथा शनि को तृतीय स्थान मिला। वरिष्ठ वर्ग में रूद्र नारायण को प्रथम, आयुष पाण्डेय द्वितीय तथा सत्यम पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेद पाठशाला के प्रधानाचार्य अगस्त्य द्विवेदी, अश्वनी पाण्डेय, प्रशांत मिश्र, सोमेश्वर पति त्रिपाठी, राकेश वर्मा, शिवराम शर्मा, संजय श्रीवास्तव, तुषार विश्वकर्मा, संदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे और छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में बहुजन समाज पार्टी द्वारा किया गया। उक्त क्रम में कलेक्ट्रेट में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मझवां विधान सभा उप चुनाव के लिए नामित बीएसपी के प्रत्याशी दीपू तिवारी ने कहा कि संविधान द्वारा जिस रूप में वंचितों को आरक्षण मिला है उसमें कोई रद्दो बदल या उसकी व्याख्या स्वीकार नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बहाने आरक्षित वर्ग को आपस में बांटने का काम न करे।

साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई दुस्साहस सरकार ने किया तो उसका जबरदस्त विरोध किया जाएगा। आज भारत बंद वैसे तो बेअसर रहा, बाजार खुले रहे, यातायात सामान्य रहा फिर भी सपा और अन्य संगठनों ने औपचारिकतावश विरोध प्रदर्शन अवश्य किए। बीएसपी का विरोध प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त हुआ।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी की कराई गयी रिहर्सल

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में 23, 24, 25, 30 तथा 31 अगस्त को होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी की रिहर्सल करायी। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी में लगे हुये समस्त अधिकारी, कर्मचारी समय पर अपने परीक्षा केन्द्र, डियूटी पॉइंट पर पहुंचे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें। डियूटीरत अधिकारी, कर्मचारी किस प्रकार से डियूटी करेंगे बताया गया। इस दौरान कलेक्टरेट परिसर स्थित स्ट्रांग रुम से डियूटियां रवाना की गयी। साथ ही परीक्षा केन्द्र सीआईसी का भ्रमण कर रिहर्सल डियूटी पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी को चेक किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झां, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मातृशक्ति हों एकजुट-विनीता

चित्रकूट। आगामी 25 अगस्त दिन रविवार को जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित किशोर रिसॉर्ट में होने वाले देवदूत वानर सेना सम्मेलन के सम्बन्ध में वानर सेना की जिला संरक्षक दिव्या त्रिपाठी व मातृशक्ति जिलाध्यक्ष तृप्ति तिवारी की अगुवाई में आज कर्वी स्थित गणेश बाग में बैठक की गई। इस दौरान मातृ शक्तियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक माताओं एवं बहनों को जोडने के लिए संगठन की महिलाओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। वानर सेना की महामंत्री विनीता द्विवेदी ने बताया कि इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी मातृ शक्तियों को महिलाओं के बीच जाकर उनको वानर सेना के कार्यों को विस्तार से बताने के लिए कहा गया है।

उन्होंने बताया कि बैठक में वानर सेना के कार्यों की सराहना करते हुए आई हुई मातृशक्तियों को बताया गया कि कैसे असहाय, दीन दुःखियों एवं गरीबों की मदद के लिए हर तरह से वानर सेना इकट्ठा हो जाती है। बैठक में उपस्थित महिला पदाधिकारियों ने कहा कि देवदूत वानर सेना के संगठन को बढाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को जोडने के लिए वानर सेना की महिलाएं भरसक प्रयास करेंगी। इसका शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाया। बताया कि घर घर जाकर मातृ शक्तियों को जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर देवदूत वानर सेना की जिला महामंत्री विनीता द्विवेदी, जिला महामंत्री साधना सिंह, प्रगति सिंह, अनीता साहू, प्रभा साहू आदि मौजूद रहीं।

पुष्पेन्द्र सिंह के जनपद आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

चित्रकूट। जिला कौंग्रेस समिति चित्रकूट कैंप कार्यालय में कौंग्रेस नेता पुष्पेंद्र सिंह का जिला कौंग्रेस समिति द्वारा स्वागत किया गया। लखनऊ प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार जनपद आने पर ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह का जिला कौंग्रेस समिति ने जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगवाई में स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पुष्पेंद्र सिंह के कौंग्रेस पार्टी में आने से जनपद ही नहीं पूरे बुंदेलखंड कौंग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिला कौंग्रेस समिति उनका स्वागत करती है। इस मौके पर वरिष्ठ कौंग्रेस नेता अवधेश करवरिया, गज्जू प्रसाद फौजी, राजकुमार गर्ग, शिव गुलाम वर्मा, रमादत मिश्रा, कालीचरण राजपूत, ओम प्रकाश गुप्ता, महेंद्र सिंह, विजय मणि त्रिपाठी, बुधनी सिंह, जग जाहिर पटेल, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जौहरी प्रसाद, बृजेंद्र सिंह, शशि भाल सिंह, सोनू सिंह,

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

कुछ शौचालय अधर में तो कुछ में लटक रहे ताले

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। विकास खंड अधिकांश सामुदायिक शौचालय महज शोपीस बनकर रह गए हैं ।सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गांव में एक-एक समुदाय शौचालय की स्थापना कर खुले में शौच को बंद कर करना था । इसके लिए शासन से 3 लाख 12 हजार रुपये स्वीकृत किए गए निर्माण कार्य शुरू हुआ । अधिकांशतर गांवों में निर्माण कार्य पूर्ण हो गया । दर्जनों गांवों में निर्माण कार्य अभी भी अधर में है । जहां सामुदायिक शौचालय बने भी हैं वहां ताले लटक रहे हैं । कभी कभार खुलता है तो वो भी कुछ समय के लिए ऐसा ही हाल कुछ धोबहट, देईबाध , डीही खुर्द, कोलसरा गांव पंचायत में देखा गया है। वहां ताला लटक रहा है।

गांव के श्याम नारायण बिंद ने बताया कि जब से बना है शौचालय का ताला ही नहीं खुला है। ग्राम पंचायत धोबहट के उपेन्द्र कुमार ने बताया कि कभी कभार 10ः00 बजे खुलता है और साफ सफाई कर ताला बंद कर दिया जाता है। ग्राम पंचायत कोलसरा में पर ताला बंद मिला। ग्रामीणों से पूछताछ पर बताया कि कभी-कभी खुलता है ।जबकि अधिकांश समय बंद रहता है इससे लोगों को खुले में सोच के लिए जाना पड़ता है। सूचना पर मौके पर देखने वाली से पूछा से पूछने पर बताया कि 8ः00 बजे सुबह खोला जाता है । खोला जाता है 9ः00 बजे बंद कर कम पर चली जाती है । बताया कि 3 महीने से वेतन नहीं मिला ।शौचालय खुलवाने पर जहां गंदगी का अंबार लगा था । वहीं दूसरी ओर महिला स्नान घर में गंदे पड़ जाए राखी मिली बगल में ऊपरी दिखा। इस बाबत पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया गांव की पुष्पा ने बताया कि ज्यादातर समय शौचालय में ताला बंद रहता है । लेडियारी में बने समुदाय शौचालय खाली पुलिस बूथ के कर्मचारी ही उसे प्रयोग करते हैं। और शौचालय खुलने का कोई समय नहीं है । जब मन हुआ खुला नहीं तो ताला ही लकटता रहता है । सरकार की योजनाएं तो दे रही है लेकिन ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है । जिससे गांवों में आज भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

तालाब में शौचालय का मलबा बहाने से लोगों में आक्रोश

लेड़ियारी (प्रयागराज)। बाजार से सटे स्टेट राजमार्ग तालाब में कुछ शरारती तत्वों द्वारा शौचालय का मालवा बाहर जा रहा है इसकी दुर्गंध से आसपास के लोग परेशान हैं । लोगों ने बीडीओ कोरांव से तालाब के पानी को गंदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

तालाब बस्ती के चारों तरफ से घिरा होने के कारण लोगों के घरों का पानी तालाब में सीधा बहाया जाता है । दर्जनों ऐसे शरारती तत्व भी है। जिनके शौचालयों का मलवा तालाब में बहाया जा रहा है । बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है । वही स्थानीय लोगों ने बीडीओ कोरांव से शरारती तत्वों को शौचालय का टैक बनवाने के लिए सलाह दी जाने की मांग की है । साथ ही यह भी कहा गया कि यदि शरारती तत्व मानने को तैयार ना हो तो शौचालय का मालवा तालाब में गिरने से रोका जाए साथ ही उक्त शरारती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु प्रताप सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, सुरेश कुमार सिंह, देवराज सिंह आदि लोगों का कहना है कि इस तालाब में आस्था से जुड़ा काली धाम मंदिर भी है। लोग शादी व्याह के इस स्थान पर पूजा अर्चना भी लोगों का आना-जाना होता है। वहीं बिहार से आए हुए लोग इस तालाब में षठी मइया का पूजन किया करते हैं। वहीं घरों और शौचालयों का मलवा बहाने से पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है। जिससे लोगों को परेशानियों उठानी पड़ रही है। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए बहाएं जा रहे मलवा को रोकने की मांग की है। ताकि समस्याओं का निदान मिल सके।

प्रगतिशील महिला संगठन ने बलात्कार-हत्या की समयबद्ध न्यायिक जांच की मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर क्षेत्र के गौहनियां में बुधवार के दिन कोलकाता में ट्रेनी डॉ. की वीभत्स रेप, हत्या के विरोध में प्रगतिशील महिला संगठन की भारी संख्या में सदस्यों ने कई प्रकार के स्लोगन लिखे तख्तियां, पोस्टर लेकर नारेबाजी करती रैली निकाली। इससे पहले गौहनियां पंचायत भवन, बारा में एकत्र हुए और महिलाओं पर यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ नारे लगाए और कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षा की मांग की। उन्होंने आरजीकर मेडिकल कॉलेज कलकत्ता में अभया के बलात्कार और हत्या की ÷समयबद्ध न्यायिक जांच÷ की मांग की।वक्ताओं ने बताया कि सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, कॉलेजों और अदालतों में भी महिलाओं के लिए उचित अलग विश्राम कक्ष की सुविधा नहीं हैं, निजी क्षेत्र में कार्यान्वयन की तो बात ही छोड़ दें।

उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे खोखले नारों की आलोचना करते हुए कहा कि गांवों में लड़कियों के लिए कोई उचित स्कूल नहीं हैं और खेतों में काम करने वाली महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं गिनाईं। सगंठन ने मांग की कि सभी राज्य सरकार सार्वजनिक स्थानों पर, कम से कम यूपी में नर्सों और आशा कार्यकर्ताओं के लिए उचित सुविधाएं बनाई जानी चाहिए।शहरी घरेलू कामगार यूनियन की उत्पला शुक्ला ने बताया कि कैसे बिहार के मुजफ्फरपुर, उत्तराखंड, यूपी, महाराष्ट्र और सभी राज्यों में यौन उत्पीड़न की कई घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन के ढुलमुल रवैया से ज्यादातर मामलों में आरोपी छूट जाते हैं। सभा को उत्पला, प्रिंसी, अंकिता, काजल, नमृता, संध्या, शालू, सारिका और पिंकी पटेल ने संबोधित किया। संचालन शबनम ने किया।

आवारा पशुओं से रीवा राजमार्ग बाधित

जारी(प्रयागराज)। क्षेत्रीय बाजारों जारी, डांडो, गन्ने आदि जहां सुबह से शाम तक आवारा पशुओं गाय ,बैल आदि के द्वारा राजमार्ग बाधित रहता है और आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं यातायात के साधनों को इनके चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।कभी-कभी ये दिक्कतें एक्सीडेंट का रूप ले लेती हैं। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन कहीं न कहीं राजमार्ग पर एक्सीडेंट द्वारा मरनेकी भी घटना एक आम बात हो गई है। जहां रीवा राजमार्ग पर ये जानवर मृत्यु के बाद भी कई दिनों तक पड़े रहते हैं, लेकिन कोई इनके मृत शरीर को हटाने वाला नहीं दिखता। कभी-कभी तो कुत्तों और कौवों द्वारा नोचने के कारण मृत स्थान पर ही इनकी आधी शरीर चुक जाती है । जो इन गौवों पर आस्था को तार तार करता नजर आता है। गौ सेवा के नाम पर तमाम संगठन कागजों पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन इनकी इस दुर्दशा पर उनकी धरातलीय कार्य नजर नहीं आता। इस स्थिति को देखकर यही लगता है कि, शासन प्रशासन भी इसको लेकर बहुत संजीदा नहीं है। जबकि सरकार द्वारा कई गांव में गो सेवा स्थलों का निर्माण कराया गया है, लेकिन ये शायद शो पीस बने हुए है।। गो पालको की यह स्थित है कि, जब तक उनका इन जानवरों से स्वार्थ रहता है तब तक चारा भूसा देते हैं और जैसे ही स्वार्थ खत्म होता है वैसे ही इन जानवरों को आवारा छोड़ देते हैं। और कोई खोज खबर भी नहीं लेते। इतना अवश्य करते हैं कि यदि संयोगवश किसी दुधारू गाय की या अच्छी नस्ल की बछिया व बछड़े की मृत्यु हो जाती है तो उसका मालिकाना हक लेने चले आते हैं। कुछ भी हो शासन प्रशासन को इस व्यवस्था को लेकर बनाए गए कानून का कड़ाई से पालन करवाना चाहिए। और इनके अस्तित्व के लिए कुछ नए कड़े कानूनों को बनाना भी चाहिए। गो पालको को सूचीबद्ध भी करना चाहिए तथा जानवरों के शरीर पर किसी न किसी स्थान पर मालिक को चिन्हित भी करना चाहिए। क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने इस समस्या की ओर शासन प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। और मांग किया है कि सड़क पर घूमने वाले इनको गो वंशो की जीवन रक्षा व इनके प्रकोप से किसानों, राहगीरों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाएं।

पन्नी की छत ही सहारा, बड़ी परेशानी

लेड़ियारी (प्रयागराज)। हर गरीब परिवार को पक्की छत मुहैया करने का दावा विकास खंड के चांद मोजरा पहड़ी गांव में पूरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहा है। पन्नी डालकर जीवनयापन करने वाले कहीं परिवारों का आशियाना रविवार को हुई तेज बरसात और हवा के झोंके से पूरी तरह उजड़ गया ।

प्रदेश व केंद्र सरकार एक तरफ हर गरीब को पक्की छत मुहैया कराए जाने के लिए कटिबद्ध है। वही खीरी थाना क्षेत्र के चांद पहाड़ी गांव में आज भी दर्जनों परिवार घास फूस के मड़हे व पन्नी लगाकर जिंदगी गुजरने को विवश है । रविवार से हवा के साथ हो रही तेज बरसात में गांव के गरीबों का रहा सहा आशियाना भी उजड़कर रख दिया गांव की मंजू देवी , बुद्धिमान धइकार सहित दर्जनों गरीब परिवार छठ के अभाव में खुली छत के नीचे रहने को मजबूर हैं । परिवारों द्वारा वर्षों से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास के लिए ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक के अफसरों से गुहार लग रहे हैं लेकिन आज तक इन्हें पात्रता सूची में जगह नहीं मिली ।

बुद्धिमान धइकार ने बताया कि इसके पहले ग्राम कैथवल में रह रहे थे। लेकिन जगह न होने से दस साल से पहड़ी पर टूटी झोपड़ी व पन्नी के सहारे दस परिवारों को लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि पीने का पानी एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। जिससे गांव में एक व्यक्ति से दस रुपए सैकड़ा व्याज पर लेकर पानी पीने की व्यवस्था की है। अगर बिजली न आने पर दूर ही जाना पड़ता है। गांव में मजदूरी कर अपना और अपने परिजनों को दो जून की रोटी का किसी तरह से पूरा कर रहे हैं। मोजरा ग्राम प्रधान ने बताया कि वह इसे लेकर ब्लॉक के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक लोगों को आवास नहीं मिल सका ।

आसिफ यंगस्टर्स क्लब के संयुक्त सचिव बने

प्रयागराज। मोहम्मद आसिफ को यंगस्टर्स क्लब का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है जबकि बृजेश कुमार सिंह को क्लब के कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है।यंगस्टर्स क्लब के अध्यक्ष नारायण जी गोपाल के अनुसार कार्यकारिणी के समिति में सदस्य के रूप में भरत भूषण, परवेज मुनीज, डॉ. अविरल सक्सेना, राहुल श्रीवास्तव (विक्की) को शामिल किया गया है।

इसके अलावा क्लब के 75 वर्ष पूरे होने पर डायमण्ड जुबली वर्ष मनाने के उपलक्ष्य में महिला विंग भी बनाई गयी है जिसमें रीता चंदा को चेयरपर्सन बनाया गया है। इस महिला विंग में कुसुम लता, डॉ. वैशाली सक्सेना, शबनम रहमान, अनीता सक्सेना, श्वेता भटनागर, स्मिता शाही, विनीता, रिजवाना और राधा रानी सदस्य बनाई गई हैं।

नगर रामलीला कमेटी की वार्षिक बैठक आज

फूलपुर । आदर्श नगर रामलीला कमेटी की वार्षिक बैठक गुरुवार को सायंकाल 4 बजे होना सुनिश्चित हुआ है । जिसमे कमेटी के पदाधिकारी, चौकी समिति रोशनी कमेटी के एवम कार्यकर्ता नगरवासी पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं तथा कमेटी में अपना सुझाव बताए । उक्त जानकारी आदर्श रामलीला कमेटी के नगर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्र काका द्वारा दी गई । बैठक प्रमोद पाण्डेय के आवास पर होगी आय व्यय महामंत्री कोषाध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा दिया जाएगा प्रचार मंत्री शैलेश भारती द्वारा दी ।

गौ वंश की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

कौंधियारा (प्रयागराज)। कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी बाजार में मंगलवार रात 11 बजे बाइक सवार युवक हाइवे पर बैठी गौ वंश की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया।जारी बाजार निवासी ननका केसरवानी पुत्र स्व बरम केसरवानी गंभीर रूप सर पर चोट लगने घायल हो गया।घर के परिजनों को सूचना देकर स्थानीय लोगो की मदद से निजी हॉस्पिटल में एडमिट कराया जहा उसका इलाज चल रहा है

उत्तर प्रदेश में हो रही रिमझिम बारिश दे रही उमस भरी गर्मी से सुकून

कानपुर। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में मानसून की गतिविधियां सक्रिय है। इससे कहीं पर तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश हो रही है तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है। बारिश के इस दौर में तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया और उमस भरी गर्मी से काफी हद तक लोगों को राहत मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी चार दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा और हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि मध्य बांग्लादेश पर बना कम दबाव का क्षेत्र उत्तरी बांग्लादेश की ओर स्थानांतरित हो गया है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। अगले 48 घंटों के दौरान इसके पश्चिम बंगाल में पश्चिम दिशा में बढ़ने की संभावना है। हालांकि मानसून की ट्रफ लाइन आज उत्तर प्रदेश से खिसक गई है, लेकिन मानसून की गतिविधियां सक्रिय है। इससे कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी हरदोई समेत कई जनपदों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके अलावा अन्य जनपदों में भी तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने का क्रम बना रहा। इस दौरान हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रही। ऐसे में आगामी दिनों बारिश के साथ ही मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार बन गये हैं।

सड़क के बगल कचड़ा देख नाराज हुए केंद्रीय टीम के प्रभारी

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़(प्रयागराज)। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की और से टीम प्रभारी जय प्रकाश सिंह ने बुधवार को होलागढ़ के कल्याणपुर और चांटी पंचायत में बने स्वच्छता मिशन के फेस 2 के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अर्थात आर आर सी सेंटर कल्याणपुर के बगल खुला कचड़ा का भंडार देख जमकर नाराजगी व्यक्त किया।ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश मौर्य को फटकार लगाते हुए उक्त कचड़ा को तत्काल हटवाने का आदेश दिया।इसी बीच प्लास्टिक अपशिष्ट सेंटर,सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया।आर आर सी सेंटर और प्लास्टिक अपशिष्ट सेंटर में तत्काल ड्रिलिंग मशीन लगवाने का आदेश हेड इंजीनियर निर्भय सिंह को दिया।इसके बाद दूसरी पंचायत चांटी का भी निरीक्षण किया।इस मौके पर इंजीनियर निर्भय सिंह,एडीओ पंचायत होलागढ़ वीडी ओ मुकेश मौर्य,सुधांशु गुप्ता,संजीत कुमार,राज किशोर मिश्र,हर्ष मणि शुक्ल,जितेंद्र कुमार, सूर्य प्रसाद धुरिया,जगत बहादुर पाल, भुलूर पांडेय आदि मौजूद रहे।

कल्याण सिंह राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत थे- भाजपा

भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी मुट्ठीगंज मंडल पिछड़ा मोर्चा के द्वारा मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका में पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

इस अवसर भाजपा नेता कुमार नारायण,जिला उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, गिरिजेश मिश्रा, प्रमोद मोदी, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह राष्ट्रवाद के प्रखंड स्वर राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत थे। उनका शासन काल सेवा और सुशासन का प्रतीक रही। उनके शासनकाल में श्री राम जन्मभूमि के स्थान पर खड़ा 500 वर्षों तक कलंकित ढांचा ध्वस्त किया गया और राम भक्तों पर एक भी

खरोच आने नहीं दिया गया। भले ही उन्होंने अपनी सत्ता को ठोकर मार दी राम भक्तों को आंच नहीं आने दिया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न जायसवाल रहे। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पद्माकर श्रीवास्तव, अजय अग्रहरि, नीरज केसरवानी, कमलेश केसरवानी, श्रेष्ठ कुमार, टीपी सिंह, गिरजेश मिश्रा, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी एवं मुट्ठीगंज मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

लंदन के अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार का चयन करेंगी राशि

एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग लंदन ने जूरी में किया शामिल

प्रयागराज। मीडिया के क्षेत्र में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के चयनकर्ताओं में संगमनगरी की के. राशि बदलिया कुमार को शामिल किया गया है। लंदन के प्रतिष्ठित संस्थान एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग (एआईबी) ने लगातार पांचवीं बार 2024 के अपने पुरस्कारों के चयनकर्ताओं में रेडियो की जानी पहचानी आवाज, शिक्षिका और लेखिका राशि को शामिल किया है। इससे पहले 2020, 2021, 2022 व 2023 में भी वह जज रह चुकीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए दुनियाभर के 62 चयनकर्ताओं के पैनल में भारत से तीन जज चुने गए

हैं। राशि लगातार चौथे साल भारत से एकमात्र महिला प्रतिनिधि हैं।

एआईबी हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता, टीवी, रेडियो, ऑडियो और डिजिटल प्रोडक्शन के क्षेत्र में पुरस्कार देती है जिनके लिए दुनियाभर के मीडियाकर्मी और संस्थाएं आवेदन करती हैं। चयन प्रक्रिया सितंबर - अक्टूबर में पूरी होगी और पुरस्कार 22 नवंबर 2024 को लंदन में आयोजित समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

प्रयागराज के सिविल लाइंस इलाके की रहने वाली के राशि ने कहा, %निश्चित रूप से जब आपके काम की पहचान होती है तो खुशी मिलती है। मीडिया में सक्रिय होने के नाते इस वर्ष भी विशिष्ट एआईबी जूरी सदस्यों के पैनल में शामिल होना मेरे लिए सम्मान और गौरव की बात है। एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना बड़े सम्मान की बात है।

देवापुर के संतोष पाण्डेय की रहस्यमय मौत, चीरघर भेजा गया शव

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। थाना नवाबगंज के देवापुर निवासी संतोष पाण्डेय उर्फ बागी (60) पुत्र स्व. रामदेव का शव बुधवार सुबह घर से 800 मीटर दूर खड़ंजा के बगल थाना क्षेत्र होलागढ़ में पाया गया। शव सबसे पहले पड़ोसी बच्चू मौर्य ने देखा तो हो हल्ला मच गया। बताया गया कि मंगलवार शाम घर से 7 बजे मजदूर की तलाश में निकले थे। गांव स्थित चायपान की एक दुकान पर रुकने के बाद वह पटेलनगर चले गए। वापसी में वह सड़क के किनारे कैसे गिरे यह रहस्य बना है। क्योंकि उनकी बाइक स्टैंड पर खड़ी थी।हालाकि थानाध्यक्ष सविन तोमर

की मानें तो उसके आंख और मुख से खून निकला था। ऐसा लगता है मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई है।फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया। हत्या या ब्रेन हेमरेज का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया की उसके बाएं हाथ में खून के कई छीटें रहे। एक पैर जूता था। जबकि सीएचसी अधीक्षक डा. जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया की ब्रेन हेमरेज में आंख से खून नहीं निकलता।

बता दें की मृतक संतोष भाजपा का प्रबल समर्थक था।उसके दो बेटों अमित, पुनीत और पत्नी श्याम कली का रो रोकर बुरा हाल रहा। चचेरे भाई विनोद पांडेय आदि ने मामले के खुलासे की मांग की है।उधर पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को घर ले आए हैं।बड़ा बेटा अमित सूरत में रहता है।उसके आने के बाद कल श्रृंगवेरपुर गंगाघाट पर मुखाग्नि दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संभावित उन्नाव आगमन की तैयारी जोरों पर

उन्नाव। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद में संभावित निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों में तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन ने आंतरिक पत्राचार कर अपने-अपने विभागों की प्रमुख फाइलों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की सूची दुरुस्त करने के लिए कहा है।बताते चलें कि उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के कई मंडलों में जनपद स्तर तक के निरीक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से आरंभ किए जा रहे हैं। जनपद उन्नाव में भी इस भ्रमण कार्यक्रम के पूर्व अधिकारी समीक्षा बैठकों की तैयारी में जुट गए हैं। मुख्य रूप से जनपद में निवेश प्रस्ताव की समीक्षा के साथ विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मार्गों पर जाम, सड़क सुरक्षा, नए विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त उद्योग बंधु, बैंकर्स पुलिस प्रशासन, केंद्र राज्य सरकार की परियोजनाओं के अतिरिक्त धान, गेहूं क्रय केंद्र, गोवंश प्रबंधन के गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण का भी कार्यक्रम है।इसके अतिरिक्त उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य भाजपा एवं विचार परिवार के कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक करेंगे। जनपद में विद्युत आपूर्ति, तहसील मुख्यालयों के मार्गों को फोर लेन से व टू लेने से जोड़ने, गड्ढा मुक्ति अभियान योजना पर भी समीक्षा करेंगे।

हाई कोर्ट ने गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य के आरोपित को जमानत देने से किया इनकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया। आरोपित हरिकिशन को इस अप्राकृतिक कृत्य में जून 2023 में आईपीसी की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया गया।

दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि उसे गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते देखा गया था। याची ने हाई कोर्ट के समक्ष दूसरी जमानत याचिका दायर की। इसमें उनके वकील ने तर्क दिया कि वह निर्दोष हैं और उन्हें इस अपराध में झूठा फंसाया गया है।

याची के वकील का यह भी तर्क था कि सूचना देने वाले ने अपने समर्थक के साथ मिलीभगत करके वर्तमान ग्राम प्रधान को हराने और अपरोक्ष रूप से ग्राम प्रधान को निशाना बनाने के लिए आवेदक के खिलाफ दो दिन की देरी से एफआईआर दर्ज कराई। क्योंकि आवेदक वर्तमान ग्राम प्रधान के परिवार से सम्बंधित है। आगे यह भी कहा गया कि जब पहली जमानत पर सुनवाई हुई थी तब किसी गवाह से पूछताछ नहीं की गई थी।

यह भी तर्क दिया गया कि घटना का वीडियो बनाने वाले का नाम और वह मोबाइल नंबर जिसके माध्यम से वीडियो वायरल हुआ, उसका खुलासा न तो एफआईआर में किया गया और न ही किसी गवाह के बयान में। इसे देखते हुए कोर्ट से यह प्रार्थना की गई कि आरोपी याची को जमानत पर रिहा किया जाए।

दूसरी ओर राज्य की ओर से उपस्थित एजीए ने जमानत दिए जाने की प्रार्थना का विरोध किया तथा कहा कि आवेदक ने गौशाला में गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है, जिसकी पुष्टि वीडियो फुटेज से होती है।

इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए तथा कोर्ट में दाखिल पत्रजातो को देखने के बाद न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने कहा कि आवेदक ने गौशाला में गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया था, जिसकी पुष्टि वीडियो फुटेज और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की मेडिकल रिपोर्ट से हुई है। विशेष रूप से, न्यायालय ने यह भी माना कि आवेदक के वकील ने तत्काल जमानत आवेदन में कोई नया आधार नहीं लिया था। इसलिए, मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त किए बिना न्यायालय ने आरोपित आवेदक को जमानत देने से इनकार कर दिया।

उप्र की राजधानी समेत आठ जनपदों में तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी

कानपुर। मौसम विभाग ने उप्र के राजधानी लखनऊ समेत आठ से अधिक जनपदों में बुधवार को अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना बताते हुए चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है।चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने मौसम को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह मौसम विभाग से प्राप्त ताजा अपडेट के मुताबिक कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी, हरदोई समेत अन्य कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा के गति से हवाएं चलेंगी। इसके साथ आज सुबह से रात तक बारिश हो सकती है। साथ ही मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार है।

आसान नहीं कल्याण सिंह होना: सीएम

कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अर्पित की श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को स्व. कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित हिंदू गौरव दिवस के दूसरे संस्करण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता की ओर से बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कल्याण सिंह के संघर्षों और चुनौतियों की यात्रा को शिखर से शून्य की यात्रा करार दिया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति कल्याण सिंह अचानक नहीं बन जाता।

ल्याण सिंह बनने के लिए संघर्ष, चुनौती, त्याग और बलिदान का मार्ग चुनना पड़ता है। चुनौती और संघर्ष जब सामने होता है तो त्याग और बलिदान का जज्बा पैदा होता है, तब कोई भी ताकत आपको झुका नहीं सकती, आपका बाल भी बांका नहीं कर सकती है। एक अपार जनआस्था और विश्वास आपके साथ खड़ा होता है। इस अपार जनविश्वास के प्रतीक श्रद्धेय कल्याण सिंह जी बने। उन्होंने उस समय की ताकतों का मुकाबला किया, विपरीत परिस्थितियों में काम किया, लेकिन श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के मार्ग से कतई नहीं हटे। अंततः परिणाम आज हमारे सामने है। आज उसकी सुखद अनुभूति पूरी दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में समाजवादी पार्टी और इसके मुखिया पर भी हमला किया और पीडीए पर गंभीर सवाल उठाए।

जन्म से ही संघर्ष और चुनौतियों से मुकाबला करना सीख लिया

सीएम योगी ने बाबू जी (कल्याण सिंह) को उनकी तीसरी पुण्य तिथि पर कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि अलीगढ़ के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले %बाबूजी% ने शुरुआत से ही संघर्ष और चुनौतियों का मुकाबला करना सीख लिया था। पहले किसान और फिर शिक्षक, आरएसएस के स्वयंसेवी, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाले बाबू जी की यात्रा शून्य से शिखर तक की यात्रा है। वे विधायक भी थे, सांसद भी थे। वह प्रदेश सरकार में कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के खिलाफ और आपातकाल के खिलाफ आंदोलन के दौरान जेल में भी बंद हुए थे। आपातकाल के बाद बनी सरकार में वह स्वास्थ्य मंत्री भी थे। राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद उमड़ी हुई आस्था में पहली बार भारतीय जनता पार्टी जब प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाती है तो वह मुख्यमंत्री भी बने। 1997 में वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और फिर हिमांचल और राजस्थान के राज्यपाल के रूप में संवैधानिक पद के दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्होंने अपनी अंतिम यात्रा पूरी की।रामजन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका का ही परिणाम आज हम सबके सामने है। दुनिया में कौन सी श्रमिक और वंचित जातियां होंगी, जिन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अपनी आंखों से नहीं देखा।

बाबू जी ने नहीं किया मूल्यों और आदर्शों के साथ कोई समझौता

सीएम योगी ने कहा कि उनका जीवन भारत की राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित था। उन्होंने जातिवाद को प्रश्रय नहीं दिया। समाज का विभाजन करने वाली ताकतों से उन्होंने दूरी बनाए रखी। उन्होंने मूल्यों पर जीवन जिया, राजनीति को आदर्शों को माध्यम बनाया। राजनीति उनके लिए सत्ता और भोग का माध्यम नहीं बनी, राजनीति उनके लिए सौदेबाजी का जरिया नहीं बना, राजनीति उनके लिए अपने स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम कभी नहीं बन पाई। वो मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद, राज्यपाल किसी भी रूप में रहे हों, लेकिन मूल्यों और आदर्शों के साथ कोई समझौता नहीं किया। आरएसएस की पाठशाला में जो दीक्षा उन्होंने सीखी थी, उसका आजीवन पालन करते रहे। इसलिए वो कल्याण सिंह बन पाए।

हिंदू भारत की सुरक्षा की गारंटी है

सीएम योगी ने कहा कि आज जब हम लोग बाबू जी की तीसरी पुण्यतिथि को हिंदू गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं तो हमें हिंदू एकता के महत्व को समझना पड़ेगा। हिंदू कोई जाति, मत और मजहब नहीं है। यह किसी संकीर्ण दायरे का माध्यम नहीं है। यह भारत की सुरक्षा की गारंटी है, ये भारत की एकता और एकाग्रता की गारंटी है। याद रखना जब तक भारत का मूल सनातन हिंदू समाज मजबूत है भारत की एकता और अखंडता को दुनिया की कोई ताकत चुनौती नहीं दे सकती। लेकिन जिस दिन यह एकता खंडित होगी उस दिन भारत को फिरके-फिरके में बांटने की विदेशी साजिशें सफल होती दिखाई देंगी। हमें इन साजिशों को सफल नहीं होने देना है। जो लोग आपको बांटने का काम कर रहे हैं, इनके चेहरे, चाल और चरित्र अलग है।

यूपी के पांच मंडलों में नए रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव

लखनऊ रिंग रोड बनकर तैयार, बाकी 12 मंडलों में कार्य प्रगति पर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी के जरिए विकास का मार्ग प्रशस्त करने में जुटी योगी सरकार जल्द ही यूपी के पांच मंडलों को नये रिंग रोड और बायपास देने की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव दिया है। बता दें कि अभी प्रदेश के 18 मंडलों में से 12 में नये रिंग रोड बनाने का कार्य चल रहा है, जबकि लखनऊ मंडल में यह बनकर तैयार भी हो चुका है। इसके अलावा 5 बचे हुए मंडलों में रिंग रोड बनाने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही प्रदेश के सभी मंडलों में रिंग रोड का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

वर्तमान में गोरखपुर और कानपुर मंडल में रिंग रोड का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा आगरा, चित्रकूट, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी में रिंग रोड के कुछ हिस्सों का कार्य पूरा हो चुका है और नये फेज़ पर कार्य चल रहा है। इसी प्रकार बस्ती मंडल में रिंग रोड के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है। वहीं अयोध्या मंडल के रिंग रोड को कैबिनेट से हरी झंडी मिल चुकी है। इसके अलावा बरेली मंडल में रिंग रोड के लिए डीपीआर का कार्य हो चुका है, जबकि आजमगढ़ और मुरादाबाद मंडल में रिंग रोड के उत्तरी पार्ट का कार्य चल रहा है। इस प्रकार प्रदेश के 12 मंडलों में रिंग रोड को लेकर कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है, जबकि लखनऊ मंडल को रिंग रोड की सुविधा पहले ही मिल चुकी है। वहीं योगी सरकार अब प्रदेश के बचे हुए पांच मंडल, अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मीरजापुर और सहारनपुर मंडलों में भी रिंग रोड बनाने की तैयारी में जुटी हुई है। इसके अलावा प्रदेश के 14 जिलों में नये बाईपास का भी अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री से किया है।

केशव ने फिर की योगी की तारीफ

बोले- कल्याण सिंह जैसा शासन, सीएम ने बाबू जी को बताया संघर्ष की मूर्ति

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के तृतीय पुण्यतिथि के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने हिंदू गौरव दिवस मनाया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच लंबे समय से चल रही रार समाप्त होती हुई नजर आई।

कार्यक्रम में केशव प्रसाद मौर्य ने लंबी तकरार के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। साथ ही प्रखर हिंदुत्व का समर्थन किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि जिस तरह से कल्याण सिंह के समय में उत्तर प्रदेश में सुशासन था, वैसा ही कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समय में भी है।

इसके पहले केशव प्रसाद मौर्य मिर्जापुर के एक कार्यक्रम में मंच से योगी को देश का सबसे बेहतर और प्रभावशाली मुख्यमंत्री बता चुके हैं। मगर लखनऊ के इतने बड़े कार्यक्रम में उन्होंने योगी आदित्यनाथ की तारीफ करके पुराने सारे विवादों को समाप्त करने का एक तरह से एलान कर दिया है। हिंदू गौरव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत कल्याण सिंह को संघर्ष की मूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि वह हिंदुत्व के शलाका पुरुष थे। जिनकी वजह से हम राम जन्मभूमि पर आज भव्य मंदिर देख रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ बोले कि कल्याण सिंह ने शून्य से शिखर तक की यात्रा की थी। वो विधायक भी थे, सांसद भी थे। कांग्रेस के आपातकाल आंदोलन में जेल भी गए। रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद जो प्रचंड बहुमत सरकार आई उसके मुख्यमंत्री भी रहे।

हिमाचल प्रदेश, राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। कल्याण सिंह कोई व्यक्ति अचानक नहीं बनता है। उसके लिए त्याग बलिदान संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में कार्य किया और रामजन्मभूमि आंदोलन को जारी रखा।

अयोध्या रामजन्मभूमि मंदिर के लोकार्पण के समय पूरे सनातनियों में एक उत्साह देखने को मिला था। बाबू कल्याण सिंह ने कहा था सरकार जाना हो तो जाए, मैं रामभक्तों पर लाठी नहीं चलाऊंगा।

योगी सरकार में मंत्रियों की नहीं चल पा रहीः संजय निषाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री संजय निषाद का कहना है कि मंत्रियों के कहने पर काम नहीं होते। उन्होंने कहा कि आज राज्य में ज्यादातर अधिकारी ऐसे हैं, जो विकास के लिए काम करते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं, जो हमेशा समाज के अहित में लगे रहते हैं। यही नहीं उन्होंने कहा कि मंत्री भी कोई काम नहीं करा पा रहे। संजय निषाद ने कहा कि जमीनी स्तर पर तो लोग मंत्री को ही सरकार समझते हैं। ऐसा पहले होता भी था, लेकिन आज मंत्रियों के कहने पर कुछ नहीं होता। मुझे याद है कि हम लोगों की युवावस्था के दिनों जब वीर बहादुर सिंह सीएम थे तो हमारे घर आते थे। उन्हें लोग फटे कागज पर भी कुछ लिखकर देते थे तो वह काम हो जाता था। संजय निषाद ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा कि वह एक परंपरा थी। कई बार मेरे समाज के लोग काम न करा पाने पर नाराज होते हैं।

कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की बेहतरी में सहयोगी बनने को इच्छुक है ऑस्ट्रेलिया

कृषि और सहायक सेक्टर में ऑस्ट्रेलिया से आएगा निवेश

नवाचारों को अपनाने वाला है यूपी का किसान, ऑस्ट्रेलिया के तकनीकी सहयोग से होगा बड़ा लाभकारीः मुख्यमंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि सेक्टर को बेहतर बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों में ऑस्ट्रेलिया ने सहायक बनने की इच्छा जताई है।

बुधवार को लखनऊ आये ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से भेंट की और कृषि व सहायक सेक्टर में निवेश पर चर्चा की। दूसरी बार उत्तर प्रदेश आने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए उच्चायुक्त फिलिप ने मुख्यमंत्री से कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का समृद्ध इतिहास है। ग्रीन ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों और उनकी विशेषज्ञता से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के लखनऊ आगमन पर अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी का यह प्रदेश, भारत के फूड बास्केट के रूप में विशिष्ट पहचान रखता है। हमारे पास देश की कुल कृषि भूमि का 12त्न हिस्सा है, लेकिन देश की खाद्यान्न जरूरतों का 20त्न उत्तर प्रदेश में ही पैदा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 85त्न कृषि भूमि सिंचित है और इसे आगे विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में स्थापित कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों और किसान उत्पादन संगठनों के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान परिश्रमी है और नावचारों को अपनाने वाला है, ऐसे में यदि ऑस्ट्रेलिया की कृषि तकनीकी हमारे किसानों को मिलेगी तो निश्चित ही प्रदेश में कृषि, उद्यान, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के डेयरी सेक्टर को और बेहतर बनाने में ऑस्ट्रेलिया अच्छा सहयोगी बन सकता है। उत्तर प्रदेश एक जिला-एक डेयरी के एक बड़े कार्यक्रम की आगे बढ़ाने वाला है, इसमें ऑस्ट्रेलिया से तकनीकी सहयोग मिलना उत्साहवर्धक होगा। विभिन्न ऑस्ट्रेलियाई शैक्षिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के युवा उच्च शिक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया जाते हैं। यह उचित होगा ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय, यूपी के शैक्षिक संस्थानों के साथ शोध, अनुसंधान करने और तकनीकी ज्ञान के हस्तांतरण हेतु एमओयू करते हुए आगे बढ़े।

क्लस्टर्स से होगा कृषि क्षेत्र का कायाकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। क्लस्टर में खेती की संभावनाओं को देखते हुए योगी सरकार पहले से विकसित कलस्टर्स की सुविधाएं बढ़ा रही है। साथ ही नए फलों और फसलों के क्लस्टर्स भी विकसित कर रही है। फल और फसल विशेष के इन क्लस्टर्स से आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जहां बल्क (बड़ी मात्रा) में किसी चीज का उत्पादन होता है, वहां खरीदार खुद पहुंचने लगते। खरीदारों में प्रतियोगिता होने से उत्पाद की गुणवत्ता के अनुसार उसका वाजिब दाम भी मिलता है। खेतीबाड़ी भी बाजार के इस सामान्य नियम का अपवाद नहीं है। बल्क में फलों या फसलों के उत्पादन का मतलब है, बड़े पैमाने पर बड़े रकबे में किसी एक फल या फसल की खेती। इसे उस फल या फसल का क्लस्टर भी कह सकते हैं। धीरे-धीरे वह कलस्टर उस फल या फसल की पहचान बन जाती है। जैसे-जैसे यह पहचान मुकम्मल होती जाती है, वैसे वैसे उस क्लस्टर के उत्पाद की संभावनाएं भी बढ़ती जाती हैं। मसलन मलीहाबादी दशहरी, सहारनपुर का चौंसा, बनारस का लंगड़ा, गोरखपुर और बस्ती का गवरजीत, अयोध्या, गोंठा और सहारनपुर का गुड़, प्रतापगढ़ का आंवला, सिद्धार्थनगर का कालानमक धान और कुशीनगर का केला आदि।

जिन जिलों के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) खेतीबाड़ी से संबंधित हैं उनको इस योजना के जरिये कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) देकर ग्रेडिंग, पैकिंग, ब्रांडिंग और बाजार तक की सुविधा देना इसी प्रयास का हिस्सा है।

हमने पॉलिसी बनाई और मजबूती से लागू किया

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण

आज उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट बनकर उभरा हैः मुख्यमंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश पूर्णतः सुरक्षित और व्यवसाय के लिए लाभकारी है। निवेशकों के पूंजी की सुरक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं बल्कि दुर्व्यवस्था थी। हर तीसरे दिन दंगा होता था। व्यापारियों को धमकियां दी जाती थी।

बिजनेसमैन को प्रताड़ित किया जाता था। एक-एक फाइल के लिए उन्हें कई-कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे। हमने रिस्क लिया और रिफॉर्म किया। पॉलिसी बनाई और उसे मजबूती के साथ लागू किया। यही वजह है आज उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट बनकर उभरा है। सीएम योगी ने बुधवार को प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट उत्तर प्रदेश का औद्योगिक समूह है।

कतिपय कारणों से उत्तर प्रदेश पर से इनका विश्वास कम हो गया था और यह समूह प्रदेश छोड़ने को मजबूर हो गया। धीरे-धीरे इस समूह ने उत्तर प्रदेश से अपने निवेश को समेट कर अन्य राज्यों में करना शुरु कर दिया था। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के अभियान के क्रम में संगम नगरी में जेके सीमेंट के द्वारा यह संयत्र स्थापित किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश के मामले में देश में ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट का यह निवेश यूपी के सपने को पंख देगा। यह निवेश हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज उत्तर प्रदेश के किसी औद्योगिक समूह को अपने प्रदेश से पलायन करने को मजबूर नहीं होना पड़ रहा है।

यूपी में रेलवे, एक्सप्रेसवे और हाइवे का बेहतरीन नेटवर्क

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद इस समूह को पहले तीन वर्ष यह समझने में लग गए कि सरकार की कथनी और करनी में कोई सच्चाई है कि नहीं? उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की कथनी और करनी के जब परिणाम सामने आए तो देखते ही देखते जेके समूह ने 1200 करोड़ के निवेश के साथ प्रदेश में तीन प्लांट 2020 में अलीगढ़, 2022 में हमीरपुर और 2024 में प्रयागराज में स्थापित कर दिया है, या करने जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी में रेलवे, एक्सप्रेसवे और हाइवे का बेहतरीन नेटवर्क है। इससे यहां के उत्पाद दूसरे राज्यों में आसानी से भेजे जा सकते हैं।

बसपा ने भारत बंद का समर्थन किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर बुधवार को किए गए भारत बंद के आह्वान का समर्थन किया है।

बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, बसपा भारत बंद के आह्वान का समर्थन करती है, क्योंकि भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के आरक्षण विरोधी षड्यंत्र तथा इसे निष्प्रभावी बनाकर अंततः खत्म करने की मिलीभगत के कारण एक अगस्त 2024 को एससी-एसटी के उपवर्गीकरण में क्रीमी लेयर से संबंधित उच्चतम न्यायालय के निर्णय के खिलाफ दोनों समुदायों में भारी रोष व आक्रोश है।

उन्होंने कहा, इसे लेकर इन वर्गों के लोगों द्वारा आज 'भारत बंद' के तहत सरकार को ज्ञापन देकर संविधान संशोधन के जरिये आरक्षण में हुए बदलाव को खत्म करने की मांग की जाएगी, जिसे बिना किसी हिंसा के अनुशासित व शांतिपूर्ण तरीके से किए जाने की अपील है।

मायावती ने लिखा, एससी-एसटी के साथ ही ओबीसी समाज को भी मिला आरक्षण का संवैधानिक हक इन वर्गों के सच्चे मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अनवरत संघर्ष का परिणाम है, जिसकी अनिवार्यता व संवेदनशीलता को भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां समझकर इसके साथ कोई खिलवाड़ न करें।

गौरतलब है कि एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के एक अगस्त के फैसले के खिलाफ बुधवार को देशभर के 21 संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। संगठनों ने फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे आरक्षण के मूल सिद्धांतों को क्षति होगी।

भाजपा की युवाओं से हुई हार

69000 शिक्षक भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल साइट एक्स पर कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती कोर्ट से निरस्त होते ही बांदा जिले के कॉपरेटिव बैंक ने भर्ती हुए शिक्षकों से, बैंक से लिए गए किसी भी प्रकार के ऋण की वसूली का फरमान जारी कराकर और आगे भी किसी भी प्रकार के लोन का रास्ता बंद करने की साजिश रची परंतु युवाओं के आक्रोश के आगे ये फरमान एक दिन भी टिक नहीं पाया और भाजपा सरकार को इसे भी रद्द करने का आदेश निकालना पड़ गया लेकिन याद रहे उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ये काम मन से नहीं दबाव से कर रही है, इसीलिए इस आदेश को पूरी तरह रद्द नहीं बल्कि कुछ समय के लिए स्थगित मानकर इसका भरपूर विरोध जारी रखना चाहिए। वैसे तात्कालिक रूप से ये युवा विरोधी भाजपा के विरूद्ध युवा-शक्ति की एकता की जीत है।

जिन भर्ती हुए शिक्षकों ने अपने घर-परिवार और बाकी सामान के लिए नौकरी की निरंतरता की उम्मीद पर कुछ लोन लिया था तो क्या अब ये सरकार उनके घरों और सामानों को कब्जे में लेने की साजिश कर रही है। ये निहायत शर्मनाक कृत्य है कि भाजपा परिवारों को दुख-दर्द देकर सत्ता की धौंस दिखाना चाहती है।

शिक्षक भर्ती में उप्र की भाजपा सरकार की बदनीयत की जिस तरह फजीहत हुई है, शायद उसका बदला वो अभ्यर्थियों से लेना चाहती थी। तभी ऐसे फरमान निकलवा रही है। इससे पहले से ही नौकरी खोने के डर से डरे हुए शिक्षकों पर अत्यधिक मानसिक दबाव बढ़ेगा। जब इन लोन की वसूली के लिए बैंक उनके घरों पर जाएगा तो उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचेगी।

इसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे क्योंकि आर्थिक-सामाजिक-मानसिक रूप से प्रभावित शिक्षक का असर शिक्षण पर भी पड़ेगा, जिससे प्रदेश के बच्चों की शिक्षा और उनका भविष्य भी प्रभावित होगा। इसका एक गहरा आघात भर्ती हुए उन शिक्षकों के जीवन पर भी पड़ेगा, जिन्होंने विवाह करके अपना नया-नया वैवाहिक जीवन शुरू किया था।

बेलगाम सरकार पर लगाम लगाते हैं जन आंदोलनः अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर बुधवार को आहूत भारत बंद का समर्थन किया और कहा कि ऐसे जन आंदोलन बेलगाम सरकार पर लगाम लगाते हैं।यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक टिप्पणी में कहा, ''आरक्षण की रक्षा के लिए जन-आंदोलन एक सकारात्मक प्रयास है। ये शोषित-वंचित के बीच चेतना का नया संचार करेगा और आरक्षण से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ जन शक्ति का एक कवच साबित होगा। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकार होता है।'' उन्होंने इसी संदेश में कहा, '' बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी ने पहले ही आगाह किया था कि संविधान तभी कारगर साबित होगा जब उसको लागू करनेवालों की मंशा सही होगी।

अडानी और सेबी चेयरमैन के संबंधों की जांच जेपीसी से कराई जानी चाहिएः सचिन पायलट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट ने उद्योगपति गौतम अडानी और सेबी की अध्यक्ष के बीच संबंधों को लेकर हिडंनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद केंद्र सरकार ने जो रुख अपनाया है, उसको लेकर मोदी सरकार को घेरा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले पर चुप्पी साथ कर पीछा छुड़ाने में जुट गई है। जब पहली बार अडानी ग्रुप का नाम सामने आया था। तब सरकार ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की बात कही थी। इसकी जांच करने की जिम्मेदारी सेबी को सौंप गई थी। कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट प्रकशित हुई थी, जिसमे अडानी ग्रुप में सेबी के चेयरमैन के संलिप्तता सामने आई है। जो आरोप लगे थे, जिस संस्था को जांच पड़ताल करनी थी और वही संदिग्ध है तो जांच रिपोर्ट क्या होगी। ऐसे में हम लोग ने जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के माध्यम से जांच कराने की मांग कर रहे है। जिससे इस पूरे मामले में जो भी तथ्य हो वहां तक पहुंचा जाए।

जेपीसी कमेटी बने तो सारे घोटाले सामने आएंगेः संजय पायलट ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी सेबी के पास है। अब सेबी के अध्यक्ष का नाम ही अडानी के साथ जुड़ा है। ऐसे में सही जांच निकल कर सामने आए, इस पर संदेह है। जब तक जांच के जेपीसी नहीं बनती तब तक सेबी चेयरमैन रिजाइन दे। सचिन पायलट ने कहा कि इस पूरे मामले में केंद्र सरकार ने जुबान बंद कर ली है, कोई बोलने को तैयार नही है। इसके पहले की सरकारों में जेपीसी बनी है। कोका-कोला कंपनी के ड्रिंक को लेकर ऊर्जा विवाद के बाद जेपीसी का गठन किया गया था। इसकी जांच रिपोर्ट सबके सामने है। आज हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है, लेकिन सरकार मौन है। मोदी सरकार देश की संपति अपने कुछ अमीर लोगों को दे रही है। सरकारी बैंकों के लोन के पैसे से अपने चंद दोस्तों को फायदा दिया जा रहा है। सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि सरकार गिरेबान में झांके और जांच करवाएं।

जब जांच ही नहीं होगी तो घोटाला कैसे सामने आएगाः सचिन पायलट ने कहा कि पीएम कहते हैं दस वर्षों में कोई घोटाला नही हुआ। अगर जांच ही नहीं होगा तो कैसे पता चलेगा कि घोटाला हुआ है। अपनी सरकार पर लगे आरोपों की जांच करने के बजाय ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं को सिर्फ विपक्ष की पार्टियों को दबाने के लिए प्रयोग करते हैं। चुनाव को किस तरह से प्रभावित किया जाए।

संक्षिप्त खबरें

रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के 2 हजार सहित प्रदेश के 4 हजार से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रदर्शन के चलते मरीजों पर इलाज का संकट है। सोमवार-मंगलवार को बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार बिना इलाज वापस लौट गए। इस बीच कई मरीजों की सर्जरी भी टालनी पड़ी। इस बीच बुधवार सुबह गोमती नगर के डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कई दिनों पर्चा न बनने की वजह से परेशान मरीजों और तीमारदारों ने गेट नंबर-2 के बाहर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाली सड़क पर विरोध-प्रदर्शन किया।

नदी में डूबे युवक का 18 घंटे बाद शव मिला

लखनऊ। निगोहां में नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। 18 घंटे बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। युवक की पहचान प्रवेश कुमार (27) के रूप में हुई है। प्रवेश अपने दोस्तों के साथ भरवेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गया था। प्रवेश एक दिन पहले दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने आया था। सई नदी में नहाने के दौरान वो डूब गया। आसपास के लोगों ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की लेकिन पता नहीं लगाया जा सका। घटना की जानकारी के बाद एसडीआरएफकी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। बुधवार की शाम करीब 4 बजे प्रवेश का शव बरामद किया गया। एसडीआरएफकी टीम ने शव को पुलिस को सौंप दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि प्रवेश कुमार एक निजी कंपनी में काम करता था।

ठाकुरगंज पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की ठाकुरगंज पुलिस ने तीन चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान और जेवरात भी बरामद किया है। ये लखनऊ से बाहरी इलाकों में रेकी के बाद चोरी का वारदात को अंजाम देते थे। एसीपी चौक के निर्देश पर सलमान खान, बावर्ची टोला सआदतगंज के सलमान, और सहादतगंज के ही इकराम के रूप में हुई है। तीनों युवकों ने पूछताछ में बताया कि वजीरगंज इलाके के एक मकान में कुछ दिन पहले ही चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि सर्विलांस की मदद से तीनों चोरों का पकड़ा गया है। इनकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार की रात को ठाकुरगंज बाजार के पास से ही इन तीनों को पकड़ा गया।

विदेश में नौकरी का झांसा देकर प्लेसमेंट एजेंसी ने तीन लाख हड़पे

लखनऊ। विभूतिखंड में प्लेसमेंट एजेंसी खोल कर जालसाजों ने नौ युवकों से करीब तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपियों ने सऊदी अरब में नियुक्ति कराने का झांसा देकर रुपये लिए थे। मोहनलालगंज अतरौली निवासी फिदा हुसैन के मुताबिक सोशल मीडिया के जरिए विभूतिखंड-डी29 स्थित ट्रेवल जोन का पता चला था। इसके बाद वह फर्म के दफ्तर पहुंचे। एजेंसी के मैनेजर जावेद खान उर्फ फिरोज से मुलाकात हुई। जिसने बताया कि सऊदी अरब में वह लोग नौकरी दिलवाने का काम करते हैं। एजेंसी संचालक नासिर हुसैन की सऊदी अरब की कई कम्पनियों में पहचान भी है। यह दावा करते हुए वीजा और हवाई टिकट के बदले 90 हजार रुपये की मांग की गई। फिदा हुसैन ने दोस्त सरताज अली, अबरार अहमद, मो. जुनैद, इरशाद अली, रिजवान अहमद, जाकिर अली, रिजवान और झब्बन अली के साथ मिल कर करीब तीन लाख 15 हजार रुपये दिए थे। पर, किसी को भी सउदी नहीं भेजा गया। वहीं, रुपये ऐंठने के बाद आरोपी एजेंसी बंद कर भाग निकले। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि फिदा हुसैन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

रोजगार मेले में 130 अभ्यर्थी चयनित

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई में बुधवार को आयोजित रोजगार मेले में कम्पनियों ने 130 अभ्यर्थियों को चयनित कर जॉब का ऑफर दिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने आईटीआई पास विभिन्न व्यवसायों के अभ्यर्थियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कम्पनियों ने स्टॉल लगाए थे। इस मौके पर निर्भय कुमार सिंह, मकबूल कादिर एवं जेड रहमान आदि मौजूद रहे।

महिला के कमरे से बाहर जाते ही वेटर ने चुरा लिए रुपये

लखनऊ। कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन के पास होटल में रुकी महिला घूमने के लिए बाहर गई थी। इस बीच वेटर ने कमरे से आठ हजार रुपये चोरी कर लिए। यह आरोप लगाते हुए महिला ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। महाराष्ट्र उस्मानाबाद निवासी शीतल दिलीप काले घूमने के लिए लखनऊ आई थी। 19 अगस्त को उन्होंने कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन के पास होटल पैसिफिक इन में रूम बुक कराया था। शीतल के मुताबिक शाम करीब सात बजे वह कमरे से बाहर चली गई। इस बीच वेटर चादर बदलने के लिए कमरे में आया था। जिसने शीतल के बैग से आठ हजार रुपये निकाल लिए। रात करीब 11 बजे महिला को रुपये चोरी होने का पता चला। उन्होंने होटल मैनेजर से वेटर के बारे में पूछा तो वह आनाकानी करने लगा। सुबह चेकआउट करते वक्त वेटर नजर आया। जिससे पूछताछ करने पर वह चोरी के आरोप को नकारने लगा। कमरे में रखे बैग से रुपये चोरी होने पर शीतल ने वेटर के खिलाफ कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि सीसी फुटेज की मदद से जांच की जा रही है।

शेखर अस्पताल पर पहुंचा बुलडोजर, बिना कार्रवाई लौटा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इन्दिरा नगर स्थित शेखर अस्पताल के अवैध निर्माण पर बुधवार को बुलडोजर की कार्रवाई होनी थी। यह कार्रवाई आवास विकास परिषद की तरफ से की जानी थी। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए आवास विकास परिषद ने बीते दिनों शेखर अस्पताल पर नोटिस चस्पा कर दिया था और कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर से फोर्स की मांग की थी, लेकिन मंगलवार को पुलिस फोर्स नहीं मिल पाई थी। इस सब के बावजूद आवास विकास की टीम ने कार्रवाई करते हुये मंगलवार को शेखर अस्पताल की कैंटीन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इतना ही नहीं मेडिकल स्टोर भी खाली करा दिया था, जिसे बुधवार को यानी आज तोड़ा जाना था। बुधवार को बुलडोजर एक्शन के लिए आवास विकास की टीम पहुंची, लेकिन इस दौरान वहां पर टीम का विरोध शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि कोर्ट की तरफ से कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। इस बात की जानकारी होते ही आवास विकास की टीम वापस लौट आई है। बताया जा रहा है कि आवास विकास की इन्दिरा नगर योजना के सेक्टर सी में भूखंड संख्या 2 पर बने शेखर अस्पताल को अवैध निर्माण की पहली नोटिस आवास विकास के अभियंताओं ने 12 साल पहले दी थी। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन परिषद से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध तरीके से निर्माण करता रहा। नोटिस पर नोटिस देने के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने तीन तल स्वीकृत होने के बाद भी 6 मंजिला बिल्डिंग बना दी। परिषद द्वारा ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी करने के बाद अस्पताल प्रशासन उच्च न्यायालय गया था। उच्च न्यायालय से अस्पताल प्रशासन को राहत नहीं मिली। इसके बाद अधिशासी अभियंता गौतम कुमार के निर्देश पर अभियंताओं ने अस्पताल पर शनिवार को ध्वस्तीकरण की नोटिस चस्पा कर दी गई थी।

अयोध्या में खड़ी कार का लखनऊ में चालान

लखनऊ। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक की कार का दो बार लखनऊ में चालान कट गया, जबकि कार अयोध्या में खड़ी थी।मामले की जानकारी होने पर उपनिदेशक ने बिजनौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। ओमेक्स सिटी निवासी सर्वेश पाण्डेय उपनिदेशक के तौर पर अयोध्या में तैनात हं। सर्वेश की मां उर्मिला के नाम पर कार है। इस कार के रजिस्ट्रेशन नम्बर पर दो चालान काटे गए। पहला 26 और दूसरा 29 को काटा गया। सर्वेश के मुताबिक 26 को वह कार लेकर अयोध्या गए हुए थे। कार उनके दफ्तर की पार्किंग में खड़ी थी। 29 को जिस वक्त चालान कटा गया, उस दौरान उपनिदेशक की कार घर में खड़ी हुई थी।सर्वेश के मुताबिक वह अयोध्या से लखनऊ कार से ही आए थे। टोल प्लाजा पर लगे कैमरों से भी 26 को उनके लखनऊ में न होने की पुष्टि की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई उनकी कार के नम्बर का दुरुपयोग कर रहा है। इंस्पेक्टर बिजनौर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी

चौतरफा सर्विलांस में जुटी जांच एजेन्सियां

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा प्रदेश सरकार की प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री भी 23 अगस्त से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर बेहद गम्भीर है। उनकी सख्ती को देखते हुए ही विभिन्न जांच एजेन्सियां चौतरफा सर्विलांस में जुट गई है। परीक्षा केन्द्रों पर एसटीएफ, एलआईयू और क्राइम ब्रांच का ऐसा घेरा तैयार किया गया है, जिसमें परिन्दा भी पर नहीं मार सकेगा। आधुनिक तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। परीक्षा केन्द्रों के रास्ते पर सीसी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन से संवेदनशील केन्द्रों की पहचान की जाएगी।

23 अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाली इस सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए 67 जिलों में 1174 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनकी सुरक्षा के लिए एडीएम, एएसपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा में रहेंगे। एसटीएफ, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस के साथ ही कई अन्य जांच एजेन्सियां भी जुटी हुई है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिये हर छोटे-छोटे पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। एसटीएफ के अलावा ट्रैफिक, रेलवे व डायल-112 के साथ ही सभी जोन के एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी तक को अलर्ट कर दिया गया है। अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर अतिरिक्त सीसी टीवी लगवाए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र के अंदर एक सुरक्षा अधिकारी तैनात रहेगा।

परीक्षा केन्द्र के आस पास दुकानों पर रहेगी नजर

परीक्षा केन्द्र के आसपास फोटो कॉपी, दुकानें व साइबर कैफे पर भी पुलिस की नजर रहेगी। केन्द्रों के पास संबंधित थाने के पुलिसकर्मी के अलावा पुलिस वाहन भी मुस्तैद रहेंगे। केन्द्र के एकदम पास ठेला दुकानें नहीं लगने दी जायेंगी। डीजीपी ने यह भी कहा है कि जिन शहरों में परीक्षा केन्द्र नहीं बने हैं, वहां भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके साथ ही आपात स्थिति के लिए भी अस्पताल चिन्हित कर लिए गए हैं।

अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर

अफवाहों पर रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया सेल, एलआईयू और अन्य एजेन्सियों को सतर्क कर दिया गया है। डीजीपी ने कहा कि परीक्षा के बारे में कोई भी अफवाह फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी भी गलत पोस्ट का तुरन्त संज्ञान लिया जाएगा और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षार्थी के घर पहुंचने तक एजेन्सियां रहेंगी सतर्क

डीजीपी ने बताया कि परीक्षा के दो दिन पहले से लेकर परीक्षा खत्म होने के बाद तब तक पुलिस व अन्य जांच एजेन्सियां सतर्क रहेंगी जब तक अभ्यर्थी और उनके अभिभावक अपने घर तक न पहुंच जाएं। रेलवे, बस, मेट्रो स्टेशन, टैक्सी स्टैंड, होटल-रेस्त्रां पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी पुलिस रहेगी। साथ ही परीक्षा के दिन भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

छह छात्रों का अधिकतम 7.56 लाख सालाना पर चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के छह छात्रों का ग्लोबल लीडिंग कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि गाबा टेलीसाइकेत्री कंपनी में बीसीए की छात्रा तान्या को प्लेसमेंट सिक्योरिटी एंड मार्केटिंग स्पेशलिस्ट के पद पर 7.56 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित किया गया। जापानी एमएनसी कंपनी, एनटीटी डेटा मे बीटेक के छात्र प्रत्युश श्रीवास्तव का प्लेसमेंट आईटी डेवलपमेंट प्रोग्रामर के पद पर पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही टेक बीआरजे कंपनी में बीटेक के छात्र सिद्धार्थ मिश्रा का फ्रंट एन्ड डेवलपर के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। याजाकी इंडिया कंपनी मे बीटेक के तीन छात्रों अश्वनी निगम, हर्ष मिश्रा और अक्षत कश्यप का रिसर्च एंड डेवलपर के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

राजधानी में जाम से त्राहि-त्राहि, हिंदू गौरव और भारत बंद से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज पूर्व सीएम कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रिंदू गौरवश् कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे हैं। कार्यक्रम की वजह से लखनऊ की सड़कों पर भारी जाम है।

गोमती नगर और विभूतिखंड इलाके में करीब 10 किमी तक सड़क जाम है। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार है। ट्रैफिक सिस्टम पूरी तरह से बिगड़ गई है। लोग जाम में फंसे हैं। सुबह नौ बजे से ही लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। ट्रैफिक कर्मी लगातार गाड़ी हटाने की अपील करते रहे। कई गाड़ियों का नो पार्किंग में चालान भी किया गया। बता दें लखनऊ के विभूति खंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक उपस्थिति रहेंगे। वीवीआईपी मूवमेंट के चलते विभूति खंड इलाके में जाम जैसी स्थिति बन गई। शालीमार ऑफिस के कट पर बैरिगेटिंग लगाकर वाहनों को आगे बढ़ा दिया गया। जिसकी वजह से सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। कई जगह लोग ऑफिस जाने की जल्दी में ट्रैफिक कर्मियों से झड़प भी करते नजर आए। हालांकि बाद में पुलिस द्वारा बनाए गए डायवर्जन का इस्तेमाल करके आगे जाना पड़ा। लोगों ने जल्दबाजी में सड़कों पर ही अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी। जिसके चलते वहां से गुजर रही गाड़ियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। पहले तो कुछ देर ट्रैफिक टीम एनाउंसमेंट के जरिए नो पार्किंग से गाड़ी हटाने की अपील करती रही। इसके बाद नो पार्किंग का चालन करना शुरू किया, तब लोग भागते हुए अपनी गाड़ी हटाने लगे।

नर्सिंग होम मैनेजर ने आया का किया यौन शोषण, गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ । मड़ियांव स्थित एक नर्सिंग होम के मैनेजर ने हॉस्पिटल में काम करने वाली आया की आपत्तिजनक वीडियो बना ली। जिसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपी आठ माह तक पीड़िता का यौन शोषण करता रहा। विरोध करने पर कई बार मारपीट की। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने मड़ियांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पति के इलाज के दौरान हुई थी आरोपी से पहचान

पार्क रोड निवासी महिला मूल रूप से अमेठी की रहने वाली है। जुलाई 2023 में तबीयत बिगड़ने पर महिला ने पति को मड़ियांव केशव नगर स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां मैनेजर सतीश यादव से पहचान हुई। आर्थिक रूप से परेशान महिला की मदद करने के बहाने से सतीश ने नजदीकी बनाई। इसके बाद आरोपी ने महिला को नर्सिंग होम में आया की नौकरी दे दी। आरोप है कि मुलाकात के दौरान आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी हासिल कर लिए। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि सतीश अक्सर उसकी ड्यूटी रात में लगाता था। दिसंबर 2023 में नाइट शिफ्ट के दौरान सतीश ने महिला को नशीला पदार्थ खाने में मिला कर दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला से गलत काम किया। होश आने पर पीड़िता ने सतीश की हरकत का विरोध किया। इस पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की बात दोहराई। करीब आठ महीने से यौन प्रताड़ना झेल रही महिला ने दो दिन पूर्व मड़ियांव कोतवाली में नर्सिंग होम मैनेजर सतीश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्र ने बताया कि आरोपी सतीश को गिरफ्तार किया गया है।

कोर्ट के आदेश का पालन किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी है। अभ्यर्थी हाईकोर्ट लखनऊ के डबल बेंच से दिए गए फैसले का पालन किए जाने मांग को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय के सामने धरने पर बैठे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाई कोर्ट का जो फैसला आया है सरकार उसे जल्द से जल्द लागू करें और आरक्षित वर्ग अभ्यर्थियों को न्याय देते हुए उनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें। अभ्यर्थियों का कहना है दूध की रखवाली बिल्ली से नहीं कराई जा सकती। इसलिए पुरानी सूची बनाने वाले अधिकारियों को हटाकर नए अधिकारीयों को जिम्मेदारी दी जाएं और नई सूची बनाकर सभी की नियुक्ति की जाए। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद अब लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया है और नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली कर रही है हम चाहते हैं की सरकार जल्द से इस प्रकरण का समाधान करें और एक शेड्यूल जारी करके बताएं कि हम पीड़ितों की नियुक्ति कब की जा रही है। पटेल ने कहा कि, कोर्ट ने 69000 शिक्षक भर्ती मूल चयन सूची रद्द करते हुए सरकार को तीन महीने के अंदर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करने का आदेश दिया है। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया है केवल एक मीटिंग की है। हमारी मांग है कि सरकार हमारी चयन संबंधित प्रकिया का कार्यक्रम शेड्यूल जारी कर दे।

67वें दीक्षांत समारोह 16 सितंबर को , समीक्षा बैठक में लिए गए कई निर्णय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 01 और द्वार संख्या 02 साथ ही नए फार्मेसी भवन का उद्घाटन 02 सितंबर, 2024 को किया जाएगा। इसके साथ ही 16 सितंबर 2024 को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के लिए भी बैठक आयोजित की गई।

कुलपति, कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन से संबंधित तैयारी, मिनट टू मिनट कार्यक्रम की समीक्षा की। कुलाधिपति एवं राज्यपाल का कार्यक्रम 02 सितंबर 2024 को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे।

रास्ते से गाड़ी हटाने के विवाद में व्यापारी की पिटाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आलमबाग के नटखेड़ा में मंगलवार रात घर के बाहर डाले से सामान उतरवा रहे व्यापारी पर पड़ोसी ने हमला कर दिया। मारपीट होते देख व्यापारी का नौकर उसे बचाने के लिए दौड़ा। जिसके साथ भी आरोपी ने मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। यह आरोप लगाते हुए व्यापारी ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नटखेड़ा निवासी श्याम किशोर ने राखी की दुकान लगाई थी। मंगलवार रात वह दुकान बंद कर सामान लेकर घर पहुंचे और गाड़ी से सामान उतराने लगे। उनके साथ नौकर अंकित भी था। आरोप है कि सामान उतारने के दौरान ही पड़ोसी नितिन कुमार उर्फ शनि आ कर गाली गलौज करते हुए तत्काल गाड़ी हटाने के लिए कहने लगा। व्यापारी के मुताबिक वह रास्ते से गाड़ी हटा ही रहे थे कि तभी नितिन ने उन पर हमला कर दिया।

मालिक से मारपीट होने पर नौकर अंकित बीच बचाव करने लगे। जिस पर भी आरोपी ने रॉड से हमला किया। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि श्याम किशोर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

कॉल गर्ल स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी

फोटो वाली की जगह भेजी दूसरी युवती, ब्लैकमेल कर लिए पैसे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी का खेल चल रहा है। स्कॉट सर्विस एजेंट ने चार युवकों को अपने जाल में फंसाकर हजारों रुपए ठग लिए। युवकों का आरोप है कि जिन दो लड़कियों को सर्विस के लिए बुलाया गया था, उन्हें न भेजकर दूसरी भेज दी। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है। वाराणसी से लखनऊ घूमने आए चार युवक स्कॉट सर्विस के चंगुल में फंस गए। पीड़ित के मुताबिक वह दोस्तों के साथ होटल दयाल पैराडाईस में कमरा नंबर 309 और 310 में रुके हुए थे। गूगल पर खाना ऑर्डर करने के लिए रेस्टोरेंट सर्च कर रहा था। इसी दौरान नीचे बार-बार स्कॉट सर्विस की एक लिंक शो हो रहा था। लिंक पर क्लिक कर दिया। जिसके बाद स्कॉट सर्विस का प्रोफाइल खुलकर सामने आ गया। पीड़ित के मुताबिक स्कॉट सर्विस का लिंक खोलते ही उनके नंबर पर एक वॉट्सऐप नंबर से मैसेज आया। जिसमें सर्विस के लिए कई ऑप्शन दिए थे। उसके बाद दो लड़कियों से सर्विस लेने के बदले 20 हजार रुपए देने की बात कही गई। पीड़ित ने कहा कि स्कॉट सर्विस के एजेंट ने करीब 12 फोटो भेजे। जिसमें से दो लड़की चुनने को कहा। उसके बाद दो लड़कियों की फोटो तय कर 20 हजार पर बात तय हो गई। पीड़ित के मुताबिक कुछ ही देर बाद एक गाड़ी से दो लड़कियां आईं। ये लड़कियां वो नहीं थीं, जिनकी फोटो युवकों ने पसंद की थी। चारों ने सर्विस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद ममानी उर्फरिया नाम बताने वाली लड़की गाली-गलौज करने लगी। साथ ही धमकी दी की पैसा नहीं दिया तो रेप का केस दर्ज करा देंगे। पुलिस केस से बचने के लिए आठ हजार रुपए उनको दे दिए। उसके बाद भी वह पूरे बीस हजार रुपए देने का जोर देने लगी। इसी बीच गाड़ी में बैठी दूसरी लड़की चली गई। किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर पुलिस को सूचना दी। गोमतीनगर इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। गैंग से जुड़ी युवती को पकड़ा गया है। शहर में स्कॉट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले गैंग की धरपकड़ के थाना पुलिस लगी हुई है।

इससे पहले भी स्कॉट सर्विस चलाने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गिरोह सरगना की तलाश की जा रही है। इसी तरह के एक गैंग ने वाराणसी के युवकों के साथ ठगी की है।

विद्युत चोरी की शिकायत पर चेकिंग करने गई टीम से मारपीट

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत गढ़ी संजर खां गांव में बुधवार को विद्युत चोरी की शिकायत मे उपभोक्ता के घर पहुंची लेसा टीम से मारपीट की गई। वहीं, उपभोक्ता ने लेसाकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद विद्युत उपकेंद्र के जेई और उपभोक्ता ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मलिहाबाद तहसील में उपकेंद्र में कार्यरत अवर अभियंता त्रिभुवन के मुताबिक, बुधवार को गढ़ी संजर खां गांव में उपभोक्ता सूर्य प्रकाश के घर पर विद्युत चोरी करने के शिकायत मिली थी। इस पर लेसा टीम उपभोक्ता के घर पहुंची गई।

उनका आरोप है कि लेसाकर्मियों को देख उपभोक्ता अभद्रता कर सरकारी काम में बाधा डालने लगा। इस दौरान लेसा टीम ने मोबाइल कैमरे से वीडियोग्राफी शुरु कर दी, तो उपभोक्ता ने लेसाकर्मियों का मोबाइल छीन तोड़ दिया।

वहीं उपभोक्ता का कहना है कि सुबह करीब छह बजे उसके घर पर कुछ लोग सीढ़ी लगाकर दाखिल हो गए। घर की महिलाएं स्नान कर रही थी, तभी वह लोग वीडियो बनाने लगाने लगे। महिलाओं का शोर सुनकर उनकी नींद खुली तो टीम में मौजूद युवक उस पर बिजली चोरी करने का आरोप लगाने लगे। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनके घर पर बिजली का मीटर लगा है, कभी भी उसने बिजली चोरी नहीं की है। पीड़ित ने बैगर अनुमति के घर में घुसने और महिलाओं के स्नान करने के दौरान उनका वीडियो बनाने जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

रास्ते से गाड़ी हटाने के विवाद में व्यापारी की पिटाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। आलमबाग के नटखेड़ा में मंगलवार रात घर के बाहर डाले से सामान उतरवा रहे व्यापारी पर पड़ोसी ने हमला कर दिया। मारपीट होते देख व्यापारी का नौकर उसे बचाने के लिए दौड़ा। जिसके साथ भी आरोपी ने मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकला। यह आरोप लगाते हुए व्यापारी ने कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नटखेड़ा निवासी श्याम किशोर ने राखी की दुकान लगाई थी। मंगलवार रात वह दुकान बंद कर सामान लेकर घर पहुंचे और गाड़ी से सामान उतराने लगे। उनके साथ नौकर अंकित भी था। आरोप है कि सामान उतारने के दौरान ही पड़ोसी नितिन कुमार उर्फ शनि आ कर गाली गलौज करते हुए तत्काल गाड़ी हटाने के लिए कहने लगा। व्यापारी के मुताबिक वह रास्ते से गाड़ी हटा ही रहे थे कि तभी नितिन ने उन पर हमला कर दिया। मालिक से मारपीट होने पर नौकर अंकित बीच बचाव करने लगे। जिस पर भी आरोपी ने रॉड से हमला किया।

महिला को दबंग युवकों ने पीटा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में त्रिवेणीनगर तृतीय में मंगलवार रात महिला को दबंगों ने बीच सड़क पर जमकर पीटा। बीच बचाव करने वालों को भी धमकी दी। बुधवार सुबह मारपीट से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। त्रिवेणीनगर तृतीय निवासी महिला ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार रात वह दूध खरीदने जा रही थी। दुकान के पास ही इलाका का श्यामू राजपूत और उसका दोस्त श्रवण खड़ा था। उन लोगों ने मुझे देखते हुए अश्लील कमेंट किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए बीच सड़क पिटाई कर दी। यही नहीं राहगीरों ने बीच बचाव करने पर उन्हें भी धमकी दी। इस बीच महिला के परिवार वाले भी आ गए। जिन्हें देख कर आरोपी भाग निकले। मारपीट के वायरल वीडियो में दो युवक महिला पर हमला करते दिख रहे हैं। जिन्हें आसपास के लोग रोकने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता ने अलीगंज थाना में दो लोगों के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। अलीगंज इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि महिला के साथ मारपीट करने वालों की तलाश की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

बसपा कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

अलीगंज/एटा। अलीगंज कस्बे में आरक्षण के समर्थन में बुधवार को सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता सड़क पर उतर गए। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और बाइक से घूमते हुए एटा के लिए रवाना हुए। अलीगंज कस्बे मे स्थित बसपा कार्यालय से सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता बसपा नेता जुनैद मिया के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क पर पहुंचे। इस दौरान वहां भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ता बाइक जुलूस लेकर आ गए। इस दौरान सभी ने बसपा के आंदोलन को समर्थन देते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने आरक्षण के समर्थन में संविधान के सम्मान में जमकर नारे लगाए। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, मदनलाल राणा, सुभाष चंद्र, कसान सिंह, राधेश्याम संत, बृजेश दिवाकर, जगमोहन सिंह, मनोज कुमार, राम गुलशन, रामनिवास सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है।

पद्म विभूषण कल्याण सिंह की मनाई तीसरी पुण्यतिथि

अलीगंज/एटा। पूर्व राज्यपाल, दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे पद्म विभूषण कल्याण सिंह जी की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।अलीगंज किला रोड स्थित एडवोकेट संजीव राजपूत के चेंबर पर अधिवक्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित जी और उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। एडवोकेट संजीव राजपूत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की हिंदूवादी छवि थी। प्रदेश की सियासत की बात जब भी होगी। उसमें कल्याण सिंह का नाम हमेशा लिया जाएगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक तबके के हितों की रक्षा करने के साथ सांस्कृतिक व धार्मिक धरोहरों को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए कार्य किया। इस अवसर पर एडवोकेट कायम सिंह, कुमारी सृष्टि राजपूत एड. अजय राजपूत एड. नेमसिंह एड., दिलीप सिंह पत्रकार हिंदुस्तान, राम प्रकाश, प्रियंका, दिव्यांशी आदि लोगों नें श्रद्धांजलि की।

डा0 मोमिता देवनाथ को न्याय दिलाने के लिए नीमा एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

एटा। बुधवार अपर जिलाधिकारी प्रशाशन सत्य प्रकाश जी को प्यारी बेटी डा0 मोमिता देवनाथ को न्याय दिलाने के लिए एक ज्ञापन नीमा एसोसिएशन द्वारा दिया गया इसमे रोटरी क्लब एटा ने सभी डॉक्टर्स का और नीमा एसोसिएशन का साथ दिया हम सभी आशू स्वीट्स जी टी रोड एटा पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय तक एक साथ अपनी आवाज को बुलंद करते हुए देश की बेटी के हत्यारे को कठोर से कठोर सजा दी जाए इस न्याय के मन्दिर में बेटी को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी बात रखी और ज्ञापन सौंपकर उनके समक्ष न्याय की मांग रखी। रोटरी क्लब एटा के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष साजन देव वार्ष्णेय, डॉ. विशाल गुप्ता, डॉ आनंद राठौर,डॉ नागेंद्र पाल, डॉ मनोज,डॉ सतेंद्र तोमर, डॉ रामबिलास , डॉ डॉ नूतन वार्ष्णेय,डॉ साक्षी भारद्वाज,डॉ रीतू,,डॉ प्रियंका,आदि लोग उपस्थित रहे।

आज रोजगार मेले का आयोजन

एटा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा एवं एल0एम0एस0 डिग्री कॉलेज, सकीट, एटा के संयुक्त तत्वाधान में 22 अगस्त 2024 को एल0एम0एस0 डिग्री कॉलेज, सकीट, एटा में पूर्वान्ह 10ः00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रतिष्ठित कम्पनियाँ 18 से 35 वर्ष तक की आयु के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण पुरूष एंव महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार हेतु चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in एवं एन0सी0एस0 पोर्टल पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता/आयु/वर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें।

ई रिक्शा चोरी हो जाने के संबंध में थाने में दिया प्रार्थना पत्र

एटा। थाना अलीगंज के नगला सावा निवासी रीता ने थाना अलीगज में ई रिक्शा चोरी हो जाने के संबंध में मामला दर्ज कराया है कि अज्ञात चोर द्वारा ई रिक्शा चोरी कर लिया गया है। अलीगंज में रीता नें प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि थाना कायमगंज फर्रुखाबाद के अमरापुर नगला मकोड़ा निवासी मेरा भाई रत्नेश पुत्र संतोष कुमार मेरा रिक्शा चला रहा था इसी दौरान किसी कारण अचानक उसका पेट खराब हो गया जो सोच क्रिया के लिए कैल्ठा चौराहे पर डाक बंगला स्थित सुलभ शौचालय पर चला गया जब 20 मिनट बाद सो क्रिया से निर्वत होकर लौटा तो देखा कि ई रिक्शा वहां पर मौजूद नहीं है काफी खोजबीन की लेकिन रिक्शा का कोई भी पता नहीं चला।जिसके संबंध में थाना अलीगंज में प्रार्थना पत्र दर्ज कराया गया है।

एटा मे दिखा भारत बंद का असर

एटा। SC-ST और ओबीसी मे क्रीमी लेयर को लेकर राजनैतिक पार्टियों एवं दलितों के संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन शहर के मुख्यमार्गो पर प्रदर्शन के दौरान रैली निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देशन पर एटा के कई बसपा नेता और पार्टी पाधिकारियो की मौजूदगी मे सेकड़ो लोग उतरे सड़को पर,बसपा व भीम आर्मी राजनीतिक संगठनों ने अपने पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एटा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा बसपा व राजनीतिक संगठनों एवं राजनीतिक पार्टियों ने शहर मे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त के बीच जारी है शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन, बसपा पूर्व मंत्री राजवीर सिंह, जुनैद मियां के नेतृत्व मे विरोध प्रदर्शन किया गया,भारत बंद के मद्देनजर जनपद एटा पुलिस फोर्स अलर्ट मोड पर रहा समेत समस्त खुफ़िया विभाग सक्रिय रहे।

फोटो प्रदर्शनी का भव्य समापन समारोह

मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने फोटो जर्नलिस्ट्स की प्रशंसा करते हुए एनसीआर के 24 प्रतिभागियों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। मीडिया क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक फोटो प्रदर्शनी का समापन समारोह आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस आयोजन ने शहरवासियों के बीच गहरी छाप छोड़ी, जहां प्रमुख फोटो जर्नलिस्ट्स की कला का प्रदर्शन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे राकेश टिकैत उपस्थित रहे, जिन्होंने फोटो जर्नलिस्ट्स द्वारा खींची गई बेहतरीन तस्वीरों की सराहना की और उन्हें प्रेरणादायक बताया।

समारोह में एनसीआर के 24 प्रतिभाशाली फोटो जर्नलिस्ट्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और समाज को वास्तविकता का दर्पण दिखाने के प्रयासों के लिए दिया गया। मुख्य अतिथि राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में कहा, ÷फोटो जर्नलिज्म न केवल एक कला है, बल्कि यह समाज की सच्चाई को चित्रित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इन तस्वीरों ने न केवल घटनाओं और परिस्थितियों को दर्शाया, बल्कि वे हमारे समाज के गहरे मुद्दों को उजागर करने में भी सफल रही हैं।

इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित तस्वीरें प्रदर्शित की गईं, जो समाज, संस्कृति, पर्यावरण और रोजमर्रा की जिंदगी के कई पहलुओं को दर्शाती हैं। ये तस्वीरें न केवल देखने में सुंदर थीं, बल्कि उन्होंने दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर किया। प्रदर्शनी ने शहरवासियों और कला प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा किया और उन्हें फोटोग्राफी के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

नोएडा मीडिया क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू यादव ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारा उद्देश्य फोटोग्राफी के माध्यम से समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करना और फोटोग्राफर्स के योगदान को पहचान दिलाना है। इस प्रदर्शनी ने न केवल फोटोग्राफर्स को अपनी कला दिखाने का मंच दिया, बल्कि इसे जनता के सामने लाकर उनकी कड़ी मेहनत को भी सम्मानित किया गया है।

समारोह के दौरान राकेश टिकैत ने कहा, यह प्रदर्शनी एक अद्वितीय मंच है, जहां फोटोग्राफर्स ने अपनी कला के माध्यम से समाज की कई कहानियों को जीवंत किया है। मैं इन सभी प्रतिभाशाली जर्नलिस्ट्स को बधाई देता हूँ, जिन्होंने अपनी तस्वीरों के माध्यम से हमारे समाज के जटिल मुद्दों को सामने लाने का साहसिक प्रयास किया है।

पुरस्कार वितरण समारोह में राकेश टिकैत ने प्रत्येक प्रतिभागी को मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने इन फोटोग्राफर्स की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवा फोटोग्राफर्स के लिए प्रेरणादायक है और यह प्रदर्शनी उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

समारोह के अंत में, वरिष्ठ पत्रकार अनिल चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों, विशेष रूप से प्रतिभागी फोटोग्राफर्स और मुख्य अतिथि राकेश टिकैत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी भविष्य में भी जारी रहेगी और इसे और भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव साबित हुई और शहरवासियों के दिलों में अपनी छाप छोड़ गई। इस तरह के आयोजनों से न केवल फोटोग्राफर्स को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि समाज में कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

ये वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट मौजूद रहे

संजीव रस्तोगी (फोटो एडिटर टाइम्स ऑफ़ इंडिया), अजय अग्रवाल (फोटो एडिटर हिंदुस्तान टाइम्स),धीरज पॉल (लेक्चर जामिया), मनीष स्वरूप (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट ऐ पी), टी नारायण (वरिष्ठ फोटो एडिटर) प्रकाश सिंह (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट) पंकज नागिया (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट) सुरेश पांडे (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट आउटलुक), हार्दिक छाबड़ा (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट इंडिया टुडे),विपिन कुमार (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट हिंदुस्तान टाइम्स) योगेश मन्हास (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट)

इस दौरान मौजूद रहे

मोहम्मद आजाद (वरिष्ठ पत्रकार), बीके अवस्थी (वरिष्ठ पत्रकार), अनिल चौधरी (वरिष्ठ पत्रकार), ए के लाल (वरिष्ठ पत्रकार), रिंकू यादव (वरिष्ठ पत्रकार), के आसिफ (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट), इकबाल चौधरी (वरिष्ठ पत्रकार), जेपी सिंह (वरिष्ठ पत्रकार), ईश्वर चंद, सौरव राय, रवि यादव, संगीता चौधरी,मनोहर त्यागी,प्रमोद पंडित,सदाचारी तिवारी, सुशील अग्रवाल, अकरम चौधरी, विकास कुमार,योगेश राणा, अंजना भाग,अनिल कुमार, नितिन पाराशर,मोहम्मद रज़ा,अंबुज सिंह,हिमांशु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

नहरों में पानी अधिक होने से रिसाव की समस्या उठाई

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस मासिक बैठक में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। किसानों ने मुख्य रूप से नहरों में पानी अधिक होने से रिसाव की समस्या उठाई। इस पर डीएम ने सिंचाई विभाग और सरयू नहर खण्ड के अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए, ताकि नहरों से हो रहे रिसाव को तुरंत रोका जा सके। बैठक में बिजली आपूर्ति की समस्या पर भी चर्चा हुई। किसानों ने शिकायत की कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही, जिससे सिंचाई कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। इस पर डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी बिजली की कमी हो, उसे तुरंत दूर किया जाए और किसानों को सिंचाई के लिए आवश्यक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए।

बाइक की टक्कर से गिरे युवकों को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा पुल के पास सोमवार रात दो बाइक सवार युवक आपस में टकराने के बाद सड़क पर गिर गए। मोहननगर से आ रही बस ने दोनों को टक्कर मार दी। घटना में सुशील (28) की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना के बाद गुस्से में लोगों ने पत्थर फेंक कर बस के शीशे तोड़ दिए। पुलिस मामले में लिखित शिकायत पर चालक की तलाश कर रही है।पुलिस ने बताया कि गुजरात की निजी कंपनी में काम करने वाले सुशील पुत्र जगपाल चौधरी निवासी लाजपतनगर बाइक से साहिबाबाद गांव की तरफ जा रहे थे। इस दौरान वसुंधरा पुल के पास बाइक सवार मयंक पुत्र उमेश्वर त्यागी निवासी बहादुरपुर मोरटा गाजियाबाद से उनकी बाइक टकरा गई जिसमें दोनों गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही निजी बस से दोनों की टक्कर हो गई। इसमें दोनों घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोग अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल मयंक की हालत में सुधार है। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों से तहरीर के आधार पर बस चालक को तलाश कर रहे हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गुरूकुल द स्कूल में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन्स में 12 देशों के बच्चों ने भाग लिया

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद । गुरूकुल द स्कूल में गुरुकुल कोलोक्रियम मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का सफल आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत समेत 12 देशों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें भारत के बच्चे ऑफलाइन व 11 देशों के बच्चे ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उदघाटन कार्यक्रम की कार्यकारी समिति के सदस्यों ने दीप जलाकर किया और कार्यक्रम की थीम रोटरी इंटरनेशनल क्लब-इमेजिन रोटरी की थीम युवा कार्यकर्ता कानून निर्माता और परिवर्तन के प्रेरक के रूप में आधारित रही।

8 कमेटियां बनाकर छात्र-छात्राओं ने वर्तमान की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की और उनका समाधान निकालने के सुझाव दिए। नाइजीरिया, बांग्लादेश, यूएसए, मेक्सिको, इंडोनेशिया, कनाडा, उज्बेकिस्तान, यूएई, नीदरलैंड्स, कतर व पाकिस्तान के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभागिता निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव बेदी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया व उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

नार्थ इंडिया मॉल (शिप्रा मॉल) को बम से उड़ाने की धमकी से अफरातफरी, दो घंटे बंद रहा मॉल

लोकमित्र ब्यूरो

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र के नॉर्थ इंडिया मॉल (शिप्रा मॉल) को मंगलवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद अधिकारियों के होश उड़ गए। तुरंत हरकत में आए पुलिस अधिकारियों ने माल परिसर को खाली कराकर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड के साथ दो घंटे तक जांच की।

इस दौरान कोई संदिग्ध सामान नहीं मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मॉल को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल भेजने की जिम्मेदारी केएनआर नाम के मास्टरमाइंड ने ली है। साइबर टीम ने धमकी भरा ईमेल भेजने वाले का पता करने के लिए तेजी से जांच में जुट गई है। एहतियात के लिए डीसीपी ने मॉल के बाहर पीसीआर और चीता बाइक पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। पुलिस जांच में आया कि मॉल प्रबंधन को धमकी भरा यह ईमेल सोमवार दोपहर करीब तीन बजे भेजा गया था लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार होने की वजह से प्रबंधन के लोगों ने ईमेल को मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे देखा तो उनके होश उड़ गए।

तुरंत ईमेल की सूचना इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम और चौकी प्रभारी समेत भारी पुलिस बल नॉर्थ इंडिया मॉल पहुंचा। पुलिस कर्मियों ने तुरंत मॉल में आने वाले लोगों का प्रवेश बंद कर दिया। कुछ देर बाद ही बम निरोधक दस्ता और स्क्वाड मॉल में पहुंचा और अलग-अलग परिसर को खाली कराकर सघन चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच बम निरोधक दस्ते को कुछ लोगों के बैग में संदिग्ध वस्तु होने का शक हुआ तो तुरंत बैग कब्जे में लेकर जांच की। पूरे परिसर में करीब दो घंटे तक बारीकी से जांच की गई लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने मॉल प्रबंधन को मिले धमकी भरे ईमेल की जांच की।

सरकारी अस्पताल में डॉक्टर को कराने होंगे 25 सिजेरियन प्रसव

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। सरकारी अस्पताल में कार्यरत महिला रोग विशेषज्ञों को एक महीने में 25 सिजेरियन प्रसव कराने होंगे। अभी तक महीने में पांच प्रसव कराने का लक्ष्य था, जिसे बढ़ा दिया गया है। यह लक्ष्य सीएमओ ने गर्भवती महिलाओं के रेफर करने पर रोक लगाने के लिए तय किया है। हाल ही में कई गर्भवती महिलाओं को गंभीर बताकर रेफर किया गया लेकिन उनका सामान्य प्रसव एंबुलेंस में ही हो गया।

इस तरह की शिकायतों को सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने गंभीरता से लिया है। सीएमओ ने सभी सीएचसी, महिला अस्पताल और संयुक्त अस्पताल को निर्देश जारी कर सिजेरियन प्रसव की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पिछले तीन महीने में जिले से 503 महिलाओं को अलग-अलग सरकारी अस्पतालों से हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। गर्भवती महिलाओं को सर्जरी की जरूरत होने पर रेफर करने के बढ़ते मामलों को लेकर सीएमओ ने नाराजगी जताई। जिले में पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और दो अस्पतालों में गर्भवती के सिजेरियन प्रसव की सुविधा है।

इसके बावजूद सर्जरी की जरूरत वाली गर्भवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है, जो शिकायतें मिली हैं उनके अनुसार रात में सीएचसी और अस्पताल में पहुंचने वाले ऐसे लगभग सभी मामलों में डॉक्टर गर्भवती को हायर सेंटर रेफर कर देते हैं। इससे गर्भवती और परिवार के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सीएमओ ने निर्देश में कहा है कि अगर जरूरत हुई तो फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) पर गर्भवती का सिजेरियन से प्रसव कराया जाएगा।

पुलिस भर्ती परीक्षा, पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र ही लेकर जा सकेंगे अभ्यर्थी

गोण्डा। पुलिस भर्ती परीक्षा के में शामिल होने अभ्यर्थी सिर्फ पेन, पहचीन पत्र और प्रवेश पत्र ही लेकर परीक्षा केंद्र के भीतर जा सकेंगे। अन्य किसी तरह की सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। बुधवार को एसपी विनीत जायसवाल ने परीक्षा केंद्र बनाए गए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को परीक्षा को लेकर सजगता और सतर्कता बरतने का दिशा निर्देश दिया। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिले के 13 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार यह परीक्षा पांच दिन तक चलेगी। पहले दिन की परीक्षा 23 अगस्त को है। परीक्षा में कुल 52 हजार अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी में जुटा हैध बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने परीक्षा केंद्र बनाए गये लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का निरीक्षण किया और परीक्षा को लेकर की जा रही तैयारी की जानकारी ली।

शॉपिंग करने गई युवती से थार सवार मनचलों ने की छेड़छाड़

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। शॉपिंग करने गई युवती को थार सवार दो लोगों ने पीछा किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार कविनगर क्षेत्र की सी-ब्लॉक मार्केट में मंगलवार रात शॉपिंग करने गई युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।

थार कार सवार दो युवकों ने युवती पर अश्लील टिप्पणी की।इसके बाद उनका पीछा कर छेड़छाड़ भी की। किसी तरह वहां से निकलकर युवती ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कार सीज कर दी।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवती ने शिकायत दी कि वह मंगलवार शाम को खरीददारी के लिए गई थी। उसी दौरान एक गाड़ी सवार कुछ युवकों के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और छेड़छाड़ की।एसीपी ने बताया कि गाड़ी की पहचान हो गई है। दोनों युवकों सिद्धार्थ व आयुष को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार को सीज कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आयुष बंसल डॉ. अब्दुल कलाम स्टार्टअप यूथ सेरेमनी में सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एमबीए छात्र आयुष बंसल को अभूतपूर्व स्टार्टअप आइडिया- सोलर-पावर्ड वायरलेस कीचेन पावर बैंक सिस्टम के लिए दिल्ली में आयोजित डॉश अब्दुल कलाम स्टार्टअप यूथ सेरेमनी में सम्मानित किया गया। इस इनोवेटिव प्रोजेक्ट के लिए आयुष और उनके मेंटोर डॉश पूर्णेंदु शेखर एवं सुरभि अग्रवाल को इंडियन पेटेंट एडवांसड सर्च सिस्टम के द्वारा पेटेंट दिया गया है। जो उनकी उद्यमशीलता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। आयुष ने बताया कि यह सोलर-पावर्ड वायरलेस कीचेन पावर बैंक मार्किट में मिलने वाले पावर बैंक से बहुत छोटा लगभग 12 एमएम का और वायर लैस होगा। इसको सीधे मोबाईल और लैपटॉप में पेनड्राइव की तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा और सौर ऊर्जा के साथ साथ विद्युत ऊर्जा से भी चार्ज होगा। जिसका मूल्य काफी कम भी होगा। जीएलबीसीआरआई के जनरल मैनेजर डॉश पूर्णेंदु शेखर पांडेय ने बताया कि ये उत्पाद सौर ऊर्जा से चलने वाला वायरलेस कीचेन पावर बैंक सिस्टम है, जिसमें सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए आकार दिया गया है यह एक उच्च दक्षता वाला सौर पैनल है जो उत्पन्न विद्युत शक्ति को संग्रहीत करता है और लिथियम-आयन बैटरी, वायरलेस चार्जिंग के तरीके से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को विद्युत शक्ति संचारित करती है साथ ही क्यूई वायरलेस चार्जिंग मानकों के साथ उक्त लिथियम-आयन बैटरी की चार्जिंग और डिस्चार्जिंग की निगरानी और विनियमन करता है। जीएल बजाज संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और सकारात्मक प्रभाव डालने के प्रति समर्पण को दर्शाती है। कॉलेज के निदेशक डॉश मानष कुमार मिश्रा ने कहा कि जीएलबीसीआरआई नवीन खोज करने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि छात्रों के बहुमुखी विकास के साथ-साथ उद्यमशीलता को भी बढ़ावा दें सकें।

संक्षिप्त खबरें

छेड़छाड़ के दो आरोपी को 3 वर्ष की सजा

उन्नाव। पुलिस एवं विशेष लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय, छ्छ्ठ-ङ्ढ्ढ पॉक्सो कोर्ट द्वारा 02 अभियुक्तों को 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। जानकारी के अनुसार दिनांक 23.03.2015 को अभियुक्तगण . रामेन्द्र गोड़िया उर्फ छोटू , रूपेश पुत्रगण गंगराम नि0गण ग्राम पाठकपुर थाना मौरावां जनपद उन्नाव द्वारा मुकदमा वादिनी की पुत्री के साथ छेड़खानी की गई। जिसके संदर्भ में थाना मौरावां पर मु0अ0सं0 149/15 धारा 354 भा0दं0वि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। दिनांक 07.12.2021 को अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मा0 न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया तथा दिनांक 31.05.2015 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।आज दिनांक 21.08.2024 अभियुक्तगण उपरोक्त को 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

जनपदों में डिप्थीरिया के केस देखे जा रहे हैं

उन्नाव। जनपदों में डिप्थीरिया के केस देखे जा रहे हैं, डिप्थीरिया के मुख्य लक्षण बुखार ,गले में दर्द व गले में पीछे की और सफेद झिल्ली पाया जाना है डिप्थीरिया किसी भी उम्र में हो सकता है, अधिकांशिता 16 वर्ष तक के बच्चों में देखा जाता है डिप्थीरिया के लक्षण पाए जाने पर तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाएं जनपद के जिला अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में एंटी डिटेरिया वैक्सीन उपलब्ध है 7सही समय पर इसके लगने पर रोगी की जान बचाई जा सकती है7 डिप्थीरिया से बचाव हेतु अपने 16 साल तक के बच्चों को डीपीटी सेकंड बूस्टर ,(5 से 7 साल) ,टी. डी10, (10 वर्ष),टीडी 16 (16वर्ष) तक के बच्चों का टीकाकरण अवश्य करें 7 उपरोक्त टीकाकरण ए एन एम सेंटर एवं ब्लॉक पीएससी सीएससी पर निशुल्क उपलब्ध है 7समस्त जनपद वासियों से अनुरोध है कि अपने 16 साल तक के बच्चों को टीकाकरण अवश्य कराए 7 डिप्थीरिया के लक्षण पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें एवं इसकी सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 0515-2840512 पर दें।

मां गंगा में खुलेआम बहाया जा रहा हैं फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त बदबूदार जहरीला पानी

उन्नाव। जानवरों की खाल से उत्पादित उद्योग की कंपनियों के मालिक अधिकारियों की मिली भगत से अपनी फैक्ट्री का प्रदूषित पानी धड़ल्ले से मां गंगा में बहा रहे हैं, जिससे गंगा के किनारे बसे निवासियों व पशुओं को तरह-तरह की बीमारियों व रोगों को आमंत्रण दे रहे। प्राप्त जानकी जानकारी के अनुसार अचलगंज थाना क्षेत्र के बंथर गांव के आस पास संचालित जादातर फैक्ट्रियां प्रदूषण युक्त पानी मां गंगा नदी में बहा रही हैं। जिसमें ए. एस. इंटरनेशनल उन्नाव की फैक्ट्री प्रमुख है। जो जानवरों की खाल के टुकड़ों से चर्बी उत्पादन करती है। जिसमें (सी.ई.टी.पी) ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा ट्रीट किए हुआ गन्दा पानी निकलता है। यह केमिकल युक्त बदबूदार प्रदूषित पानी पहले फैक्ट्री से टैंकर में भरा जाता है और उसके बाद टैंकर फैक्ट्री के पास बने नाले जो गंगा नदी से मिले है उसमें इस प्रदूषित पानी को बहा देते हैं। जिससे प्रदूषित पानी गंगा नदी में चला जाता है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजान बैठे है। जानकारों ने बताया है कि इस प्रदूषित पानी से गंगा के किनारे बसे हुए नागरिकों एवं पानी का सेवन करने वाले पशुओं को तरह-तरह की बीमारी व रोग हो रहे है। गांव के समाजसेवियों ने भी जानकारी दी है कि यदि नियम विरुद्ध बहने वाले इस प्रदूषित युक्त पानी को न रोका गया तो फैक्ट्री के आस पास के लोगों को भी भीषण खतरा है।

कोर्ट के फैसले के बाद बांदा बैंक ने लोन वसूली शुरू की

बांदा। 69000 शिक्षक भर्ती मामले में हाई कोर्ट के फैसले के बाद, बांदा कोऑपरेटिव बैंक ने सहायक शिक्षकों से लोन की रिकवरी को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। बैंक ने सहायक शिक्षकों को लोन देने पर रोक लगा दी है, और जो शिक्षक पहले से लोन ले चुके हैं, उनके ऊपर लोन वसूली का दबाव भी बढ़ा दिया गया है। बांदा कोऑपरेटिव बैंक के सचिव ने एक प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें शिक्षकों से लोन वसूली की बात कही गई है। पत्र में उल्लेखित किया गया है कि जब तक 69000 शिक्षक भर्ती मामले का फैसला स्पष्ट नहीं हो जाता, तब तक शिक्षकों के लोन का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैंक ने सभी शाखाओं को निर्देशित किया है कि इस आदेश का पालन सुनिश्चित करें। कोऑपरेटिव बैंक के सचिव ने 17 अगस्त 2024 के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार का हवाला देते हुए पत्र लिखा है कि यदि शिक्षकों ने ओ.वी. लिमिट, व्यक्तिगत लोन या कोई अन्य ऋण लिया है, तो उनके खातों को छानबीन कर लोन की वसूली की जाए। बैंक की सुरक्षा दृष्टि से समय पर वसूली की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।

फाइनल में पहुंची वीर आल्हा फाइटर्स क्रिकेट टीम

बांदा। जीआईसी ग्राउंड में संडे सुपर लीग के तहत वीर आल्हा फाइटर्स और लाला हरदौल रॉयल किंग्स टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें आल्हा फाइटर ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। राजकीय इंटर कालेज मैदान में खेले गए पहले प्ले ऑफ मैच में वीर आल्हा फाइटर्स ने टॉस जीत कर लाला हरदौल रॉयल किंग्स को बल्लेबाजी का मौका दिया। टीम के खिलाड़ी 12 ओवर के मैच में आल आउट होकर 74 बनाए। बल्लेबाज सरवन ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। आल्हा फाइटर्स के गेंदबाज धोनी ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर आल्हा फाइटर्स ने 11.2 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर मैच जीतने के बाद बुंदेलखंड योद्धा संडे सुपर लीग के फाइनल में प्रवेश किया। वीर आल्हा फाइटर्स के खिलाड़ी धोनी ने 21 रन बनाए। आलराउंडर प्रदर्शन के चलते धोनी को मैन आफद मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के दौरान कमेटी सदस्य, वरिष्ठ खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।

सहकारी समिति में नहीं डीएपी और यूरिया

बांदा। डीएपी व यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। किसानों को धान की बेड़ लगाने के लिए डीएपी चाहिए तो कुछ को बेड़ों में छीटने के लिए यूरिया की जरूरत है। लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। जिले में 30 फीसदी से अधिक रकबा धान की बेड लगाने के लिए शेष है। जिले में खरीफ सीजन में करीब डेढ़ लाख हेक्टेयर में बुआई का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें धान की रोपाई का लक्ष्य 52 हजार निर्धारित है। जिले में दलहन व तिलहन की करीब 90 फीसदी बुआई हो चुकी है। धान की अभी 30 फीसदी रोपाई शेष है। किसानों का कहना है जिन किसानों ने धान की रोपाई नहीं की है उन्हें डीएपी व जिन्होंने रोपाई कर ली है उन्हें यूरिया की जरूरत है। लेकिन सहकारी समितियों में डीएपी व यूरिया नहीं है। बाजार में खाद के दामों पर कृषि विभाग का कोई नियंत्रण खाद बेची जा रही है। ज्ञात हो कि खरीफ सीजन में जिले में डीएपी का लक्ष्य 6,266 मीट्रिक टन है। लेकिन अभी तक 3,199 मीट्रिक टन डीएपी मिली है। इसी प्रकार यूरिया का लक्ष्य 5,847 मीट्रिक टन है। लेकिन जिले को अभी तक 2,661 मीट्रिक टन यूरिया मिली है। एआर राजेश कुमार का कहना है कि शासन से जुलाई के अंतिम सप्ताह में एक रैक डीएपी की मांग की गई थी। जिसमें उन्हें 800 मीट्रिक टन डीएपी मिली है। डीएम ने पुनरू शासन को एक-एक रैक डीएपी व यूरिया उपलब्ध कराने को पत्र लिखा है। एआर का कहना है कि जनपद में खाद वितरण का 60 फीसदी लक्ष्य सहकारी समिति का होता है। 40 फीसदी निजी क्षेत्र की दुकानों का होता है। लेकिन निजी क्षेत्र में खाद के दामों में नियंत्रण न होने से किसान खाद लेने से कतरा रहा है बताया कि किसान परेशान न हो एक दो दिन में एक रैक एमपीएस खाद आ जाएगी।

माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख का चुनाव संपन्न

उरई/जालौन। जालौन के माधौगढ़ विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख चिंतामणि दोहरे के निधन के बाद खाली हुए इस पद पर उपचुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। चिंतामणि दोहरे के पुत्र मोहित दोहरे को निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख चुना गया है। इस उपचुनाव में किसी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा मोहित दोहरे के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जिसके परिणामस्वरूप निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चिंतामणि दोहरे के निधन के बाद ब्लॉक प्रमुख का पद खाली हो गया था।

चार गोतस्कर गिरफ्तार, उपकरण और हथियार बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 04 शातिर गोतस्करों को गिरफ्तार किया है, जो गोवध करने के आरोप में वांछित थे। पुलिस ने उनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस 315 बोर और गोवध करने के विभिन्न उपकरण बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मो. अकमल, रईश, अरमान और मजीद हैं। पुलिस के अनुसार, ये अभियुक्त संयुक्त रूप से गोकशी का काम करते थे और गोमांस को बेचते थे।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के समय पुलिस टीम पर अभियुक्तों ने फायरिंग की थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी ने आत्मरक्षा में फायरिंग की थी। एक अभियुक्त घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस कार्रवाई से अमेठी में गोकशी के खिलाफ पुलिस की सख्ती का संदेश गया है। पुलिस ने कहा कि गोकशी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷हम गोकशी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करेंगे। हमारी टीमें लगातार गोकशी करने वालों की तलाश में हैं।

इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ÷हमें पुलिस की इस कार्रवाई से बहुत संतुष्टि है। गोकशी करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

इस कार्रवाई से अमेठी में गोकशी के खिलाफ एक मजबूत संदेश गया है। पुलिस ने कहा कि वे गोकशी के खिलाफ लगातार कार्रवाई करेंगे।

नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 17 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। मोहनगंज पूलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई में 17 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त फुरकान पुत्र मुंतजिर निवासी बहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त ग्राम भिलाई कला के पास से स्मैक के साथ पकड़ा गया था। इस मामले में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित, हे0का0 अनिल सिंह, का0 सुरेन्द्र पाल, का0 फईम अली और का0 विजय पाल शामिल थे।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी बताया गया है, जिसमें वह पहले भी कई मामलों में शामिल रहा है।

सीएचसी फुरसतगंज पर तोड़फोड़ और फायरिंग के मामले में वांछित गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस ने सीएचसी फुरसतगंज पर तोड़फोड़ और फायरिंग की घटना के मामले में वांछित अभियुक्त सलमान को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त सलमान पुत्र जिबराइल निवासी पूरे रानी मजरे भदैया महमूदपुर थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष है। इस मामले में पहले ही 05 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त अकेलवा चौराहे पर खड़ा था और कहीं जाने की फिराक में था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को घेरकर हिरासत में लिया।

इस मामले में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 सर्वेश कुमार सिंह और हे0का0 रंजीत यादव शामिल थे।

ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात अमदहा कोटवा के बीच साईं दाता कुटी के निकट ट्रेन से कटकर एक अज्ञात 25 महिला की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया। परन्तु सफलता हासिल नही हो सकी है। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमदहा कोटवा के बीच साईं दाता कुटी के निकट मंगलवार की रात करीब 11बजे 25 वर्षीय महिला की ट्रेन से कटकर मृतका का शव बरामद हुआ है। सूचना पर मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से सम्पर्क कर शिनाख्त का प्रयास किया परन्तु सफलता हासिल नही हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास में लगी है।थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई है। शिनाख्त करने का प्रयास किया है लेकिन सफलता नही मिली है। घटना स्थल के आसपास और दूसरे जनपदों के थानों से सम्पर्क करके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अमेठी में किसान दिवस का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा हुई। इस आयोजन में किसानों को उनकी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

किसानों ने नहरों में पानी न आने, निराश्रित गोवंश की समस्या, पेयजल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के दौरान सड़कों को खोदने के उपरांत उन्हें पुनः गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत न किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

किसान दिवस का आयोजन किसानों की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। यह आयोजन किसानों को सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मदद करता है।

जरूरतमंद बच्चों को मिलेगी निशुल्क किताबें

शिक्षा की अलख जगाने के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा पुस्तक संग्रह अभियान एक सराहनीय पहल है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद और गरीब बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर पुस्तक संग्रहालय कक्ष की स्थापना की गई है, जहां लोग अपनी पुरानी किताबें दान कर सकते हैं।

जिलाधिकारी निशा अनंत ने कहा कि इस मुहिम से जरूरतमंद और ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें दी जाएंगी, और उन्होंने लोगों से हिंदी, अंग्रेजी माध्यम तथा अन्य सर्विसेज एक्जाम की तैयारियों से संबंधित किताबें दान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान शिक्षा की अलख जगाने के लिए एक अनोखी पहल है, जिससे जरूरतमंद बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत भवनों में एक रैक रखने के निर्देश दिए जाएं, जिसमें सभी प्रकार की किताबें उपलब्ध रहें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुस्तक संग्रहालय में किताबें दान करने वाले 6 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जनपद में भारत बंद का दिखा असर, क्रीमीलेयर के विरोध में उतरे दलित संगठन, पुलिस से हुई झड़प

उरई/जालौन। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के खिलाफदलित संगठनों और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 14 घंटे के भारत बंद का आह्वान किया। जालौन के विभिन्न इलाकों में बसपा और भीम आर्मी के सहयोग से दलित संगठनों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफनारेबाजी की। इस फैसले को वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। ताकि कोई हंगामा न हो सके। दलित समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर क्रीमीलेयर के फैसले को वापस लेने की मांग की। जालौन के अलग-अलग क्षेत्रों में एससी-एसटी संगठनों ने बसपा और भीम आर्मी के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। उरई में प्रदर्शन जालौन रोड से शुरू हुआ और कलेक्ट्रेट में जाकर समाप्त हुआ। यहां उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें क्रीमीलेयर को समाप्त करने की मांग की गई।

कोंच नगर में भी बसपा, भीम आर्मी और दलित संगठनों ने पूरे नगर में पैदल मार्च किया। तहसील में जाकर प्रदर्शन खत्म किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफनारेबाजी की और सरकार को हटाने की बात कही। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर जगह पुलिस तैनात रही। समाजवादी पार्टी (सपा) ने भी इस बंद का समर्थन किया। उनके कार्यकर्ता दुकानों को बंद कराने के लिए सड़क पर उतरे। उन्होंने डीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा और क्रीमीलेयर को समाप्त करने की मांग की। यह बंद सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को आयोजित किया गया था।

तूफानी सरोज ने किया दलित-पिछड़े समाज के अधिकारों का आह्वान

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आयोजित संविधान मान स्तंभ संगोष्ठी में विधायक तूफानी सरोज ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और दलित-पिछड़े समाज के अधिकारों के लिए आवाज उठाई।

तूफानी सरोज ने अपने संबोधन में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद किया और कहा कि उन्होंने दलित और पिछड़े समाज के लिए संख्यानुसार भागीदारी की मांग की थी। उन्होंने यह भी कहा कि 69000 शिक्षा भर्ती में दलित और पिछड़े समाज के साथ आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया गया है।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने अध्यक्षता की और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें अरशद अहमद, घनश्याम सिंह, सूबेदार यादव, मोनू यादव, मनीराम वर्मा, राम सिंह, दिलीप वर्मा, लाल जी, राजकिशोर, शिव प्रताप यादव, दीपू तिवारी, बहराइच गुप्ता, संग्राम सिंह, अमित मनीष आदि शामिल थे।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य दलित-पिछड़े समाज के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके हितों की रक्षा करना था।

कमलापति इण्टर कालेज ने जीत दर्ज कर जिले में स्थान किया पक्का

▸▸ आरआरबीएन इण्टर कालेज में आयोजित हुए क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता

लोक मित्र संवाद

पाटन उन्नाव। माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आर आर बी एन इण्टर कालेज भगगवन्तगर मे सम्पन्न हुई । जिसमे कमलापति इण्टर कालेज बीघापुर ने फाइनल मैच जीत कर जिले मे स्थान पक्का किया ।

माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता बुधवार को आर आर बी एन इण्टर कॉलेज भगवन्तं नगर मे सम्पन्न हुई ।

जिसमे सीनियर वर्ग मे पहला मैच स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज निहालीखेडा व कमलापति इण्टर कालेज बीघापुर के मध्य हुआ ।जिसमे कमलापति इण्टर कालेज 25- 13 से विजयी हुई । दुसरा मैच आर आर बी एन इण्टर कालेज व निराला इण्टर कालेज पतारी के मध्य हुआ । जिसमे आर आर बी एन ने 35- 6 के अन्तर मे निराला को हरा दिया ।फाइनल मैच कमलापति इण्टर कालेज व आर आर बी एन इण्टर कालेज के मध्य हुआ । जिसमें कमलापति इण्टर कालेज को 21 प्वाइंट व आर आर बी एन को 19 मिले ।

कडे मुकाबले के बाद कमलापति इण्टर कालेज 2 प्वाइंट से विजयी रही ।कमलापति इण्टर कालेज ने इस विजय के साथ जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता मे अपना स्थान पक्का किया ।प्रतियोगिता मे रिफरी की भूमिका जिला व्यायाम शिक्षिका निशा सिंह तोमर एव बाजितपुर इण्टर कालेज के व्यायाम शिक्षिक सतेन्द्र सिह बबलू ने निभाई । खेल का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिह ने टीमों के कैप्टनो से परिचय के बाद की । इस मौके पर खेल प्रभारी ज्ञान प्रताप सिंह , डा मेंहदी हसन, प्रमेन्द्र सिंह,दिवाकर सिंह, सुरेन्द्र सिह , सुनिल कुमार , के एम सिंह, प्रेम चन्द , सुशील पवन कुमार, संजय तिवारी , राम शंकर , राम बहादुर ,सतेन्द्र , सौरभ बाजपेई,श्याम दिक्षित आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

सांसद धर्मेंद्र यादव व महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने नोएडा महानगर में संविधान मानस्तंभ की स्थापना की

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव का नोएडा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह कार्यक्रम सेक्टर 33 अग्रसेन भवन में महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में वह पूर्व जिला अध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव की अध्यक्षता मेंआयोजित हुआ, जहां संविधान मानस्तंभ की स्थापना एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस गोष्ठी में धर्मेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने संविधान के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष जूही सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही।

धर्मेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनावों के लिए मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी की नजर नोएडा की तीनों विधानसभा सीटों पर है और उन्हें जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी।

कार्यक्रम के दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव ने उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनावों पर भी अपनी बात रखी और दावा किया कि समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि पार्टी जनता के समर्थन से आगामी चुनावों में बड़ा उलटफेर करेगी। सांसद ने भारत बंद के समर्थन पर भी खुलकर अपनी राय रखी और कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह से इस बंद का समर्थन करती है। उन्होंने समाज के दबे-कुचले लोगों और दलितों के साथ हो रहे अन्याय पर चिंता जताई और कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके हक के लिए संघर्ष करेगी। विशिष्ट अतिथि जूही सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है।

वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार का बोल वाला है युवा, किसान ,नौजवान सभी परेशान है ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हिस्सा लिया और सांसद धर्मेंद्र यादव के विचारों का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव जय करण चौधरी व महानगर महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नोएडा महानगर के सभी वरिष्ठ नेता के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष ,पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय में कैंप का आयोजन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दिव्यागजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु भारत सरकार की एक अनोखी पहल के अन्तर्गत विकास खंड सिरौलीगौसपुर के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों हेतु विशिष्ट दिव्यांगता आई डी बनाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कैंप का आयोजना किया गया। कैंप में मुख्य रूप से डॉ0 विनोद पाल मनोचिकित्सक, डॉ0 अफसर खान आर्थो सर्जन, डॉ0 डी0 के0 श्रीवास्तव नेत्र सर्जन, डॉ0 विनय सी0 एच0 सी0 सिरौलीगौसपुर के पैनल ने छात्रों का परीक्षण किया। इसके साथ साथ विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों की काउंसलिंग का भी आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 अभिभावकों की उपस्थिति रही ।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने समस्त अभिभावकों से अपने छात्रों को विद्यालय में नामांकन कराकर प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। सहयोगकर्ता के रूप में स्पेशल एजुकेटर संतोष कुमार भारती, लक्ष्मी बाल, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राम निवास उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

नीरज मेडिकल व जनता फार्मा क्लीनिक किया गया सीज

मैगलगंज-खीरी। कस्बे के औरंगाबाद रोड पर निकट भारत गैस एजेंसी के सामने अवैध रूप से व मानक विहीन अस्पताल था संचालित जिसकी शिकायक मैगलगंज कस्बे के ही शोभित शुक्ला (पत्रकार) ने लिखित शिकायत जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी व लखीमपुर जिला अधिकारी महोदया को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया था जिसके चलते आज स्वास्थ्य महकमा आया हरकत में सीएचसी प्रभारी पसगवा के द्वारा सीज किया व अस्पताल मालिक को हिदायत दिया कि बिना रजिस्ट्रेशन के मानक पूरे करने के बाद ही संचालित करना नही तो वैधानिक कार्यवाही विभाग के द्वारा की जाएगी।

दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

धौरहरा-खीरी। रक्षाबंधन त्योहार के एक दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नवविवाहिता की मौत मामले में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे में नामजद आरोपियों में से तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार भाई बहन के त्योहार के एक दिन पूर्व क्षेत्र के बिजंहा में नवविवाहिता की मौत होने से दहेज़ हत्या में दर्ज हुएं मुकदमे में पुलिस अधीक्षक खीरी व विवेचनाधिकारी क्षेत्राधिकारी धौरहरा के निर्देश पर नामजद आरोपी पति सत्य कुमार उर्फ बिर्जेश ससुर मुरली गौतम व सास ननकई को धौरहरा पुलिस के उप निरीक्षक द्वारा कही भागने की फिराक में सिसैया ढखेरवा रोड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी टीम ने उप निरीक्षक ब्रम्हानंद यादव,हे का0 रामतीरथ अंगद प्रसाद जितेन्द्र यादव व महिला सिपाही नीलमपाल मौजूद रही।

चांदी कारोबारियों ने कारीगरों से की बर्बरता

आगरा। ताजनगरी आगरा से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। चांदी व्यापारियों ने दो कारीगरों को रस्सी से बांधकर नंगा करके पीटा। यही नहीं, जब उन्हें दर्द हो रहा था तो दवाई भी खिलाई। इसके बाद उन्हें शराब पिला दी। करीब 4 घंटे तक दोनों कारीगरों को बंधक बनाकर जमकर यातनाएं दीं। अपने साथ हुई इस अमानवीय घटना से परिवार दो दिन तक दहशत में रहा। इसके बाद हिम्मत करके उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाली थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।जीवनी मंडी कृष्णा कॉलोनी के रहने वाले धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि वह चांदी कारीगर है। पंकज वर्मा के साथ मिलकर दोनों चांदी की मजदूरी करते हैं। 18 अगस्त को दोनों तिलक बाजार में काम कर रहे थे। शाम करीब 6 बजे गुड्डू गुप्ता, आकाश गुप्ता, वरुण गुप्ता अपने साथियों के साथ दोनों को पकडकर अपने कारखाने ले आए। आरोप है कि दोनों को कारखाने में रस्सी से बांधकर जमकर पीटा गया। धर्मेंद्र ने बताया कि दोनों के रस्सी से हाथ बांध दिए। इसके बाद कपड़े उतारकर नंगा करके डंडों से पीटा गया। रात भर दोनों को यातनाएं दी गई।

दलित संगठन के लोगों ने जमकर किया प्रदर्शन

गोण्डा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू किए जाने के फैसले के विरोध में गोंडा जिले में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी समेत कई दलित संगठनों द्वारा भारत बंद का आह्वान कर धरना-प्रदर्शन किया गया। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट से इस फैसले को वापस लेने और एससी-एसटी आरक्षण को 9वीं सूची में डालने की मांग की गई। गोंडा के गांधी पार्क और कलेक्ट्रेट पर बसपा के कार्यकर्ता और अन्य दलित संगठनों के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए। हाथों में बसपा के झंडे लिए प्रदर्शनकारी जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान, कलेक्ट्रेट में सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता भी टीन शेड के नीचे एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गोंडा जिले में कई थानों की पुलिस फोर्स और भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की व्यवस्था की है, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। गोंडा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि धरना-प्रदर्शन को शांतिपूर्ण रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात की गई है और मजिस्ट्रेटों के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि प्रदर्शनकारियों की मांगों को सुना जा सके और वे शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध समाप्त कर सकें।

डीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। बुधवार सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक फूलबेहड़ अंतर्गत संविलियन विद्यालय ओदरहना, पीएस तेंदुआ का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य रूप से डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी मौजूद रहे।

सर्वप्रथम डीएम सुबह 08.35 बजे विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के ग्राम ओदरहना पहुंची, कक्षा सात में ब्लैकबोर्ड पर फूल बना देखा, पूछने पर पता चला कि छात्रा आफरीन यह फूल बनाया है। इसपर उन्होंने आफरीन के सिर पर हाथ फेरकर दुलारा और प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया। शिक्षिका सुषमा अवस्थी द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। डीएम ने पुस्तक उठाई। पेज सं. 15 खोला और बच्चों से पढ़वाकर रीडिंग स्किल चेक की। क्लास 6 में शिक्षिका रुपिंदर कौर पढ़ाती मिली। क्लास में फर्नीचर कम होने का कारण जाना। शिक्षक ने बताया कि फर्नीचर टूट गया है। बीएसए ने अवगत कराया कि फर्नीचर की 05 साल की वारंटी है। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनकी मरम्मत कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों की टीम सफाई करते मिली। डीएम के पूछने पर डीपीआरओ ने बताया कि रोस्टर के मुताबिक आज इस गांव, विद्यालय में साफ सफाई कराई जा रही है। विद्यालय बाउंड्रीवॉल बनवाने के संबंध में एडीओ (पं) को निर्देश दिए। डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि बीटीएफ और डीटीएफ सदस्य परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कागजी घोड़े दौड़ने के बजाय स्कूलों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने पर फोकस करे।

अनोखे अंदाज में पढ़ाती मिली निहारिका

निरीक्षण के दौरान कक्षा चार में सहायक अध्यापिका निहारिका अनोखी अंदाज में पढ़ाती मिली। चंदा के गांव में, बादलों की छांव में बच्चे एक्टिविटी करते मिले। शिक्षिका की कक्षा के छात्र उनके अनोखे शिक्षण के तरीके को काफी एंजॉय कर रहे हैं। डीएम ने निहारिका के इस प्रयास की सराहा, अन्य शिक्षकों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

तेदुआ में डीएम खफा, प्रधानाध्यापिका का स्पष्टीकरण तलब

इसके बाद डीएम ने जिला मुख्यालय से 20 किमी और मुख्य सड़क मार्ग से लगभग 05 किमी अंदर सुबह 09.20 बजे प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ पहुंची, जहां सभी बच्चे एक ही क्लास में बैठे मिले, पूछने पर शिक्षिका माधुरी पांडेय ने बताया कि बरसात की वजह से बच्चे कम आए है। डीएम ने पूछा एक ही क्लास में दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे। प्रधानाध्यापिका शीला देवी से शिक्षक संदर्शिका व शिक्षक डायरी मांगी, जवाब में शीला देवी ने बताया कि वह घर पर है, इस पर गहरी नाराजगी जताई, बीएसए को इनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा।शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका व शिक्षक डायरी का अनिवार्यता से दैनिक प्रयोग करने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने रसोई घर का निरीक्षण किया। इस दौरान गैस चूल्हा खराब था, चूल्हे पर खाना बनता मिला। स्कूल स्टाफ को तत्काल चूल्हा सही करने के निर्देश दिए। चूल्हे पर खाना तैयार करने से आपके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा, इसलिए गैस चूल्हे पर ही भोजन तैयार किया जाए। उन्होंने दूध प्रदान किए जाने वाले बर्तन भी देखा और जाना कितनी मात्रा में बच्चों को दूध प्रदान किया जाता है। दूध व भोजन वितरण के संबंध में बच्चों से भी पुष्टि की। डीएम के पूछने पर रसोईया ने बताया कि आज उपस्थित 20 बच्चों के लिए तय रोस्टर के अनुसार भोजन तैयार किया जा रहा है। तहरी में सोयाबढ़ी पर्याप्त मात्रा में अनिवार्य रूप से उपयोग की जाए। इस दौरान उन्होंने गाँव का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। गाँव के एक मार्ग पर जलभराव देखकर बीडीओ को उस मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ताकि वहां के बच्चे बिना कठिनाई के विद्यालय पहुँच सके।

एक इंस्पेक्टर व 24 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

गोण्डा। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए एसपी विनीत जायसवाल ने बुधवार को एक इंस्पेक्टर व 24 सब इंस्पेक्टर की तैनाती में फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज को एएचटीयू थाने का इंचार्ज बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर संजीव वर्मा डीसीआरबी प्रभारी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन से 23 अन्य उपनिरीक्षकों को जिले के विभिन्न थानों और चौकी पर तैनाती दी गयी है। खोड़ारे थाने में तैनात रहे उप निरीक्षक प्रदीप गंगवार को सोनी गुमटी चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाल को जिगना, अरुण कुमार को न्यायालयघ् व उप निरीक्षक उपेंद्र यादव को भानपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक गजेंद्र पांडेय को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली देहात बनाया गया है। कटरा बाजार थाने में तैनात रहे उप निरीक्षक सुनील कुमार को उमरीबेगमगंज व छपिया से अवनीश शुक्ला को इटियाथोक भेजा गया है।

भारत बंद का मिला जुला असर

- कंपनी बाग चौराहे पर किया जोरदार प्रदर्शन
- भारत बंद के दौरान बेहद सतर्क रहा पुलिस प्रशासन
- बंद से वेअसर रहीं आकस्मिक सेवाएं

सुनील बाजपेई

कानपुर। बुधवार को यहां भारत बंद का मिला-जुला असर देखा गया। आरक्षण बताओ संघर्ष समिति की ओर से यह राष्ट्रव्यापी बंद सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और एस सी एस टी यानी अनुसूचित जनजाति के आरक्षण पर फैसला सुनाने के विरोध में किया गया।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के अलावा कई दूसरे संगठनों के साथ बहुजन समाज पार्टी भी इस बंद में शामिल रही।

आज बंद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए यहां पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क रहा। वही दलित नेता धनीराम बौद्ध की अगुवाई में कंपनी बाग चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन भी किया गया ।

आज भारत बंद के दौरान महानगर के व्यावसायिक इलाकों नयागंज ,बिरहाना रोड ,लाटूश रोड ,पनकी ,कल्याणपुर , गोविंद नगर, चकेरी, बाबू पुरवा, किदवई नगर, ,नौबस्ता, बर्रा , बिल्हौर और घाटमपुर मैं इस दौरान विशेष सतर्कता भी बढ़ती गई और बवाल करने की कोशिश में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया।

इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, हॉस्पिटल और मेडिकल फैसिलिटीज सुचारू तौर पर काम करती नजर आई।

भारत बंद के दौरान किसी तरह की हिंसा ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए बड़े पुलिस अधिकारी हालातों का जायजा लगातार लेते रहे।

भारत बैंड के दौरान आज बुधवार को हर थाना क्षेत्र की पुलिस भी हर तरह से सतर्क नजर आई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन को और तेज करने की भी चेतावनी दी। आरक्षण के संदर्भ में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को गलत बताया और उसे निरस्त किए जाने की भी मांग की।

एससी एसटी समुदाय के लोगों ने किया धरना प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

मोहम्मदी-खीरी। आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले के खिलाफ दलित व आदिवासी संगठन उत्तर प्रदेश के साथ में मोहम्मदी तहसील में प्रदर्शन किया गया।अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले को लेकर यूपी के अलग-अलग जिलों में तमाम संगठनों के लोग सड़कों पर उतरे और नारेबाजी की। मोहम्मदी नगर में युवाओं ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और नारेबाजी की। मोहम्मदी में प्रदर्शनकारी बरवर चौराहे से तहसील गेट पहुंचे और पांच सूत्र ज्ञापन की मुख्य मांगे (1) केंद्र सरकार को एक कानून बनाकर संसद में एक अध्यादेश जारी करना चाहिए ताकि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों और जनजातियों की श्रेणी में प्रस्तावित जातियों के उप वर्गीकरण और क्रीमी लेयर के निर्णय को लागू न करें।

(2) केंद्र सरकार को एससी और एसटी के आरक्षण के लिए एक ही कानून बनना चाहिए और इसे अनुसूची 9 में शामिल करना चाहिए ताकि कोई भी अदालत इसमें हस्तक्षेप न कर सके।

(3) केंद्र सरकार को सभी जातियों की जनगणना करनी चाहिए और उनकी आबादी के अनुसार आरक्षण प्रदान करना चाहिए।

(4) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण निजी विश्वविद्यालयों , निजी प्रतिष्ठानों और संविदात्मक भर्ती में लागू किया जाना चाहिए।

(5) माननीय उच्च न्यायालय और माननीय उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति न्यायिक नियुक्ति आयोग की स्थापना कर के आयोग द्वारा परीक्षा लेकर की जानी चाहिए न कि वर्तमान ÷कॉलेजियम÷ प्रणाली द्वारा। प्रदर्शन कर रहे संगठनों के सैकड़ों लोगों ने बरवर चौराहे से चलकर तहसील गेट पर तहसीलदार प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपा।मौके अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान सहित मोहम्मदी पुलिस मौजूद रहीं।

उपचुनाव में निर्वाचित प्रधान, बीडीसी, सदस्य ग्राम पंचायत का शपथ ग्रहण 24 को

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उप निर्वाचन में निर्विरोध/सविरोध निर्वाचित 05 प्रधान एवं 52 सदस्य ग्राम पंचायत, आठ बीडीसी का 24 अगस्त को शपथ ग्रहण कार्यक्रम निर्धारित किया है।

डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि नवनिर्वाचित 05 ग्राम प्रधानों और 52 सदस्य, ग्राम पंचायत को संबंधित क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पूर्वाहन 11 शपथ एवं प्रतिज्ञान दिलाई जाएगी। वही ब्लॉक लखीमपुर, मोहम्मदी, पसगवाँ मितौली एवं निघासन के नवनिर्वाचित आठ क्षेत्र पंचायत सदस्यो को उसी दिन दोपहर 12 बजे संबंधित क्षेत्र पंचायत कार्यालय में शपथ दिलाई जाएगी। प्रधान को बीडीओ, बीडीसी को प्रमुख क्षेत्र पंचायत और सदस्य ग्राम पंचायत को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) शपथ दिलाएंगे।

उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन में ब्लॉक लखीमपुर की कादीपुर में नजमा पत्नी इरफान, बॉकेगॅज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में राजेश कुमार पुत्र शिव रतन लाल, पसगवॉ की दोहक में श्रीमती विनीता यादव पत्नी दीपक कुमार यादव, निघासन की गुलरिया पत्थर शाह में आशिक अली पुत्र छोट्टन, निघासन की नौरंगाबाद ग्राम पंचायत में माया देवी पत्नी रत्ती राम निर्वाचित हुए है। इसके अलावा ब्लॉक लखीमपुर, मोहम्मदी, पसगवाँ मितौली एवं निघासन विकास क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्डों से आठ क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए है।

भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव को जिला विकास अधिकारी का खुला संरक्षण

- जिला विकास अधिकारी के संरक्षण में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल
- भ्रष्टाचारी पास! शिकायतकर्ता फेल

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जिला विकास अधिकारी दिनकर कुमार विद्यार्थी के संरक्षण में भ्रष्टाचार के आरोपी सचिवों द्वारा जमकर धांधलियां किये जाने की शिकायतों के बावजूद उन पर विशेष मेहरबानी के आरोपों के बीच जिला विकास अधिकारी के चहेतों द्वारा गंभीर अनियमित्ताओं के साथ शासकीय धन का बंदरबांट किया जा रहा है।

डीडीओ की कारस्तानियों का पहला उदाहरण विकास खण्ड पालिया के ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र मौर्या का है, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत अतरिया में बगैर पीसीसी इंटरलॉकिंग सड़कें बनाकर पीसीसी का भुगतान भी निकाल लेने का मामला प्रकाश में आया है। डीडीओ के चहेते सचिव की लिखित शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र सिंह ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद उनके द्वारा निर्माण कार्यों में धांधली की शिकायतें उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गयीं थीं, किंतु अज्ञात कारणोंवश लिखित रूप में ऑनलाइन आईजीआरएस के माध्यम से प्रेषित शिकायतों को धीरेंद्र मौर्या के संरक्षक बताए जाने वाले उच्चाधिकारियों ने अपने ऊंचे रसूख व प्रभाव से दबवा रखा है। लिखित शिकायतों को ठंडे बस्ते में देख शिकायतकर्ता ने लगभग एक महीना पूर्व ग्राम पंचायत अतरिया के पीसीसी रहित मानक विहीन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों की शिकायत की थी जो जिस पर अभी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई भी जाँच आख्या नही दी गयी है।

फिलहाल पलिया ब्लाक के चर्चित ग्राम विकास अधिकारी धीरेंद्र मौर्या के भ्रष्टाचार को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है वह शासकीय लूट-खसोट का पहला उदाहरण है, कई अन्य बड़े बड़े संरक्षित सचिवों की दास्तानें अभी शेष हैं।

डॉक्टर बेटी को न्याय दिलाने को आवाज की बुलंद

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। आगरा के हर वर्ग के संभ्रांत नागरिकों ने शहीद स्मारक पर एकत्र होकर, एकजुटता के साथ अपनी डॉक्टर बेटी को न्याय दिलाने की आवाज़ बुलंद की।

इसमें कोई संस्था नही, बैनर नही, सेल्फी नही, मोमबत्ती नही, आंसू नही थे। कोई धर्म, कोई सम्प्रदाय, कोई मज़हब नही था।अगर कुछ था तो हर किसी के चेहरे पर गुस्सा और हाथ मे न्याय की गुहार लिए तख्ती। इसमें ट्रांसजेंडर समुदाय, किन्नर समुदाय, एसिड अटैक सर्वाइवर्स और वो सब उपस्थित हुए, जिनके दिल मे उस बच्ची के लिए दर्द था। सभी का कहना था कि कानून व्यवस्था में बदलाव लाया जाए और बलात्कार के मामलों में तुरंत कार्यवाही हो। फांसी से कम सज़ा मंजूर नही होगी, क्योंकि किसी नारी की अस्मत इतनी सस्ती नही है कि कही भी कभी भी उस पर हाथ डाल दिया जाए।

कार्यक्रम के अंत मे 2 मिनट का मौन रख डॉ.बेटी को श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिसमें उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर बोर्ड की सदस्य देविका मंगलामुखी, वत्सला प्रभाकर, शीला बहल, नम्रता मिश्रा, आभा चतुर्वेदी, निधि चतुर्वेदी, सुनील विकल, आनंद राय, नितिन जोहरी, डॉ जे.एन. टंडन, रुकैया, मानिनी, आशीष, चेतवानी, सुनील जैन, अदिति, वंदना, नरोत्तम शर्मा, रुनु, सुनील स्वतंत्र, अमित, समी अघाई, ज़ाकिर, बग्गा जी, लालाराम तेनगुरिया, कुमुद पांडे, ऋतु गोयल, रुचिता, श्रुति सिन्हा, अनिता, विनीता जादौन, आर के कपूर, पैंसई थॉमस, वसीम कलाम, नम्रता मिश्रा, गौरव गुप्ता, रचना कपूर, विजय कपूर, ऋचा पंडित आदि प्रमुख थे।

भारत बंद को लेकर आगरा में जोरदार प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। उपवर्गीकरण आरक्षण को लेकर आज जोरदार प्रदर्शन किया गया। उपवर्गीकरण आरक्षण के विरोध में युवा सड़कों पर उतरे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान हजारों की संख्या में दलित युवा हाथों में नीला झंडा लेकर प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान भारत बंद का भी ऐलान किया गया था। आवास विकास सहित कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा दुकानें आदि बंद कराई जा रही हैं। भारत बंद को लेकर पुलिस हाई अलर्ट मोड पर रही। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के टेड़ी बगिया, पंचकुइया चौराहे सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं ने प्रदर्शन किया। बताते चलें कि इससे 2 अप्रैल 2018 आरक्षण को लेकर दलितों ने चक्का जाम किया था। इस बार भारत बंद के आह्वान को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी समर्थन दिया है। इसको लेकर आगरा में जगह-जगह आरक्षण बचाओ नारों के साथ प्रदर्शन किया। कलेक्ट्री में भारी संख्या में एससी एसटी वर्ग के लोग पहुँचे और जोरदार प्रदर्शन किया। आगरा कलेक्टरेट के मुख्य दरवाजे के ऊपर चढ़कर युवाओं ने नीला झंडा लगा दिया। कलेक्टरेट के सामने से गुजरने वाले वाहनों को भी रोका गया।

देहात में भी एससी एसटी समुदाय ने पैदल मार्च किया

आगरा शहर के साथ देहात इलाकों में भी जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है। कस्बा पिनाहट में आरक्षण में बदलाव को लेकर एससी एसटी समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला आरक्षण में छेड़छाड़ के विरोध में सैकड़ो लोगों ने कस्बा पिनाहट के चावड़ माता मंदिर से पैदल मार्च शुरू किया। जो के कस्बा के भदरौली चौराहे तक जाकर समापन हुआ। आरक्षण में बदलाव को लेकर एससी एसटी समुदाय के लोगों ने भारत बंद करने को लेकर पैदल मार्च निकाला जिसका मिला-जुला असर देखने को मिला बाजार पूर्ण तरीके से बंद रहा। आरक्षण में बदलाव के विरोध में सैकड़ो लोगों ने अंबेडकर पार्क में धरना दिया तथा अंबेडकर चौराहे पर थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर आरक्षण में छेड़छाड़ ना करने की अपील की गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में एससी एसटी समुदाय के लोग एकत्रित रहे। पैदल मार्च में भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा।

जीजा को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जीजा की धमकी से परेशान होकर दो बहनों ने कर लिया था सुसाइड

गोण्डा। मनकापुर कोतवाली पुलिस ने तामापार गांव की रहने वाली दो सगी बहनों की आत्महत्या के मामले में आरोपी जीजा अशोक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल, आरोपित जीजा द्वारा लगातार धमकी और गाली-गलौज का शिकार होने के बाद 19 वर्षीय सुनीता और 17 वर्षीय पुनीता ने रक्षाबंधन के दिन अपने जीवन को समाप्त कर दिया।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने जीजा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। आरोप है कि अशोक कुमार ने बार-बार बहनों को फेसबुक पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। परेशान होकर, दोनों बहनों ने एक-दूसरे का हाथ दुपट्टे से बांधकर विसुही नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मनकापुर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है।

अनुसूचित जाति का आरक्षण समाप्त करने का कुचक्र रच रही भाजपा सरकार-इं0 वीरेन्द्र यादव

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अगुवाई में अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण मामले में दिनांक 01 अगस्त 2024 के मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर भारत सरकार एवं राज्य सरकारों में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर की व्यवस्था लगाने पर पुर्नविचार कर असंवैधानिक फैसले को वापस लें भारत सरकार लेटरल इंट्री बिना परीक्षा कराये सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था को खत्म करने आदि बिन्दुओं पर विभिन्न संगठनों के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदया को सिटी मजिस्ट्रेट रायबरेली के माध्यम से दस सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार

अनुसूचित जातिध्जनजाति के आरक्षण में हेराफेरी कर उनका हक एवं अधिकार कमजोर करना चाह रही है बिना परीक्षा कराये क्रीमीलेयर की व्यवस्था लागू करवा कर आई0ए0एस0 बनाने का अवैधानिक कार्य कर संविधान में प्रदत्त एस0सी0एस0टी0 के लोगों को लाभ से वंचित करने का कुचक्र रच रही है।समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष राजीव गौतम ने कहा कि भारत सरकार अनुसूचित जातिध्जनजाति आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करें उनका आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं होना चाहिए।बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सतेश गौतम ने कहा कि राज्य सभा व विधान परिषद एवं

जजों की नियुक्ति में भी आरक्षण लागू किया जाय।ज्ञापन में प्रमुख रूप से उमाशंकर चौधरी, आशीष चौधरी, चन्द्र प्रकाश आजाद, ओ0पी0 यादव, मो0 अरशद खान, राजेश मौर्य, रज्जू खान, हसीन अहमद, मुशीर अहमद, पवन पासवान, श्रवण चौधरी, अरूण यदव, राकेश यादव, राघवेन्द्र प्रधान, योगेश्वर पटेल, पुत्तन सिंह यादव, आशुतोष यादव, शुभम लोहिया, फ्हीम अहमद, अजय यादव, डा0 जावेद, मो0 कैफ, रामसुमेर यादव, सुरजीत सिंह, शिवबरन यादव, अखिलेश बबलू, लवकुश मौर्या, अरविन्द चौधरी, बालेन्द्र यादव, आलोक यादव, रामलखन, अहमद हसन, देशराज यादव, धर्मेन्द्र यादव, रिजवान, राहुल सरोज, सचिन सोनकर, शैलेन्द्र कुमार, सन्त प्रसाद, राम बहादुर पासी, आशीष पटेल सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने भारत बंद का किया समर्थन, महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देश पर बुधवार को जिलाध्यक्ष प्रेम चंद्र मौर्य की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को 7 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा है। तथा यूनिट रायबरेली द्वारा 21 अगस्त 2024 को भारत बन्द का पूर्ण समर्थन किया। ज्ञापन के माध्यम से जिला अध्यक्ष प्रेम चंद्र मौर्य ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति में आरक्षण का अप वर्गीकरण करके आरक्षण में आरक्षण पर व्यवस्था लागू करने का निर्णय केंद्र व राज्य सरकारो को निर्देश किया गया है। जिससे अनुसूचित वर्ग लाभ से वंचित हो जायेंगा। यूनिट रायबरेली द्वारा डिगी कालेज स्थित शहीद चौक पर प्रेम चंद्र मौर्य के नेतृत्व में शत्रुघ्न सिंह मौर्य, दिलीप वर्मा, सुमित मौर्य, धुन्नी मौर्य,ओम प्रकाश मौर्य, श्यामू मौर्य, राजेंद्र कुमार ने कड़ा विरोध करते हुए भारतीय संविधान में संशोधन कर प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण व्यवस्था भी लागू किया जाए जाति गति जनगणना कराया जाए जिससे सभी वर्गों में आरक्षण का लाभ प्राप्त हो लैटरल एंट्री समाप्त करने की मांग की है।

इनर व्हील क्लब रायबरेली ने बनाई हरियाली तीज

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। दीप पैलेस में हरियाली तीज मनाई ।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष दीप्ति सिकरिया, सचिव विनीता राजपाल ,पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता, पूर्व अध्यक्षों व कार्यक्रम अधिकारी रेखा जिवनानी ,अनामिका गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रंगारंग सावन के गीतों पर जमकर सभी ने खूब आनंद उठाया ।लोकगीत में ढोलक की थाप पर सभी ने जमकर नृत्य किया ।चूड़ी गेम में संध्या भार्गव प्रथम तो प्रेरणा श्रीवास्तव द्वितीय रहीं । म्यूजिकल कप गेम में रीना गुप्ता व शिल्पी सिंह प्रथम तो पारुल अग्रवाल व आशा सिंह द्वितीय रहीं । आशा सिंह ने सबको सरप्राइज गेम खिलाया।सबसे प्रश्न पूछे फिर सबको गिफ्ट भी दिए गए। ब्यूटी पार्लर से भी रिचा चंदवानी जी ने सभी को गिफ्ट वाउचर दिए, मेहंदी व मेकअप की निःशुल्क सेवा दी। फिर तंबोला खेला गया । नृत्य के माध्यम से तीज का अल्हड़पन वह मस्ती ने भी खूब समां बांधा। हाल की साज- सज्जा में विशेष रूप से अनामिका मेहरोत्रा ,सुरभि अग्रवाल व अनामिका गुप्ता का सहयोग रहा। सेल्फी पॉइंट पर सब ने खूब फोटो खिंचवाई ।

अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ने रिचा चंदवानी जी को स्मृति चिन्ह वह पुरस्कार देकर धन्यवाद दिया। सभी ने लजीज व्यंजनों का आशा सिंह ,दीपा अग्रवाल, प्रेरणा श्रीवास्तव ,मंजू खेतान व लता सिंह जी के कारण खूब लुत्फ को उठाया । पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता जी ने कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम अधिकारी रेखा जिवनानी व कार्यक्रम संयोजक अनामिका गुप्ता , रिचा चंदवानी , सभी होस्ट व आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

आरएएफद्वारा रायबरेली जनपद में परिचय अभ्यास के दौरान भविष्य की चुनौतियों से निपटने का किया गया अभ्यास

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जनसुरक्षा को पहली प्राथमिकता दिए जाने के आलोक में बुधवार को प्रयागराज यूनिट की केंद्रीय सुरक्षा बल की सी/101रैपिड एक्शन फोर्स ने लालगंज सहित कई थानों का भ्रमण किया है। रैपिड एक्शन फोर्स जिले में पांच दिवसीय प्रवास के दौरान जिला परिचय अभ्यास में वर्तमान की कानून व्यवस्था के साथ -साथ भविष्य की कानून व्यवस्था की चुनौतियों को जानने हेतु जनपद के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर संवेदनशील व अन्य महत्वपूर्ण स्थानो की जानकारी प्राप्त की। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस बल से बातचीत करने के उपरांत क्षेत्र के भौगोलिक परिस्थिति को जानने एवम जनता के बीच सुरक्षा की भावना पैदा

करने के लिए धरातलीय स्तर पर जिला पुलिस के साथ थाना महराजगंज, थाना शिवगढ़ , थाना बछरावा एवं थाना हरचंदपुर, थाना गुरुबक्सगंज एवं लालगंज के इलाके में दंगा नियंत्रण के विशेष उपकरण के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया गया और आम जन से बात कर उनको सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में सी/101आरएएफ के ऑफिसर कमांडिंग रामसरन (असिस्टेंट कमांडेंट) , इंस्पेक्टर आदित्य झा, इंस्पेक्टर मीता सहित आरएएफ के जवानों के साथ थाना प्रभारी मय पुलिस पार्टी के साथ उपस्थित रहे । लालगंज कोतवाली पहुंचे असिस्टेंट कमांडेंट रामशरन और इंस्पेक्टर आदित्य झा ने क्षेत्र की जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवम सुरक्षा बलों का सहयोग करने की अपील की है।

बैसवारे के लाल ने बढ़ाया मान

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज कस्बे में स्थित बैसवारा इण्टर कॉलेज के 2023 सत्र के इण्टरमीडिएट के छात्र रहे अंकित सिंह का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान एन आई टी इंजीनियरिंग के श्रीनगर कैम्पस में हुआ है। इस सुखद खबर से सम्पूर्ण बैसवारा इण्टर कॉलेज और क्षेत्रवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । खुशी के इस अवसर पर बैसवारा इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह ने अंकित का विद्यालय में माल्यार्पण करते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शिक्षक जितेन्द्र मौर्य ने स्मृति चिह्न , परीक्षा प्रभारी सुनील त्रिपाठी और सोमेश सिंह ने अंगवस्त्र, विनोद सिंह, राम जी लाल श्रीवास्तव और सन्तोष सिंह ने डायरी एवं डॉ. शालिनी साहू, अतिदेव पाण्डेय, पुनीत तिवारी, दीप सोनकर, बृजेश शर्मा आदि ने माला पहनाकर मेधावी छात्र को सम्मानित किया।विद्यालय के प्रबन्धक लाल देवेन्द्र बहादुर, उपप्रबन्धक ब्रह्म प्रकाश सिंह एवं प्रबन्धकार्यकारिणी के सदस्य अवनेन्द्र बहादुर सिंह ने अंकित को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सिंह ने कहा कि ऐसे तमाम मेधावी और प्रतिभाशाली छात्रों की लम्बी कतार बैसवारा इण्टर कॉलेज में है जो हमारे योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन द्वारा देश में बैसवारा का नाम रोशन इसी तरह आगे भी करते रहेगें।

राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कला प्रतियोगिता आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय होटल प्लीजेंट व्यू सेनानी में संपन्न हुआ। कला प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 547 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया।समिति द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता में जनपद के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर, रेयान इंटरनेशनल , सेंट पीटर्स, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, राइजिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल, बीएसएस पब्लिक स्कूल, रायबरेली कान्वेंट स्कूल, वी ए एस एन पब्लिक स्कूल, विबग्योर पब्लिक इंटर कालेज की चारों शाखा समेत जनपद के 26 स्कूलों ने

किया।कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व डा अमिता खुबेले, कार्यक्रम प्रभारी डा शशिकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कला प्रतियोगिता में जिले से करीब 32 विद्यालयों के 400 बच्चों ने 4 वर्गों में प्रतिभाग किया। सबसे खास बात तो यह रही कि इस प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। अपनी कला का हुनर दिखने वाले बच्चों की कला देखते ही बनती थी।प्रतियोगिता के बाद डॉक्टर ओमिका सिंह, डॉक्टर पूजा त्रिवेदी, डॉक्टर प्रियंका अग्रवाल, व गोविंद खन्ना निर्णायक की भूमिका परिणाम फाइनल करेंगे। परिणाम गुरुवार को घोषित किया जायेगा। वहीं पुरस्कार पाने वाले बच्चों को 24 अगस्त को कवि सम्मेलन के पूर्व पुरस्कृत किया जाएगा।इस अवसर पर दलजीत कौर, राम सेवक चौधरी, धीरेंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, आरबी सिंह, रमेष सिह, महेंद्र अग्रवाल, मोहित यादव, शैलेश सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह राजन, गोविंद चौहान,कमलेंद्र भदौरिया,सुनील मेजर, आदि उपस्थित रहे।

कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता को लाठी से पीट पीटकर उतारा मौत के घाट

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता को लाठी से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया।सोलह वर्ष पूर्व आरोपी बेटे ने अपनी माँ को भी लाठियों से पीट कर हत्या कर दी थी।घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक मिया का पुरवा मजरे सूची निवासी राम आधार(80)अपने दरवाजे पर बैठा था।ग्रामीणों के मुताबिक इसी बीच दूध बेचकर लौटे पुत्र दल बहादुर यादव ने दरवाजे के समीप रखी लाठी से अपने पिता को पीट पीट का मौत के घाट उतार दिया।वही आरोपी की पत्नी सरोज यादव ने घटना की सूचना सलोन पुलिस को दे दी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2007 में आरोपी ने अपनी माँ राजपति को भी लाठियों से पीटकर हत्या कर दी थी।जिसमे युवक जेल चला गया था।और दो साल बाद जमानत पर छूट कर आया था।सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि युवक का दिमागी संतुलन ठीक नही था।पिता की लाठी से पीट पीटकर हत्या कर दी है।आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

भगवत प्राप्ति का सत्संग ही मुख्य आधार है:स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज नगर के उमाशंकर वाजपेई के आवास पर सत्संग कर रहे त्रंबकेश्वर नासिक से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती महाराज ने कहा कि कलियुग में गुरु की शरण में जाने से ही कल्याण संभव है। गुरु ही सत्संग और भागवत भजन के जरिए परमपिता परमात्मा की प्राप्ति करा सकता है। गुरु और सत्संग की महिमा का बखान करते हुए स्वामी जी ने कहा कि कलियुग में भटकने की जरूरत नहीं है। गुरु की शरण में जाने मात्र से मानव का कल्याण हो जाता है। कलियुग में भागवत गीता, रामचरितमानस और महान ग्रंथ गीता

ही सुप्रीम कोर्ट है जिनके विचारों का आत्मसात करने से भगवन की प्राप्ति संभव है। साथ ही कलियुग में सत्संग, कीर्तन नाम जप, दान ही परमात्मा के पाने का साधन है। वाल्मीकि भगवान राम का नाम जपने मात्र से महर्षि हो गए। उन्होंने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि सब में भगवान की सत्ता देखने वाले और जाति धर्म भाषा से ऊपर उठे हुए संत ही नारायण स्वरूप होते हैं जो नर के रूप में मानव को सद कल्याण का मार्ग दिखाते हैं। जो भी संत महात्मा भगवान का भजन करते रहते हैं। भगवान की भक्ति में लीन रहकर सत्संग करते हैं ।वह गुरुदेव नारायण के रूप हो जाते हैं। मनुष्य को निर्मल मन ,निर्मल चित और निर्मल हृदय बनाने वाला इस संसार में गुरु ही है। खासतौर से गुरु के सत्संग से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य आयोजक उमाशंकर बाजपेई ,रमाशंकर बाजपेई ,अनूप पांडे ,देवी कुमार गुप्ता, बच्चा पांडे, राकेश सिंह, कृपा शंकर गुप्ता ,ओमप्रकाश सिंह, सारंग पाणि त्रिवेदी, सुशील शुक्ला, शिवाकांत दीक्षित, कालिका मिश्रा ,सागर निर्मल, आयुष बाजपेई ,अन्नू बाजपेई मौजूद रहे।

पुरानी रंजिस को लेकर एक युवक ने सगे भाइयों के ऊपर किया कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। पुरानी रंजिस को लेकर एक युवक ने सगे भाइयों के ऊपर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया।घटना की सूचना पिआरवी को दी गई।मौके पर पिआरवी कर्मियों रवि चौरसिया समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।कोतवाली अंतर्गत औटहिया गांव निवासी दीपचंद्र अशोक पुत्रगण रामलाल गांव के ही भाई लाल से पुरानी रंजिस चली आ रही है।मंगलवार देर रात किसी बात को लेकर दीपचंद्र से भाईलाल का विवाद शुरू हो गया।इसी बीच बीच बचाव करने अशोक आ गया।आरोप है कि विपक्षी और उसके भाइयो ने मिलकर दोनों भाइयों को जमकर मारापीटा।इसके बाद दुकान पर रखी कुल्हाड़ी से दोनों युवकों के सिर वार कर उन्हें मरणासन्न कर दिया।ग्रामीणों ने घटना की सूचना सलोन पुलिस को दी।इसके बाद डायल 112 को घटना से अवगत कराया।सूचना पर पहुँची पीआरवी टीम ने दोनों घायल भाइयो को सीएचसी में भर्ती कराया है।डॉक्टर रितेश पांडे ने बताया कि दोनों युवकों की हालत नाजुक है।जिला अस्पताल रिफर किया गया है।सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।घटना स्थल पर सलोन पुलिस को भेजा गया है।

खैरहना में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र गांव झखरी मजरे खैरहना में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से दो तथा दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति घायल हुआ है, मामले में दोनों ओर से मिली तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।घटना आज बुधवार की दोपहर बारह बजे के करीब की है, प्रथम पक्ष की कमला देवी पत्नी कमलेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि विपक्षीगण शोभनाथ पुत्र राम आधार अजय पुत्र राम आधार कौशलेंद्र पुत्र राम सजीवन अभिमन्यु पुत्र सुखलाल उपरोक्त चारों लोग जबरन उसकी जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे।

विरोध करने पर सभी ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी बचाने दौड़ी उसकी बेटी कोमल को भी मारा पीटा वहीं दूसरे पक्ष के अजय पुत्र राम आधार ने भी तहरीर देते हुए बताया कि घूरा के विवाद को लेकर कमलू पुत्र राम हर्ष कोमल पुत्री कमलेश द्वारा उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई है।कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि दोनों ओर से मिली तहरीर पर छः के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एसबीआई प्रबंधक संजीव वर्मा का हुआ स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

जगतपुर, रायबरेली। उज्जवल चिल्ड्रन होम स्कूल जगतपुर में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव वर्मा का स्वागत और सम्मान छात्र-छात्राओं और विद्यालय के प्रबंधन तंत्र , विद्यालय शिक्षक एवं परिवार के द्वारा किया गया । गौरतलब है कि बच्चों के साथ हंसना खेलना और बच्चों के साथ समय बिताने की विशेष दिलचस्पी रखने वाले एसबीआई शाखा प्रबंधक संजीव वर्मा जब उज्जवल चिल्ड्रन होम स्कूल पहुंचे तो बच्चों ने उनका ताली बजाकर स्वागत किया। शाखा प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं से अपने जीवन काल के बीते हुए अनुभवों

एवं अपनी सफलता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही बच्चों से उनकी रुचि और उनके रुझान के बारे में जाना साथ ही अपने साथ ले गए उपहार भी भेंट किये।

इस मौके पर उज्जवल विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह प्रबंधक जयदीप सिंह प्रधानाचार्य ज्ञान प्रकाश सिंह, शिक्षक आलोक सोनी ,अवनीश, मानवेंद्र ,वंदना, आरती, अंजली, नमिता, अनीता, संजना आदि मौजूद रहे सभी ने प्रबंधक का स्वागत किया। विद्यालय में मिले छात्र-छात्राओं के स्नेह एवं विद्यालय परिवार की ओर से मिले सम्मान से एसबीआई प्रबंधक संजीव वर्मा भाव विभोर हो गए।

संक्षिप्त खबरें

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण पर दिये गये फैसले के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या। समाजवादी पार्टी बाबा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा के नेतृत्व में भारत बंद का समर्थन करते हुए 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम अंशिका दीक्षित को सौंपा, महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा ने कहा कि सरकार की मंशा आरक्षण खत्म करने की है जो कभी पूरा होने नहीं दिया जाएगा , सर्वोच्च न्यायालय से अपने फैसले को बदलने का अनुरोध करते हैं, इस पुनः विचार करे, महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा ने कहा कि राज्यसभा और विधानपरिषद में भी आरक्षण लागू किया जाए।। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष बाबा वाहिनी शिव शंकर शिवा, उपाध्यक्ष केशवराम कोरी, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, विपिन प्रभाकर, सर्वजीत, बबलू, मनोज, विरेन्द्र कुमार,इत्यादि लोग मौजूद थे।

साले के अंतिम संस्कार से लौट रहे जीजा और उसके भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत,दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

लोकमित्र ब्यूरो
मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के ढोली असकरन गांव निवासी चेतराम पुत्र पुत्र गुरु चरन 55 वर्ष व उनका भतीजा शिव शंकर पुत्र साहब दीन 32 वर्ष निवासी गड़रही बाजार की बभनाभारी थाना मवई मवई रिश्ते के अंतिम संस्कार से लौटते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुँच कर पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल से उसके घर पर देर रात 1बजे के आसपास सूचना दी दुर्घटना में मृतक शिव शंकर के पिता साहब दीन ने बताया कि शिव शंकर बचपन से इनायत नगर थाना क्षेत्र के करमडांडा गांव में अपने ननिहाल में रहता था और वहीं पर दुकान करता था,रक्षाबंधन के अवसर पर वह घर आया हुआ था और अपने मौसा चेतराम के साथ उनके रिश्ते में साले की मौत की सूचना पर अंतिम संस्कार में मोटरसाइकिल से बभनाभारी थाना मवई गए हुए थे 20 अगस्त को अंतिम संस्कार निपटने के बाद रात 8 बजे करीब दोनों लोग बभनाभारी थाना मवई से घर के लिए निकले लेकिन बीपी मावई के पास लगभग 9 से 10 बजे के बीच में अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया मृतक के पिता ने यह भी बताया कि शिव शंकर के दो बच्चे एक पुत्र व एक पुत्री है तथा मृतक गुरचरण के तीन लड़की व एक लड़के है।रात 1 बजे के करीब गदुरही बाजार में आई टेलिफोनिक सूचना के बाद करमडांडा गदुर ही बाजार व ढोली आसकरन के लोग घटनास्थल की ओर रवाना हो गए,जहां से मवई पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया समाचार लिखे जाने तक तीनों गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद हैं।

सड़क हादसों में तीन युवकों की दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो
मवई -अयोध्या। रूदौली सर्किल क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-27 पर मंगलवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी मवई ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे को रेफर कर दिया जिसकी रास्ते मे मौत हो गई। सीएचसी की सूचना मेमो पर मवई पुलिस ने अस्पताल पहुंच दोनों शव को कब्जे लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।पटरंगा थाना अंतर्गत हाईवे पुलिस चौकी के निकट जबरवापुर गांव के पास की है।बताते चले कि मंगलवार की देर रात में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर स्थित जबरवापुर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों द्वारा इसकी सूचना हाइवे पुलिस चौकी प्रभारी को दी गई।मौके पर अपने सिपाहियों के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई पर ले गए।जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे को ट्रामा सेंटर रेफर किया लेकिन उसने भी रास्ते मे दम तोड़ दिया।मृतक युवकों की पहचान इनायत नगर थाना क्षेत्र के दरोगा का पुरवा निवासी शिव शंकर पुत्र साहब दिन उम्र लगभग 35 वर्ष और खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत आसकरन ढोली गांव निवासी चेतराम पुत्र गुरु चरन उम्र लगभग 52 वर्ष के रूप में हुई है।बुधवार की भोर में पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में मवई पुलिस ने सीएचसी मवई से शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।वहीं दूसरा हादसा कोतवाली रुदौली क्षेत्र अंतर्गत भेलसर टिकैत नगर मार्ग पर दुपहरिया पुर गांव के पास मंगलवार की रात लगभग 9 बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली भेजवाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के दौरान ही मेवालाल यादव उम्र 52 वर्ष निवासी जुनेद पुर थाना पटरंगा की मौत हो गई।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

अब सस्ती लीजिए दवा की हर खुराक

लोकमित्र ब्यूरो
गोसाईगंज- अयोध्या। दवा के बजट से हर माह आप एक मोटी रकम बचा सकते हैं। महंगी दवाओं की खुराक आप सस्ते दाम पर ले सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र सरकारी सस्ती अंग्रेजी दवा की दुकान पर आना होगा। पता काजीपुर गाडर बरदही बाजार के निकट गोसाईगंज अयोध्या प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र है, जिसमें आम लोगों को दवा की सस्ती खुराक शुगर और ब्लड प्रेशर की दवा में 50 से 90 प्रतिशत की छूट दुकान की प्रोपराइटर अनूपा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में दवाइयां काफी सस्ती है। दवाओं में कोई अंतर नहीं होता है। गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होती है। मधुमेह की दवाइयां जो 67 रुपए में मिलती है वह जन औषधि में 16 रुपए की है। इससे आप 76 प्रतिशत पैसा बचा सकते हैं। एडिटी की कुछ महंगी दवाएं ब्रांडेड कंपनी में 143 रुपए की है जो जन औषधि में 20 रुपए में मिल जाएगी, इससे आप 86 प्रतिशत पैसा बचा सकते हैं। सर्दी खांसी की जो दवाएं बाजार में 90 रुपए की हैं वह जन औषधि में 24 रुपए में मिल जाती हैं। कोलेस्ट्रॉल की 99 रुपए वाली दवा जन औषधि में 22 रुपए में मिल सकती हैं जिससे आप 78 प्रतिशत पैसा बचा सकते हैं। सेनेटरी पैड की कीमत 4 रुपए में 4 पीस है।एलकलाजाइड 80 ख्द्द 10 गोली का बाजार रेट 54 रुपए है, जबकि प्रधानमंत्री जन औषधि में इसका दाम मात्र 20 रुपए में 10 गोली है। इसमें 63 प्रतिशत की बचत है।ग्लिमिप्राइड 2 ख्द्द की 10 गोली बाजार में 49 रुपए है यही दवा जन औषधि में 10 गोली 5 मात्र रुपए में है। इसमें आप हर 90 प्रतिशत तक पैसा बचा सकते हैं।वोग्लिबोस 0.3 2 ख्द्द की 10 गोली बाजार में 77 रुपए में है जो जन औषधि से मात्र 13 रुपए में 10 गोली ले सकते हैं। इसमें आप 83 प्रतिशत पैसा बचा सकते हैं।

हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी 22 को अयोध्या में

अयोध्या । अखिल भारत हिन्दू महासभा, त्रिदंडी के आगामी 25 अगस्त को होने जा रहे राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय अधिवेशन की तैयारियों को अन्तिम रूप देने के लिये प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी कल 22 अगस्त को रामनगरी अयोध्या पहुंच रहे है। ये जानकारी हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने दिया अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि हिन्दू महासभा के प्रान्तीय कार्यालय की सूचना के अनुसार दोपहर 2 बजे के बाद प्रदेश अध्यक्ष के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है, जहां वे आयोजन स्थल अंबर पैलेस पर पहुंच कर अधिवेशन की तैयारियों को अन्तिम रूप देंगे और अयोध्या की जिला एवं नगर इकाईयों के पदाधिकारियों और आयोजन की तैयारी में लगे आयोजकों से भी वार्ता करेंगे। ज्ञात हो कि इस अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से काफी संख्या में प्रमुख हिंदू महासभा नेता एवं कार्यकर्ता पहुंच रहे है।

जनता भाजपा की नीतियों से परेशान-लाल बिहारी

लोकमित्र ब्यूरो
मिल्कीपुर -अयोध्या। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर चुकी है। बुधवार की दोपहर मिल्कीपुर के प्रभारी विधान परिषद नेता विपक्ष लाल बिहारी यादव कुमारगंज पहुंचे जहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह छोटू ने अपने समर्थकों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया और नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अपने सिद्धांतों से भटक चुकी है। क्योंकि बसपा कभी भी उपचुनाव नहीं लड़ी है। उनको लग रहा है कि बसपा के प्रत्याशी आने से समाजवादी पार्टी का नुकसान होगा, तो इस तरह की सोच भाजपा के लोगों ने उनको दिया होगा। जब उनसे कर्मचारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पार्टी का सदस्य बनकर काम नहीं करना चाहिए। उनको निष्पक्ष होना चाहिए। यदि ऐसा है तो इलेक्शन कमीशन से मिलकर शिकायत करेंगे। जिससे जाति विशेष पर किसी प्रकार का दबाव न बने। यदि भाजपा इस प्रकार का काम करेगी तो कल सपा की भी सरकार होगी तो बदले की भावना से वह भी काम करेंगे तो फिर क्या करेंगे। भाजपा सरकार जिस प्रकार गौ माता की रक्षा की बात करती है। चारों तरफ अव्यवस्था है उनकी निर्मम हत्या हो रही है । भादरसा रेप कांड पर अखिलेश यादव के सपोर्ट करने पर जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा था यदि आपको शंका है तो डी एन ए टेस्ट करा लिजिए दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। 70 वर्ष जिनकी उम्र है वो कैसे अपराध कर सकता है। जब उनसे उन्नाव रेप कांड घटना पर सवाल पूछा गया उन्होंने कहा कि आरोपी पार्टी का सदस्य ही नहीं था। पार्टी पर फर्जी आरोप लगाया जा रहा है। ईवीएम पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव हो तो 80 में से 70 सीट से ज्यादा सीटों पर हम चुनाव जीत लेंगे। मिल्कीपुर समाजवादियों का गढ़ रहा है इससे स्पष्ट है कि यहा का चुनाव समाजवादी पार्टी जीतेगी क्योंकि जनता भाजपा की नीतियों से बहुत ही परेशान है, वो नवजवान हो चाहे छात्र हो या किसान सभी लोग परेशान हैं चौतरफा एंटी बीजेपी माहौल है , सपा किसानो की हितैषी पार्टी है हमारी पार्टी कहीं से किसानों का अहित नहीं चाहती । पत्रकार वार्ता के बाद नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित पांच नंबर चौराहा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं चुनावी फीडबैक लिया तथा कार्यकर्ताओं में उपचुनाव को लेकर चर्चा की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारगंज विकास सिंह छोटू, जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, आनंद सिंह मिंटू, आजाद सिंह चौहान, सिराज अहमद सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रक्षाबंधन पर अयोध्या डिपो की बसों से 15,351 बहनों ने की निश्शुल्क यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या। रक्षाबंधन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर बहनों को दिए गए बसों मे फ्री यात्रा के तोहफे का लाभ अयोध्या डिपो से 15351 महिलाओं ने फ्री यात्रा कर प्राप्त किया। इस यात्रा में भाड़े के रूप मे आने वाले 17 लाख 80 हजार दो सौ 9 रुपए का व्यय उत्तर प्रदेश सरकार वहन करेगी। रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं के लिए योगी सरकार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश परिवहन से माताओं और बहनों की यात्रा की। निःशुल्क रोडवेज से यात्रा 18 अगस्त की रात 12 से 19 अगस्त रात 12~ बजे तक प्रदेश के किसी भी रूट पर, किसी भी श्रेणी (एसी या साधारण) की बस में मुफ्त यात्रा की योगी सरकार ने प्रदेश की माता बहनों के लिए रक्षाबंधन पर उपहार दिया था। प्रभारी एआरएम योगेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या डिपो से 100 बसों को रक्षाबंधन के लिए स्पेशल ड्यूटी पर लगाया गया था। इन रूटों पर चलाई गई बसें प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रयाग, अंबेडकर नगर, बस्ती, बनारस, गोरखपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, कानपुर, गोण्डा, बाराबंकी, अमेठी, अकबरपुर व अन्य रूटों पर बसों का संचालन किया गया था। रक्षाबंधन पर अयोध्या डिपो की बसों से फ्री यात्रा करने वाली बहनों का किराया 17 लाख 80 हजार दो सौ 9 रुपए हुआ था जिसका भुगतान प्रदेश सरकार करेगी।

मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन 28 अगस्त को

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या । शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह जुलाई, 2024 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 28 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया है। राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 11 बजे से 01 बजे तक, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 04 बजे से 06 बजे तक व कानून-व्यवस्था की समीक्षा सायं 06 बजे से 07 बजे तक की जाएगी।अधिकारीगण स्वयं बैठक में प्रतिभाग करें। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मण्डल विजय कुमार ने दी है।

किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या। विकास भवन सभाकक्ष में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान दिवस में बिन्दुवार किसानों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान का निर्देश दिया गया ।माह के तीसरे बुधवार को होने वाले किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन द्वारा बिन्दुवार किसानों की समस्याओं को रखा गया पिछले माह की समस्याओं के अनुपालन आख्या पर बिन्दुवार चर्चा की गई गलत आख्या देने पर आपत्ति की गई जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गुणवत्ता पूर्वक समस्याओं का समाधान करके सही-सही रिपोर्ट देने का निर्देश दिया और स्थल का वीडियो रिकॉर्डिंग बनाने का भी निर्देश दिया अनपेड गन्ना मूल्य के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने कहा कि अनपेड गन्ना मूल्य व गन्ना मूल्य का संपूर्ण भुगतान कर दिया गया है गन्नासर्वे के लिए जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि

सितंबर माह में गन्ना समिति स्तर पर किसान मेला लगाया जाएगा जिसमें समस्याओं का समाधान किया जाएगा नैनो यूरिया के नाम पर गन्ना मूल्य से काटे गए रुपए की जांच जिला कृषि अधिकारी को सोप गई है। अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय ने बताया कि दर्शन नगर उतरी गेट के आगे लाइन ठीक कर दी गई है, ग्राम दौदहा का ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव मध्यांचल मुख्यालय भेजा गया है राजकीय नलकूपों पर कोई अवैध कब्जा को हटाने का मुद्दा उठाया गया अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए जिसके कारण अधिशासी अभियंता नहर को जांच सौंप गई। छुट्टा जानवरों के सवाल पर मुख्य पशु अधिकारी ने बताया कि जानवरों की गणना की जा रही है जिसमें पालतू जानवर, छुट्टा जानवरों व गौशालाओं के जानवरों की गणना की जाएगी। मुख्य मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 83 गौशालाओं का निर्माण हो चुका है छोटा जानवरों को गौशालाओं में संरक्षित किया जाएगा ग्राम रामनगर थाना कोतवाली बीकापुर में आतंक मचा रहे सांड को अविलम्ब पकड़ने का निर्देश दिया गया ।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि कृषि से संबंधित सभी अधिकारी जिसमें चकबंदी,नाबार्ड व सभी उप जिलाधिकारी को भी किसान दिवस में बुलाया जाए जिसकी स्वीकृति मुख्य विकास अधिकारी ने दिया है किसानों की तरफ से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, शंकरपाल पांडे, भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, रवि शंकर पांडे, संतोष वर्मा, राम अवध किसान, रामबचन, जगदीश यादव, कामता वर्मा, रामू चंद विश्वकर्मा, रविंद्र मौर्य, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, सुनीता देवी, बाबूराम तिवारी,राजेश मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे, डॉ0 आर0एस0 सरोजओमप्रकाश पांडेय, राज बहादुर वर्मा, झिन्कू अली, जय लाल चौधरी सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

सामाजिक कार्यो में आगे रहने वाले सहज भाषी संगीत प्रेमी राजेश नन्द का लम्बी बीमारी के बाद निधन

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या । जनवादी लेखक संघ के वरिष्ठ सदस्य व नन्द कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक सामाजिक कार्यो में आगे रहने वाले सहज भाषी संगीत प्रेमी राजेश नन्द जी का लम्बी बीमारी के बाद कल शाम को अचानक ह्रदयगति रुक जाने से निधन हो गया,जिससे पूरे जनवादी परिवार में शोक की लहर है।

शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन व जलेस के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि सामाजिक ,राजनीतिक व साहित्यिक योध्या थे राजेश नन्द जी,उनका जाना बड़ी क्षति है जिसकी भरपाई कर पाना असंभव है।उनके निधन की खःबर से पूरा साहित्यिक,सामाजिक

समाज मे शोक की लहर पैदा हो गई।राजेश नन्द नन्द कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक थे,और सभी समाजिक मुद्दों को लेकर बहुत सजग थे और समय समय पर आवाज भी बुलंद करते थे।उन्होंने अपने पीछे चार बेटे,पत्नी और बहुओं को छोड़ गए।उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे जमथरा घाट पर होगा।उनके आवास पर संगठन के डाक्टर विशाल श्रीवास्तव,घनश्याम जी,ज्ञान यादव,महावीर पाल,मुजम्मिल फिदा,डाक्टर नीरज सिन्हा नीर,राजीवः श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह,जय प्रकाश श्रीवास्तव,ऊष्मा वर्मा, धीरज द्विवेदी,अजय बाबा,आनंद अन्नू,सीपीआई जिला सचिव अशोक तिवारी,माले नेता उमाकांत विश्वकर्मा,पप्पू सोनकर,खेत मजदूर संगठन के प्रांतीय नेता शैलेन्द्र सिंह,किसान नेता विनोद सिंह,माहिर जी,रामदुलारे यादव,रामजी तिवारी,शिवधर दुवेदी सहित कई साथी शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति का चयन

लोकमित्र ब्यूरो
पूरा बाजार-अयोध्या। आगामी 4 व 5 सितंबर 2024 को बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार के प्रांगण में प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है आयोजन समिति के मीडियाकर्मियों प्रभारी सुरेश दुबे ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन कर उन्हें अलग-अलग दायित्व सौपा गया है।उन्होंने कहा कि आयोजन समिति में देवेंद्र सिंह संरक्षक ,दीप कुमार पांडेय अध्यक्ष, व अनूप कुमार वर्मा आनंद सिंह उमेश निषाद सूरज वर्मा संतोष पासवान को उपाध्यक्ष बनाया गया है सतीश कुमार सिंह पिंटू को महासचिव तथा राकेश निषाद राम सुख वर्मा अजीत गौड़ राजेश कुमार अंकित मौर्य को सचिव बनाया गया है प्रमोद कुमार सोनी को

कोषाध्यक्ष नामित किया गया है तथा कबड्डी रस्साकसी व वॉलीबॉल को खेल प्रतियोगिता में शामिल किया गया है आयोजन समिति के संरक्षक देवेंद्र सिंह की अगुवाई में आयोजक समिति के सदस्यो ने खेल मैदान का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया।

भित्ति चित्रकला भारत की प्राचीन थातीः कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में 20 दिवसीय भित्तिचित्र कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। ललित कला विभाग, प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग तथा फैशन डिजाइनिंग विभाग के संयुक्त संयोजन में आयोजित कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने हनुमान जी के चित्र में रंग भरकर शुभारम्भ किया। कुलपति ने बताया कि भित्ति चित्रकला सबसे पुरानी चित्रकला है। इसमें रचनाधर्मिता के लिए काफी अवसर होते है। इससे छात्रों में चित्रकला को निखारने का पर्याप्त अवसर होता है। भित्ति चित्रकला भारत की प्राचीन चित्रकारी की थाती है। कुलपति प्रो0 गोयल ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला में सहभागी विद्यार्थियों द्वारा दीवारों पर कलाकृतियों को उकेर कर यादगार बनायेंगे और आम जनमानस आकर्षित करेंगे। ललित कला के समन्वयक डॉ0 सुरेंद्र मिश्र, डॉ0 सरिता द्विवेदी, सरिता सिंह, रीमा सिंह, विनीता पटेल, शालिनी पांडे, इंजीनियर रवि तिवारी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आगामी लोक अदालत को लेकर मेजिस्ट्रेटों के साथ हुई बैठक

अयोध्या। 14 सितंबर को होने वाली लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने दीवानी न्यायालय के कई मजिस्ट्रेट के साथ बुधवार को बैठक किया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन पर दीवानी न्यायालय अयोध्या परिसर में 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय के सभी मजिस्ट्रेट के साथ विश्राम कक्ष में विचार विमर्श किया गया साथ ही अधिक से अधिक मुकदमों को निस्तारित किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंशु माली पाण्डेय , अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम दास जायसवाल , प्रत्यूष आनन्द मिश्रा , नावेद मुजफ्फर , एकता सिंह, ऋचा अवस्थी, सुलोचना वर्मा आदि मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

गर्भाधान संस्कार से शिशु में दिव्य गुण का होता है विकास

लोकमित्र ब्यूरो
अयोध्या। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या के नेतृत्व में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान के तहत गुरु कृपा पैलेस अयोध्या में गर्भ संस्कार नामक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश समन्वयक डॉक्टर सुमित्रा श्रीवास्तव ने कहा कि गर्भ संस्कार शिशु का प्रथम संस्कार है इस संस्कार से शिशु में दिव्य गुण का विकास होता है शिशु का शारीरिक मानसिक भावनात्मक व्यक्तित्त्व का निर्माण गर्भ में ही तय हो जाता है इसी प्रथम संस्कार को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने गर्भाधान संस्कार का नाम दिया है जो कि गर्भ के तीसरे माह से संपन्न किया जाता है।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए समन्वयक अयोध्या नीरू तिवारी ने कहा कि गर्भाधान संस्कार द्वारा दैवीय वातावरण में गर्भवती महिला एवं उनके पति तथा पारिवारिक जनों को आहार बिहार आचार विचार एवं गर्भ विज्ञान का शिक्षण दिया जाता है।जोन समन्वयक देश बंधु तिवारी ने कहा कि पवित्र मंत्रों द्वारा गर्भस्थ शिशु में दिव्य गुण के विकास की कामना की जाती है।

गोष्ठी का शुभारंभ डॉ एस बी सिंह एवं नीलम मिश्रा ने गायत्री मंत्र के द्वारा मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप जला कर किया। इस अवसर पर मुकेश श्रीवास्तव अनीता तिवारी माधुरी तिवारी विद्या सिंह कंचन वर्मा विनीता पांडेय गायत्री वर्मा मनीराम वर्मा के के गुप्ता आदि गायत्री परिजन उपस्थिति रहे।

एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में छात्रों का हुआ परीक्षण

एनसीसी में चयनित होने के बाद छात्रों को मिलेगा विशेष ट्रेनिंग

बलरामपुर। बुधवार को सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज एवं गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती प्रक्रिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रांगण मैं आयोजित की गई । चयन प्रक्रिया लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजवार निगरानी में चल रही है।

परीक्षा में 1600 मीटर दौड़, पुशअप, चिनअप, सीटेप, रस्सी कूद, 5 मीटर सेटेल एवं लिखित परीक्षा कराकर भर्ती प्रक्रिया पुरी की जा रही है।भर्ती अधिकारी सूबेदार बी. एच. नायक एवं हवालदार कपिल बहादुर के कुशल अनुशासन एवं निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है द्य लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजवार ने भर्ती मे आए छात्र/छात्राओ को एनसीसी के लाभ बताए एवं लगन से एनसीसी के साथ पढाई दोनों करने

का टिप्स बताई है एनसीसी कैडेट चयन प्रक्रिया में विद्यालय के प्रधानाचार्य के पी यादव ने कहा कि नेशनल कैडेट कोर एक तरीके से सैन्य अभ्यास का प्रशिक्षण है इसे प्राप्त करने के बाद छात्र-छात्राओं को जहां सेवा में जाने का अवसर मिलता है वहीं पर कुशल अनुशासन एवं राष्ट्र प्रेम की भी सीख मिलती है।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक एवम सेकेंड अधिकारी आनंद किशोर चौधरी महेंद्र कुमार त्रिपाठी सौम्य मिश्रा आदि का एनसीसी भर्ती कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा है। विद्यालय एवं महाविद्यालय के तमाम छात्रों ने एनसीसी में रुचि दिखाते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए हैं।

ग्राम पंचायत भवन में लगा सोलर पैनल को खोल ले गए चोर

बल्दीराय/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र बल्दीराय के अन्तर्गत ग्राम बीही में बने ग्राम पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल वीती रात को अज्ञात चोरो ने खोल लिया सुबह जब ग्रामीणो ने देखा तो सूचना ग्राम प्रधान को दी चोरो ने सोलर पैनल के साथ पंचायत भवन में खड़ी कूड़ा गाड़ी का चार्जर केविल जग भी उठा ले गए

ग्राम प्रधान किरन ने इसकी लिखित सूचना तत्काल थाना बल्दीराय में देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि ग्राम प्रधान की ओर से लिखित तहरीर मिली है पुलिस छानबीन कर रही है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

जेल विजिटर ने जेल अधीक्षक को भेंट की सेवा पथ पुस्तक

अपराध निरोधक कमेटी टीम ने जेल विजिटर के साथ कैदियों से की मुलाकात

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक कमेटी चेयरमैन के निर्देश पर जेल विजिटर एवं सचिव शैलेश कुमार ने जिला कारागार में रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक को अपराध निरोधक कमेटी सचिव ने सेवा पथ पुस्तक भेट कर सम्मानित किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों से जेल विजिटर में मुलाकात की उनके खान-पान एवं दैनिक दिनचर्या से रूबरू हुए जिला एवं गैर जिले से आई हुई महिला बहनों ने कैदियों के हाथों में राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की है जेल विजिटर ने कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य जिला कारागार में किसी भी कैदी के साथ कोई दुर्व्यवहार न होने पाए उन्हें ऐसी सीख मिले कि भविष्य में वह दोबारा जिला कारागार में न आने पाए।

कैदियों के साथ कोई भेदभावपूर्ण व्यवहार न होने पाए। जेल विजिटर शैलेश कुमार ने कैदियों से मुलाकात करते हुए उनसे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही साथ उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्य व्यवहार में परिवर्तन लाते हुए अपराध की दुनिया से दूर होकर शांतिपूर्ण सौहार्द्धपूर्ण तरीके से जीवन यापन करने के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान अपराध निरोधक कमेटी के उपाध्यक्ष ग्रुप जी चौधरी उतरौला तहसील सचिव हाजी निसार उस्मानी सदस्य गिरधारी यादव सूरज चौहान मसीहुद्दीन खान मस्शू, अखिलेश कुमार दुबे अफजल मलिक कमाल पाशा गणेश आदि समिति सदस्य शामिल रहे हैं कार्यक्रम में जेल अधीक्षक को जेल विजिटर एवं अपराध निरोधक समिति सचिव शैलेश कुमार ने सेवा पथ पुस्तक देकर सम्मानित किया है।

करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। क्षेत्र के कदौली गांव में करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। सूचना पर खीरी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लेड़ियारी मजरा कदौली निवासी तेज नारायण गौतम(45) पुत्र मोलई राम गौतम घर के बरामदा में सो रहे थे। उठने पर बंद गेट खोलने लगे। दरवाजे के पास बिजली का तार लगा हुआ था। अचानक तार कट जाने से करेंट की चपेट में आ गए। अंदर परिजन लोग रहे। आवाज सुनकर आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार दो बजे की है। मृतक के दो लड़के और एक लड़की है। सबसे बड़ा पुत्र अमरेंद्र कुमार उम्र 18 वर्ष विराट कुमार 15 वर्ष का है। लड़की सुमन की शादी इस वर्ष कर चुके थे। इस घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया है। वहीं पत्नी पानकली देवी सहित स्वजनों का रो - रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकली जन आक्रोश रैली

जौनपुर। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हिंसा और अत्याचार के विरोध में हिन्दू रक्षा समिति के तत्वावधान में हजारों की संख्या में एक विशाल जन आक्रोश रैली का आयोजन हुआ। यह रैली गांधी तिराहे से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट, शेषपुर, जोगियापुर, ओलन्दगंज, शाही पुल तथा कोतवाली से होते हुए सद्भावना पुल स्थित श्री नवदुर्गा शिव मन्दिर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के प्रारम्भ में भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय, विश्व हिन्दू परिषद के विमल सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, प्रज्ञा प्रवाह के सन्तोष त्रिपाठी द्वारा अत्यन्त ऊर्जा से युक्त उद्बोधन दिया गया। सभी ने अपने वक्तव्य में बांग्लादेश में हो रहे अत्यन्त पीड़ायुक्त नरसंहार का विरोध किया और सो रहे हिन्दुओं को एकजुट होकर जागृत होने का संदेश दिया। सनातन संस्कृति, हिन्दू समाज, मठों इस सबकी रक्षा करने का आह्वान किया। वन्दे मातरम् और

भारत माता की जय के उद्घोष के साथ रैली का प्रारम्भ किया गया। इस रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अजीत जी, जिला प्रचारक रजत जी, प्रान्त प्रचारक प्रमुख रामचन्द्र जी, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधु प्रकाश शुक्ल, फलाहारी महाराज, सुशील मिश्र, दया निगम, अतुल मिश्र, नीरज श्रीवास्तव, सन्तोष सिंह, पंकज सिंह, डा. अमरनाथ पाण्डेय, डा. कीर्ति सिंह तथा विभिन्न संगठनों भारत विकास परिषद शौर्य, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, हिन्दू महासभा, व्यापार मण्डल, श्री दुर्गा पूजा महासमिति, जेसीआई, रोटरी, लायन्स सहित तमाम संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

कालेज की ई पत्रिका का नौवां अंक लोकार्पित

सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के नवें अंक का बुधवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ।

यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों , कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इसमें विद्यार्थियों पर विशेष सम्पादकीय है । यह अंक विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रयागराज मे व्याख्यान देंगे एसपी बृजेश

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) ब्रजेश कुमार मिश्र, आईपीएस दिनांक 23 अगस्त को व्याख्यान देने के लिए नाम चयनित हुआ है। यह नाम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, सर गंगानाथ झा परिसर, चंद्रशेखर आज़ाद पार्क प्रयागराज आयोजित होने जा रहा है।

यह जानकारी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. ललित त्रिपाठी द्वारा भेजे गए अपने आमंत्रण पत्र में कहीं है इसके अलावा विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसरों तथा शोधार्थियों को अपने द्वारा दिए गए व्याख्यान के तहत सम्बोधित करेंगे 7 पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण संस्कृत सप्ताह समारोह के निमंत्रण पत्र पर खुशी जाहिर की है। पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि आयोजित होने वाले व्याख्यान का यह क्षणं अविस्मर्णीय है, तथा संस्कृत विश्वविद्यालय में देवभाषा संस्कृत पर व्याख्यान देना मेरे लिए अत्यंत गौरवशाली पल होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया है।

नवजात कन्याओं को मारवाड़ी मंच ने तीज पर दिए उपहार

सुलतानपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच गोमती महिला शाखा सुल्तानपुर द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प कन्या भू संरक्षण के अन्तर्गत सावन महीने मे तीज का त्यौहार कन्याओं के लिए अनुपम रूप से राजकीय मेडिकल कालेज के महिला विभाग मे नवजात कन्याओ को कपड़ो का सेट खिलौने खाने पीने की सामग्री उनका सिधारा करके किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज के महिला विभाग के सुप्रिंडेंडेंट डॉक्टर आर.के यादव महिला शाखा की अध्यक्ष स्वाति अग्रवाल, महामंत्री छवि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नेहा अग्रवाल एवम आरती बंसल नीतू बंसल रचना मोरारिका, नेहा कनोडिया, नर्यातिका गर्ग उपस्थित रही। कार्यक्रम की कन्याओं की मां द्वारा बहुत सराहना की गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की एक सार्थक पहल गोमती महिला शाखा द्वारा की गई।

व्यापारी को नकली आभूषण थमा ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

महोबा। सोने के नकली आभूषण थमा कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से ठगी की रकम से 47 हजार 500 रुपए बरामद किए गए । पुलिस की पूछताछ में दो अन्य बदमाशों के नाम सामने आए हैं, पुलिस द्वारा उनकी तलाश तेज कर दी गई है।जनपद मुख्यालय के मुहाल मिल्कीपुरा निवासी जलील पठान द्वारा सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके वाटर प्लांट में 28 जुलाई को अज्ञात लोग आए और पानी का कैंपर खरीदा। इस दौरान उन्होंने खुद को रेलवे ठेकेदार बताते हुए रेलवे लाइन के दौरान खुदाई में सोना मिलने की बात बताई। एक अगस्त को हार के दो मोती जांच कराने के लिए दिए जो कि असली सोने के निकले। इसके बाद उन्होंने बीमारी का बहाना बनाकर तीन लाख रुपये ले लिए और जमानत के तौर पर हार दे गए। जो बाद में जांच कराने पर नकली निकला।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने दिल्ली निवासी जीवन गुजराती को जनपद मुख्यालय के पठा तिराहा से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 47 हजार 500 बरामद किए है और इसके साथ ही एक किलो 900 ग्राम के नकली आभूषण भी बरामद किए हैं । आरोपित ने घटना को अंजाम देने की बात कबूल करते हुए बताया कि उसके साथ कन्हैया और शांति भी ठगी करने में शामिल थे । सभी लोग मिलकर असली आभूषण दिखाकर लोगों को विश्वास में लेकर नकली आभूषण थमा देते थे। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में जुट गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में भटीपुरा चौकी प्रभारी सुजीत जायसवाल और कांस्टेबल करमवीर शामिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ करेंगे इस बार 5251वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ

सांसद हेमामालिनी की नृत्य प्रस्तुति देखेंगे सीएम योगी

मथुरा। 5251वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ 25 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ब्रजवासियों को बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज सहित 137 परियोजनाओं की सौगात देंगे। अगले दिन जन्माष्टमी पर जन्मस्थान पर दर्शन कर यहां से रवाना हो जाएंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बुधवार शाम दी है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास द्वारा इस बार 5251 वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महामहोत्सव का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 अगस्त की शाम मथुरा पहुंचेंगे। परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 अगस्त

की शाम डेम्पियर नगर स्थित पाच्चजन्य प्रेक्षागृह प्रांगण में विशालकाय वैलून आकाश में छोड़कर 5251 वें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसी के साथ ब्रज मंडल में 5 बड़े मंच, 19 छोटे मंच और 20 प्रमुख मार्गों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो जाएगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ब्रजवासियों को 583 करोड़ की 137 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, जबकि कई सौ करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें बरसाना रोप वे, यमुना में क्रूज, पाच्चजन्य प्रेक्षागृह, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, गोवर्धन तहसील भवन, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चौड़ीकरण, मथुरा वृंदावन मार्ग का चौड़ीकरण, मथुरा डींग मार्ग फोरलेन सहित आदि प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान सांसद हेमामलिनी की नृत्य प्रस्तुति होगी। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन मुख्यमंत्री जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भीड़ को देखते हुए 26 अगस्त को जन्मस्थान पर मुख्यमंत्री दर्शन कर मथुरा से रवाना हो जाएंगे।

एक शाम मां वांकल के नाम, रात्रि जागरण के बेनर का हुआ विमोचन

10 सितम्बर को एक शाम मां वांकल के नाम विशाल रात्रि जागरण का होगा आयोजन

बाड़मेर। बाड़मेर-अहमदाबाद रोड़ दुर्गा रेजीडेन्सी एन एच 68 पर स्थित वांकल माता मन्दिर में मंगलवार को एक शाम मां वांकल के नाम रात्रि जागरण के बेनर का हुआ विमोचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री वांकल धाम पैदल यात्रा संघ के सदस्य मुकेश मालू जिजनीयाली व सुनिल बोथरा ने बताया कि श्री वांकल धाम पैदल यात्रा संघ द्वारा बाड़मेर-अहमदाबाद रोड़ दुर्गा रेजीडेन्सी एन एच 68 स्थित श्री वांकल माता मन्दिर में 10 सितम्बर भादवा सुदी सप्तमी को एक शाम मां वांकल के नाम विशाल सामुहिक रात्रि जागरण का आयोजन होगा। रात्रि जागरण में ख्याति प्राप्त भजन गायक छोटूसिंह रावणा एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतितियां देंगे। मालू ने बताया कि 10 सितम्बर को होने वाली सामुहिक भव्य जागरण को लेकर तैयारियां जोरो पर चल रही है। मन्दिर परिसर को सजाया जा रहा है। रात्रि जागरण में हजारों माता के भक्त शिरकत करेंगे। बेनर विमोचन के दौरान राणामल बोथरा, पारसमल मालू कवास, मुकेश मालू जिजनीयाली, रोशन वडेरा, सुनिल बोथरा, महावीर संखलेचा, अंकित धारीवाल, हितेश सिंघवी, महावीर भंसाली, गौरव बोहरा, जितेन्द्र मालू, राजू बोथरा सूरत, राहुल सिंघवी, मूलचन्द बरड़िया, विनीत मेहता, भूरेश बोहरा सहित कई माताजी भक्त उपस्थित थे।

योजनाओं के समुचित लाभ से वंचित क्यों रह जाते हैं ग्रामीण? -राकेश प्रजापत

देश के विकास में सभी नागरिकों की एक समान भागीदारी बहुत मायने रखती है. केवल शहरी और औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की भूमिका भी विकास में प्रमुख रूप से होती है. फिर चाहे वह कृषि क्षेत्र हो या लघु उद्योग, देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने में सभी का बराबर का योगदान रहता है. इसके बावजूद शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है.

हालांकि सरकार की ओर से गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं. लेकिन जागरूकता और संसाधनों का अभाव समेत कई अन्य कारणों से ग्रामीण जनता इसका लाभ उठाने से पीछे रह जाती है. राजस्थान के अजमेर का नाचनबाड़ी गांव भी ऐसा ही एक उदाहरण है, जहां ग्रामीण सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से न केवल वंचित हैं, बल्कि कई स्तरों पर उन्हें इसकी जानकारियां तक नहीं है. जिस कारण यहां के लोग विकास की दौड़ में पिछड़ते जा रहे हैं.

इस संबंध में गांव की 55 वर्षीय सीता देवी अपने घर की हालत बयां करते हुए कहती हैं कि ÷पति और बेटा दैनिक मज़दूर है. प्रतिदिन मज़दूरी करने अजमेर शहर जाते हैं. आमदनी इतनी ही होती है कि किसी प्रकार गुज़ारा चल जाए. मकान आज तक पक्का नहीं बन सका है. न ही इसमें बिजली की व्यवस्था है. घर में शौचालय तक नहीं है. ज़रूरतमंदों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही किसी भी योजना का उन्हें बहुत अधिक पता नहीं है.÷ वह कहती हैं कि बीमारी के कारण मैं चलने फिरने से मजबूर हूं. लोग कहते हैं कि घर बनाने के लिए सरकार से पैसा मिलता है. लेकिन इसके लिए कहां जाना होगा? किसे आवेदन देनी होगी? यह बताने वाला कोई नहीं है. पति या बेटा इसके लिए दौड़ भाग नहीं कर सकते क्योंकि वह दोनों दैनिक मज़दूरी करते हैं. जिस दिन आवेदन के लिए भाग दौड़ करेंगे तो उस दिन की मज़दूरी कहां से आएगी? सीता देवी कहती हैं कि हम साक्षर नहीं है इसलिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से पीछे रह जाते हैं. वह कहती हैं कि हमारे कालबेलिया समुदाय में पहले की तुलना में सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक रूप से काफी बदलाव आया है. लेकिन अभी भी शिक्षा के प्रति बहुत अधिक गंभीरता नहीं है. जिसके कारण हमारा समाज विकास की दौड़ में पीछे रह जाता है.

गौरतलब है कि जिला के घूघरा पंचायत स्थित नाचनबाड़ी गांव में कालबेलिया समुदाय की बहुलता हैं. इन्हें सरकार की ओर से अनुसूचित जनजाति समुदाय का दर्जा प्राप्त है. यहां की पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार गांव में लगभग 500 घर हैं. गांव के अधिकतर पुरुष और महिलाएं दैनिक मज़दूरी करने अजमेर जाते हैं. कुछ स्थानीय चूना भट्ठा पर काम करते हैं. यहां से मिलने वाली मज़दूरी इतनी कम होती है कि उनके परिवार का मुश्किल से गुज़ारा चलता है. यही कारण है कि इस समुदाय के कई बुज़ुर्ग पुरुष और महिलाएं आसपास के गांवों से भिक्षा मांगकर गुज़ारा करते है. यह समुदाय कई दशकों तक खानाबदोश जीवन गुज़ारता रहा है. जिसके कारण इनका कोई स्थाई ठिकाना नहीं रहा था. लेकिन अब बड़ी संख्या में इस समुदाय के लोग नाचनबाड़ी और उसके आसपास के गांवों में स्थाई रूप से आबाद हो चुके हैं. हालांकि पूर्व में विस्थापन वाला जीवन गुज़ारने के कारण वर्तमान में किसी के पास भी खेती के लिए अपनी ज़मीन नहीं है.

इस समुदाय में बालिका शिक्षा की स्थिति अब भी बहुत अच्छी नहीं है. वहीं योजनाओं से लाभ प्राप्त करने की बात की जाए तो इसका स्तर भी बहुत कम नज़र आता है.

इसी समुदाय की एक अन्य महिला चरमू देवी कहती हैं कि ÷हमने सुना है कि घर बनाने के लिए सरकार पैसा देती है. इसके लिए पंचायत में आवेदन देनी होती है. लेकिन हमारे समुदाय में बहुत कम लोग साक्षर हैं. इसलिए हमें आवेदन लिखने की जानकारी नहीं है.÷ वह कहती हैं कि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है? इसका मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं है. साक्षर नहीं होने का समुदाय को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है. वह कहती हैं गांव में एक स्कूल है. जहां पांचवी तक पढ़ाई होती है. इसके आगे की शिक्षा के लिए दो किमी दूर घूघरा जाना होता है. जहां लड़के तो चले जाते हैं लेकिन माता-पिता लड़कियों की शिक्षा बंद करवा देते हैं. वहीं दिव्यांग पप्पू नाथ कालबेलिया बताते हैं कि उनका पूरा परिवार एक छोटी झोपड़ी में रहता है. न तो उसमें बिजली और न ही पानी की व्यवस्था है. किसी प्रकार गुज़ारा चलता है. उन्होंने दिव्यांग पेंशन स्कीम और प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त अन्य किसी योजनाओं का नाम भी नहीं सुना है. वह कहते हैं कि ÷दिव्यांग होने के कारण गांव के कुछ लोग उन्हें इन योजनाओं की जानकारियां देकर चले गए लेकिन इसे कैसे शुरू कराया जाए और कहां आवेदन जमा किया जाए? इस संबंध में मदद करने वाला कोई नहीं है.

रमेश नाथ कालबेलिया कहते हैं कि उनकी तीन बेटी और एक बेटा है. सभी को उन्होंने उच्च शिक्षा दिलाया है. हालांकि 12वीं के बाद ही उन पर समुदाय की ओर से लड़कियों की शादी कराने का दबाव बढ़ने लगा था. ऐसा नहीं करने पर उन्हें समुदाय से बेदखल करने की बात भी कही गई थी.